सूर्योदय : 6:55
सूर्यास्त : 5:25
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-206 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 05 जनवरी 2024
22 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पीएमश्री स्कूलों के आधुनिकीकरण का किया शुभारंभ

# प्रदेश का बीता कुछ समय अंधकार युग था: योगी

**नया विजन**

- **सीएम योगी ने प्रदेश के स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित किए 404 करोड़ रुपये**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार कि जिस समय पूरी दुनिया कोरोना से ग्रस्त थी उस समय देश की 140 करोड़ की आबादी को बचाने के साथ ही नई शिक्षा नीति की आधार शिला रखी और नए विजन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

पीएमश्री स्कूल योजना इसी दिशा में एक कदम है। कई बार योजना की घोषणा के बाद काम में समय लगता है लेकिन यहां शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पूरी टीम के साथ आए हैं। प्रदेश के पांच करोड़ बच्चों के लिए नई योजना शुरू होगी। इस योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 928 विद्यालय चयनित किए गए हैं। इसके तहत 1 से 12वीं क्लास तक अपग्रेड करेंगे। मुख्यमंत्री योगी बृहस्पतिवार को लखनऊ के लोकभवन में 404 करोड़ रुपये की धनराशि से पीएम श्री स्कूलों के आधुनिकीकरण का शुभारंभ एवं प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण हेतु 347 करोड़ रुपये की धनराशि का अंतरण तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत समूह ख के नवचयनित अधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह हमेशा ही सवाल रहा है कि गरीब का बच्चा जहां पढ़ता है वहां सुविधा, शिक्षक और कनेक्टिविटी नहीं है। पहले विद्यालय बंद होने के कगार पर थे। हर कोई चाहता है कि उसका बच्चा पढ़ लिख ले। आज यूपी में बेसिक के 96 प्रतिशत विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प में अपग्रेड किया गया है। क्लास, शौचालय, लैब और स्मार्ट क्लास बनवाई गई है। इनमें सभी वं छात्र, अधिकारी और नेता सभी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने ड्रॉपआउट रोकने के लिए भी प्रयास किया। स्कूल चलो अभियान शुरू किया। इससे हर शिक्षक, अधिकारी और जन प्रतिनिधि जुड़े। हमने लोगों को आधार से जोड़ने का काम किया। स्कूलों में 40 लाख बच्चे बढ़े हैं।

### शिक्षा मंत्री बोले, दुनिया राममय है

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कारण प्रभु श्रीराम के दिव्य भव्य मंदिर के लोकार्पण की घड़ी आ गई है। पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। यूपी इसका केंद्र बिंदु है। दुनिया राममय है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की उपस्थिति में हाल में मुख्य सचिव की बैठक हुई थी। प्रोजेक्ट कायाकल्प की भी इस बैठक में चर्चा हुई थी। मैं मुख्यमंत्री योगी को नई शिक्षा नीति और ऑपरेशन कायाकल्प हूबहू लागू करने के लिए बधाई देता हूं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश में 26 करोड़ बच्चे पढ़ते हैं।

# केपटाउन टेस्ट में भारत की जीत



**107** ओवर चला इतिहास का सबसे छोटा टेस्ट मैच

**07** विकेट से भारत ने जीता मैच 92 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त

**केपटाउन।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में सात विकेट से जीत हासिल की। यह मुकाबला सिर्फ 107 ओवर में खत्म हो गया। इसका मतलब है कि इस मुकाबले में सिर्फ 642 मान्य गेंदें (नो और वाइड बॉल को छोड़कर) की गईं। इससे पहले 1932 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच मैच 109.2 ओवर में खत्म हो गया था। यह मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीता था। गुरुवार को मैच के दूसरे दिन टीम इंडिया ने 79 रन के लक्ष्य को तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही भारत ने इतिहास रच दिया। उसने पहली बार केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर टेस्ट मैच में जीत हासिल की है। 31 साल तक भारत को इस जीत के लिए इंतजार करना पड़ा।रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया को पहले मैच में पारी और 32 रन से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था।

# लक्षद्वीप की शांति और सुंदरता के मुरीद हुए प्रधानमंत्री मोदी

**झलकियां**

- **समुद्र में लगाई डुबकी, तट पर खिंचवाई तस्वीरें**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप की अपनी यात्रा के अनुभव को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया। प्रधानमंत्री ने वहां 1,156 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था।

उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि हाल ही में मुझे लक्षद्वीप के लोगों के बीच रहने का अवसर मिला। मैं अभी भी इसके द्वीपों की अद्भुत सुंदरता और यहां के लोगों की अविश्वसनीय गर्मजोशी से आश्चर्यचकित हूं। मुझे अगत्ती, बंगाराम और कावारत्ती में लोगों से बातचीत करने का अवसर मिला। मोदी ने आगे कहा कि मैं द्वीप के लोगों को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं। यहां कुछ झलकियां दी गई हैं, जिनमें लक्षद्वीप की हवाई झलकियां भी शामिल हैं। उन्होंने तस्वीरों का साक्षा करते हुए लिखा कि प्राकृतिक सुंदरता के अलावा, लक्षद्वीप की शांति भी मंत्रमुग्ध कर देने वाली है। इसने मुझे इस बात पर विचार करने का अवसर दिया कि 140 करोड़ भारतीयों के कल्याण के लिए और भी अधिक मेहनत कैसे की जाए। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप में हमारा ध्यान उन्नत विकास के माध्यम से जीवन का उत्थान करना है। प्रधानमंत्री ने यह भी लिखा कि भविष्य के बुनियादी ढांचे के निर्माण के अलावा, यह बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, तेज़ इंटरनेट और पीने के पानी के अवसर पैदा करने के साथ-साथ जीवंत स्थानीय संस्कृति का जश्न मनाने के बारे में भी है।

### हिज्बुल का वांछित आतंकवादी जावेद अहमद दिल्ली से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हिजबुल मुजाहुद्दीन के एक आतंकी को गिरफ्तार किया है जो जम्मू कश्मीर की कई आतंकी घटनाओं में शामिल था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर आतंकी को अरेस्ट कर लिया। पकड़े गए आतंकी का नाम जावेद मट्टू बताया जा रहा है। पुलिस के साथ एनआईए की टीम भी इस आतंकी की तलाश में थी। बताया जा रहा है कि जावेद अहमद मट्टू आतंकी संगठन हिजबुल का कमांडर है। जावेद मट्टू पर 5 लाख का इनाम घोषित किया गया था। यह आतंकी पाकिस्तान भी जा चुका है। यह जम्मू-कश्मीर के सोपोर का रहने वाला है। हाल ही में सोपोर में उसके भाई ने घर में तिरंगा लहराया था जोकि काफी वायरल हुआ था। बताया जा रहा है कि यह आतंकी दिल्ली में कोई बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।

# राहुल अब करेंगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**फैसला**

- **110 जिले, 100 लोकसभा और 337 विधानसभा सीटें होंगी कवर**
- **भारत जोड़ो यात्रा कर चुके है राहुल गांधी**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 14 जनवरी से शुरू होने वाली राहुल गांधी के नेतृत्व वाली मणिपुर से मुंबई तक की यात्रा का नाम बदल दिया है।

अब इसे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के नाम से जाना जाएगा। यात्रा अरुणाचल प्रदेश समेत 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुइ बैठक में यह फैसला किया गया। इसमें पार्टी महासचिव, राज्य प्रभारी, राज्य इकाई प्रमुख और कांग्रेस विधायक दल के नेता मौजूद थे। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसकी घोषणा की। पहले यात्रा का नाम भारत न्याय यात्रा था। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस सभी भारतीय ब्लॉक नेताओं को इस यात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित करती है। इसके लिए निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 6,713 किलोमीटर से अधिक की यात्रा बसों और पैदल तय की जाएगी। इसमें 110 जिले, लगभग 100 लोकसभा सीटें और 337 विधानसभा क्षेत्र शामिल होंगे। उन्होंने दावा किया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा राजनीति के लिए उतनी ही परिवर्तनकारी साबित होगी, जितनी कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा हुई थी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने एक बैठक की. बैठक में 2024 के चुनावों की तैयारी और राहुल गांधी की मणिपुर से मुंबई के बीच निकाली जा रही यात्रा पर चर्चा हुई।

**86,713**
**किलोमीटर से अधिक की यात्रा बस और पैदल तय की जाएगी**

### मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट मामले की होगी सीबीआई जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट के मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं।

उपराज्यपाल ने मोहल्ला क्लिनिक में फर्जी टेस्ट मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की है। एलजी कार्यालय के मुताबिक दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी मरीजों के नाम पर पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट किए गए हैं। इससे पहले एलजी ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में कुछ जीवन रक्षक दवाओं सहित गैर-मानक दवाओं की खरीद और आपूर्ति की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। दिल्ली विभाग के स्वास्थ्य विभाग के तहत केंद्रीय खरीद एजेंसी से सरकारी अस्पतालों में इस तरह की नकली दवाईओं की आपूर्ति की गई थी।

# यूपी बोर्ड: 8264 केंद्रों पर होगी बोर्ड परीक्षा, जारी की गई अंतिम सूची

**तैयारियां**

- **बालकों की 15,71,687 और बालिकाओं की संख्या 13,75,637 है**



**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के लिए केंद्रों की अंतिम सूची जारी हो गई। परीक्षा के लिए इस बार 8264 केंद्र प्रदेश में बनाए गए हैं। जिसमें 55,08,206 दसवीं और बारहवीं के पंजीकृत विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से 2024 बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारियां तेजी से चल रही है, लेकिन परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी करने में निर्धारित समय से अधिक समय लग गया। यूपी बोर्ड ने बृहस्पतिवार को बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी। बोर्ड की तरफ से कहा गया है कि इसके बाद कोई भी नया केंद्र नहीं बनाया जाएगा। जनपदीय समिति से केंद्र निर्धारित हो जाने के बाद जारी केंद्रों की सूची में सबसे अधिक परीक्षा केंद्र प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिलों में बनाए गए हैं। प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत शामिल जिलों में कुल 2408 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां दशवीं और बारहवीं के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत मेरठ में 1528, बरेली 893, वाराणसी 2084 और गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिलों में कुल 1351 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इस बाद की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 55,08,206 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें दसवीं में परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 29,47,324 है। इसमें बालकों की संख्या 15,71,687 और बालिकाओं की संख्या 13,75,637 है। इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 25,77,964 है।

**आंकड़े**

## नड्डा, संजय सिंह का कार्यकाल होगा खत्म

# रिटायर होंगे 68 राज्यसभा सदस्य

**तैयारियां**

- **9 केंद्रीय मंत्रियों का कार्यकाल पूरा होगा**
- **सबसे ज्यादा यूपी से 10 सीटें खाली होंगी**



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के 68 सांसद इस साल अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। जिन 68 सांसदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है उनमें केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव और स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मडाविया के नाम हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 57 नेता अप्रैल में अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 10 सीटें खाली होंगी। इसके बाद महाराष्ट्र और बिहार में छह-छह, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में पांच-पांच, कर्नाटक और गुजरात में चार-चार, दिल्ली, ओडिशा, तेलंगाना, केरल और आंध्र प्रदेश में तीन-तीन, झारखंड और राजस्थान में दो-दो और उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, सिक्किम और छत्तीसगढ़ में एक-एक सीटें खाली होंगी। दिल्ली में तीन सीटों के लिए चुनाव होंगे। यहां जेल में बंद आप नेता संजय सिंह, नारायण दास गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता 27 जनवरी को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। सिक्किम में एकमात्र राज्यसभा सीट के लिए भी चुनाव कराया जाएगा। सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के सांसद हिशे लाचुंगपा 23 फरवरी को सेवानिवृत्त होंगे।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का भी कार्यकाल इसी साल खत्म हो रहा है जो वर्तमान में अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य हैं। दोबारा सांसद बनने के लिए भाजपा अध्यक्ष को हिमाचल के बाहर चुनाव लड़ना होगा क्योंकि वहां कांग्रेस के सत्ता में आने से भाजपा आंकड़ों में पीछे चली गई है। पिछले मई 2023 में कर्नाटक तो दिसंबर 2023 तेलंगाना में कांग्रेस सत्ता में आई थी। इन जीतों के साथ पार्टी दोनों राज्यों से भी अपने उम्मीदवारों को संसद के उच्च सदन में भेजने की उम्मीद कर सकती है। कर्नाटक में चार और तेलंगाना में तीन राज्यसभा सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों में मनमोहन सिंह और भूपेन्द्र यादव (राजस्थान), अश्विनी वैष्णव, बीजद सांसद प्रशांत नंदा और अमर पटनायक (ओडिशा), भाजपा प्रवक्ता अनिल बलूनी (उत्तराखंड), मनसुख मंडाविया और मत्स्य पालन मंत्री परषोत्तम रूपाला और गुजरात से कांग्रेस सांसद अमी यागिनक कांग्रेस और नारणभाई राठवा शामिल हैं।


सूचना का अधिकार

पारदर्शिता
जवाबदेही
भ्रष्टाचार निषेध

उत्तर प्रदेश सूचना आयोग

शिकायतों एवं द्वितीय अपीलों की
ई-फाइलिंग एवं ऑनलाइन सुनवाई की सुविधा के लिए

सॉफ्टवेयर (CATS-UPSIC)
एवं
मोबाइल ऐप
(कंप्लेंट व अपील ट्रैकिंग सिस्टम-उ.प्र. स्टेट इनफार्मेशन कमीशन)

का
शुभारंभ

द्वारा
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

दिनांक : 5 जनवरी, 2024 | समय : सायं 5:30 बजे
स्थान : आरटीआई भवन, 7/7A विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# कलेक्ट्रेट में ई-खसरा पड़ताल का वर्चुअल शुभारम्भ की हुई लाइव स्ट्रीमिंग



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** हर खेत में होने वाली पैदावार के सटीक आंकड़े जुटाने के उद्देश्य से कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को कलेक्ट्रेट में रबी 2023-24 मे एग्रीस्टैक योजना के तहत ÷ई-खसरा पड़ताल÷ का शुभारम्भ की लाइव स्ट्रीमिंग एवं आमुखीकरण प्रशिक्षण का कार्यक्रम हुआ।

जनपदीय कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, एडीएम संजय कुमार सिंह के संग दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों के जीवन में खुशहाली की नई राह खोलेगा। डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से फसलों के जो आंकड़े प्राप्त होंगे, उससे कृषकों के लिए योजना बनाने में बहुत सुविधा प्राप्त होगी। इन आंकड़ों के आधार पर किसानों के लिए जरूरी और उपयोगी योजनाओं को तैयार किया जा सकेगा, जो कृषकों के लिए लाभकारी होगा। इसके अलावा डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से प्राप्त होने वाले आंकड़ों से जहां एक और कृषकों को लाभ प्राप्त होगा, वहीं सरकार और उपभोक्ता सभी इससे लाभान्वित होंगे। डीएम ने कहा कि सर्वे कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है।

अतः समस्त अधिकारी-कर्मचारी संवेदनशील होकर कार्य करना सुनिश्चित करें।सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में कृषि समेत कई सेक्टर्स क्षेत्र में गत 10 वर्षों में कई रिफॉर्म हुए। डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसान भाइयों का विश्वास बढ़ेगा।

यह किसानों के हित और समृद्धि के लिए लिया गया बड़ा कदम है।एडीएम संजय कुमार सिंह ने ई-पड़ताल के फायदें बताते हुए कहा कि प्राप्त आंकड़ों का उपयोग प्लानिंग टूल के रूप में किया जाएगा, इससे ना केवल फसल के सटीक आंकड़े प्राप्त होंगे और रियल टाइम होंगे, बल्कि किस फसल का उत्पादन कम है या अधिक होगा, इसकी जानकारी पहले से होने से कार्यवाई की जा सकेगी। सटीक रिपोर्टिंग से जनपद के कृषि सेक्टर की जीडीपी भी बढ़ेगी।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सर्वे में अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

अच्छा कार्य करने वाले कर्मियों के अनुभवों को अन्य कर्मियों के साथ साझा किया जाये, ताकि अन्य कर्मी भी प्रेरित होकर कार्यों में तेजी लायें।डीडी (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र ने एग्री स्टेक (ई-खसरा पड़ताल) के महत्व को समझाते हुए इससे होने वाले लाभ विस्तार से बताए।

ई खसरा पड़ताल के अभिमुखीकरण कार्यक्रम में नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक, पंचायत सहायक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## डीएम ने कार्मिकों संग किया लंच, बढ़ाया उत्साह

कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि एवं राजस्व विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ई-खसरा पड़ताल के अभिमुखीकरण कार्यक्रम में प्रशासन की ओर से कार्मिकों को लंच पैकेट वितरण के दौरान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह का एक और अनोखा अंदाज देखने को मिला। डीएम ने अधीनस्थ अधिकारी और कार्मिकों के साथ वितरित किए गए लंच पैकेट के भोजन को ग्रहण कर जहां एक और भोजन की गुणवत्ता चेक की वही दूसरी ओर कार्मिकों का उत्साह बढ़ाया।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया संकटा देवी चौराहा से सदर चौराहे तक पैदल भ्रमण



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश साहा द्वारा संकटा देवी चौराहा से सदर चौराहे तक पैदल भ्रमण किया गया, ज्ञात हो कि संकटा देवी चौराहे से सदर चौराहे पर नाला निर्माण का कार्य प्रगति पर है इसको दृष्टिगत रखते हुए इस मार्ग पर चार पहिया वाहन व ई रिक्शा के आवागमन को संकटा देवी चौराहा व सदर चौराहा पर बैरियर लगाकर कर प्रतिबंधित किया गया है पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात प्रभारी को संकटा देवी चौराहा व उसके आसपास अतिक्रमण हटाए जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे कुशल यातायात संचालन किया जा सके जिसके क्रम में यातायात पुलिस द्वारा संकटा देवी व रेलवे स्टेशन के आसपास अतिक्रमण को हटवाया गया, तथा निर्माण कार्य से संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर मार्ग से मिट्टी को यथाशीघ्र हटाए जाने हेतु बताया गया, जिससे आमजनमानस को इस मार्ग पर यातायात में कोई असुविधा न हो सके।

## मोहम्मदी में चोरों का आंतक बैखौफ चोर लगातार दे रहे चोरियों का अंजाम

### पुलिस चोरियों पर लगाम लगाने में नाकाम

**मोहम्मदी-खीरी।** पुलिस गश्त की खुली पोल जैसे-जैसे ठण्ड का प्रकोप बढ़ रहा है वैसे वैसे चोरो के हौसले बढ़ रहे है। नगर में बीते 15 दिनो से चोरियो की बाढ़ सी आयी हुई। ठण्ड के बढ़ते प्रकोप के कारण लोग सरे शाम अपने घरो में दुबकने को मजबूर हो जाते है। इस बात का फायदा चोर उठा रहे है। मोहल्ला सरैया निवासी शावेज खान उर्फ मुन्ना ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया कि उनकी ग्राम खेतहारा रोड पर तालाब के किनारे एक मढैया पड़ी है जिसमें उनका पम्पिंग सेट लगा था जिसे बीती रात आज्ञात चोर चोरी गये। पम्पिंग सेट की चोरी का पता शाावेज को प्रातः लगा तो वो दौड़ा-दौड़ा मढैया पर पहुंचा और पम्पिंग सेट की तालाश शुरू कर दी। इसी तलाश के उसे पता चला कि मोहल्ले के ही फरमान का ई-रिक्शा भी चोरी हो गया है तब शावेज व मोहल्ले के और लोग ग्राम खेतहारा तक चोरो की तलाश में गये ।तब वहां एक खेत में फरमान का ई-रिक्शा तो मिल गया परन्तु ई-रिक्शे में लगी चारो बैट्री गायब थी। मोहल्ले वालो ने जानकारी देते हुए बताया कि इससे पहले भी चोरो ने एक ठिलिया, चार कुंटल लाही, एक ई-रिक्शा व पांच मुर्गिया मोहल्ले से चोरी हो चुके है जिनकी सूचना पुलिस को दी गयी थी परन्तु पुलिस द्वारा इन चोरियो का आज तक खुलासा न किये जाने से चोरो के हौसले खासे बुलन्द है। चोरो के बढ़े हौसले से मोहल्ला सरैया सहित आस-पास के मोहल्ले भी चोरो का खौफ है।

## ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से निजी स्लीपर बस ने मारी टक्कर,13 वर्षीय लड़के की मौके

**लखीमपुर खीरी।** पलियाकलां क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह सड़क हादसा हो गया। पलिया-निघासन मार्ग पर बेला के पास सड़क किनारे खड़ी ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से निजी स्लीपर बस ने टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार 13 वर्षीय लड़के की मौके पर मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बस में सवार कई अन्य लोगों को मामूली चोट आई, जिन्हें मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया जानकारी के मुताबिक स्लीपर बस पंजाब के जालंधर से नानपारा बहराइच जा रही थी। बस में 50 से अधिक लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि पलिया-निघासन मार्ग पर सुबह घना कोहरा छाया हुआ था। कोहरे की वजह से बस चालक को सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली नहीं दिखा और बस उससे जा टकराई। टक्कर होते ही चीख-पुकार मच गई। हादसे में मरने वाले लड़के की पहचान नहीं हो पाई है। घायल नानपारा बहराइच के ही निवासी बताए गए हैं।

# सुनारो की दुकानों में चोरी करने वाला 25 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश गोली लगने से घायल, अवैध अस्लाहा किया बरामद

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** सुनारों की दुकानों की रेकी कर तिजोरी को गैस कटर से काटकर चोरी करने के आरोप में वांछित चल रहे एक शातिर 25 हजार के ईनामी बदमाश को थाना सरसावा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 01 तमंचा, 02 जिन्दा, 02 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 01 चोरी की बाईक बरामद हुयी है। अभियुक्त के खिलाफजनपद सहारनपुर व हरियाणा राज्य में लगभग दर्जन अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी सरसावा के नेतृत्व में रात्रि में पुलिस टीम द्वारा नकुड़ रोड पर शाहजहांपुर तिराहे के पास चैंकिग की जा रही थी, तभी नकुड़ की तरफ से यमुनानगर की ओर जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति मोटर साईकिल पर आते हुए दिखायी दी, जिसे रुकने का इशारा किया गया, तो बाईक सवार बदमाश ने अचानक से पुलिस टीम पर फायरिंग कर मोटर साइकिल घुमाकर ग्राम झरौली के खेतो की तरफ जाने वाले



खड़जे पर भाग गया। पुलिस टीम ने बदमाश का पीछा किया गया, तो हड़बड़ाहट के कारण कुछ दूरी पर जाकर बदमाश की मोटर साईकिल रपट कर गिर गई, जिससे बदमाश भी खड़ंजे पर गिर गया तथा पुलिस टीम को अपने करीब आता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से दोबारा फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसकी पहचान अभियुक्त अमन पुत्र सुरेश निवासी खानपुर थाना इन्द्री जिला करनाल (हरियाणा) के रूप में हुई। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा, 02 खोखा कारतूस 315 बोर तथा 01 चोरी की मोटर साईकिल बरामद हुई। अभियुक्त अमन थाना सरसावा से सुनार की दुकान में चोरी के प्रयास के प्रकरण में वांछित चल रहा था। पूर्व में इसके अन्य साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अभियुक्त अमन थाना छप्पर जिला यमुनानगर (हरियाणा) में 07 लाख की चोरी के मुकदमें में पूर्व में जेल जा चुका है। इस पर जनपद सहारनपुर व हरियाणा राज्य में लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त अमन उपरोक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त अमन ने बताया कि आज भी वह सुनार की दुकान की रेकी करने की नीयत से मोटर साइकिल लेकर हरियाणा से यूपी आ रहा था, तो पुलिस को चैकिंग करते हुए देखकर उसने पुलिस को नजदीक आता देख पुलिस टीम पर फायर कर दिया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक देवेश कुमार, हैड कांस्टेबल नितिन, अजय राठी, तरूण कुमार, कांस्टेबल विनीत कुमार, हरदयाल व अनुज कुमार शामिल रहे।

# अचानक धू धूकर जलने लगी 108 एम्बुलेंस मची अफरा तफरी



अवधनामा संवाददाता

**डलमऊ, रायबरेली।** अचानक शॉर्ट सर्किट से लगी आग से 108 एम्बुलेंस धू-धूकर जलने लगी , जद में आया अधीक्षक का कमरा एसी के साथ कई समान जलकर खाक हो गया। बृहस्पतिवार की सुबह डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एंबुलेंस 108 गाड़ी संख्या यूपी 32 ईजी 1493 खड़ी हुई थी। तभी अचानक एम्बुलेंस से आग की लपटे निकलने लगी,और धू-धू कर एंबुलेंस जलने लगी। एंबुलेंस के जलने पर परिसर में अफरा तफरी मच गई। मौजूद समस्त स्टाफ आग बुझाने लगा लेकिन आज बुझते बुझते एम्बुलेंस के पार्ट जलकर राख हो चुके थे। पायलट प्रांशु तिवारी व एमटी वीरेंद्र कुमार यह बताया कि गाड़ी कल ही बनकर आई हुई थी साल्ट सर्किट की वजह से गाड़ी में आग लगी जिसकी वजह से गाड़ी में काफी नुकसान हो गया है वही सीएचसी अधीक्षक नवीन कुमार की माने तो गाड़ी के साथ-साथ कमरे में लगी एसी जलकर राख हो गई, कमरे में लगभग पचास हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

## साईबर ठगी के शिकार पीड़ित को कराये 5 हजार रूपये वापिस

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली मण्डी की साईबर पुलिस टीम ने साईबर ठगी के शिकार हुए एक पीड़ित को 5000 रूपये वापस करायें। उल्लेखनीय रहे कि 12 दिसम्बर 2023 को कालीचरण पुत्र जयसिंह वर्मा निवासी मौहल्ला कम्बोह कटहरा थाना मण्डी ने अपने साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा 5000 रूपये की आनलाईन धोखाधड़ी होने के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज करायी गयी थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में साईबर अपराधो की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत थाना कोतवाली मण्डी प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली मण्डी पर गठित साईबर पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुये शिकायतकर्ता कालीचरण पुत्र जय सिंह वर्मा निवासी मौहल्ला कम्बोह कटहरा थाना मण्डी सहारनपुर के ठगे हुए 5000 रूपयों को होल्ड कराया गया तथा सम्बन्धित नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित किया। आज शिकायतकर्ता कालीचरण के 5000 रुपये वापस कराये गये। शिकायतकर्ता ने धोखाधडी में गई धनराशि वापस कराने पर थाना कोतवाली मण्डी पुलिस का आभार व्यक्त किया है। धोखाधडी में गई धनराशि को वापस कराने वाली साईबर पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह, ललित कुमार, शम्भू वर्मा, दिव्या मलिक व मीनू गिल शामिल रहे।

## जनपद में हुआ ई-खसरा पड़ताल का शुभारंभ

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा ई-खसरा पड़ताल का 75 जनपदों में शुभारंभ एवं आमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नवीन सभागार मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व जनपद में खरीफसीज़न में ई-खसरा पड़ताल का कार्य 10 ग्रामों में संपन्न किया गया, जिसके परिप्रेक्ष्य में अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित भी किया गया। जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड नागल ग्राम चन्देना कोली में आर.आई. नीरज तायल, लेखपाल अब्दुल कादीर एवं विकास खण्ड खण्ड रामपुर मनिहारान के ग्राम अम्बेहटा चांद में आर.आई. प्रदीप रोहिला व लेखपाल योगेश को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र के द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को निर्देश दिये गये कि ई-खसरा पडताल का कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कर लिया जाये इस कार्य को सबसे पहले पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को 26 जनवरी, 2024 को सम्मानित किया जायेगा।

## नाबालिग के साथ कुकर्म में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना गागलहेडी पुलिस ने नाबालिग के साथ कुकर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक थाना गागलहेडी सुनील नागर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने पोक्सो अधिनियम के वांछित अभियुक्त इसरार पुत्र जुल्फ्कार निवासी ग्राम सिरचन्दी थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड को गिरफ्तार किया। अभियुक्त को हिरासत पुलिस में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार सागर, पुष्पेन्द्र सिंह व कांस्टेबल नरदेव शामिल रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के तीन वांछित अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के 03 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब रहे कि 16 दिसम्बर को गुल मौहम्मद उर्फ कालू पुत्र मौ.जफ्र निवासी टैगौर गार्डन, पेपर मिल रोड व 03 अन्य व्यक्ति द्वारा सुसंगठित गिरोह बनाकर लूट व चोरी की घटनाएं घटित करने, जनता के लोगों के साथ मारपीट कर गाली गलौच कर भय व्याप्त करने के संबंध में थाना सदर बाजार विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कराया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अभियुक्त गुलमौहम्मद उर्फ कालू पुत्र मौं.जफ्र निवासी टैगौर गार्डन, पेपर मिल रोड, विकास कुमार पुत्र रामकुमार निवासी पेपर मील रोड व इस्तियाक अहमद उर्फइस्तियाक लोन पुत्र अहमद लोन निवासी न्यू टैगोर गार्डन कालोनी पेपर मिल रोड सहारनपुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजीव गौर, संजय मलिक, हैड कांस्टेबल ललित व कांस्टेबल अंकित शामिल रहे।

# दृष्टिबाधित बच्चों ने डॉ.लुईस ब्रेल की जयंती मनायी

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नेत्रहीन एवं विकलांग कल्याण शिक्षण संस्थान द्वारा नेत्रहीनों की शिक्षण पद्धति के अविष्कारक डॉक्टर लुईस ब्रेल की जयंती पर नेत्रहीन बालकों द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम व खेलकूद समेत ब्रेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

चंद्र विहार शुगर मिल रोड स्थित संस्थान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर लुइस ब्रेल के चित्र पर माल्यार्पण कर संस्थापक अध्यक्ष संजय शर्मा, सुषमा शर्मा, हिमांशु, मोहिनी कमल श्रीवास्तव, संदीप रावत, भारतीय मानवाधिकार जागृति संगठन के अध्यक्ष मुख्य अतिथि अशोक पुंडीर, कुलदीप सिंह पुण्डीर समाजसेवी, उपमा सिंह, हरप्रीत कौर, मिनाक्षी, वी.एस.चौहान, विजयपाल रावत द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक संजय शर्मा, सुषमा शर्मा, हिमांशु, अवनीश, प्रमोद, अमन शिवम द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया और बच्चों को मोमेंटो देकर भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय शर्मा ने कहा कि दृष्टि जैसी महत्वपूर्ण इंद्री से वंचित होने के बाद भी आज नेत्रहीनों ने हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। इसका श्रेय डॉ.लुइस ब्रेल को जाता है, जिन्होंने नेत्रहीन समाज को ब्रेल लिपि की सौगात देकर उन को जीवन की नई दिशा दी है। आज नेत्रहीन बैंक से लेकर रेलवे, एसएससी आईआईटी तक मे चयनित होकर कार्य कर रहे है। समाज सेवी कुलदीप सिंह पुण्डीर ने बताया ब्रेल लिपि के कारण इन नेत्रहीन विद्यार्थियों को भी शिक्षा पूर्ण करने का मौका मिला और आज यह अपने पैरों पर खड़े है। उन्होंने कहा कि नेत्रहीन की सेवा करना दुनिया का सबसे बड़ा पुण्य है।



कार्यक्रम में सुषमा शर्मा, डा.अवनीश शर्मा. प्रमोद, हिमांशु अंकुर ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से शौर्य पवन, शिवम, अनुज, अमन, मनीष, आशीष सैनी, नेत्रहीन बालको को पुरस्कार दिए गए। अध्यापक शिवम राजीव, सनी यादव, संजय शेरवाल को उनकी सेवाओ के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम अंकुर वंदना, खुशी, रेशमा, कमलेश, पुष्कर आदि लोग मौजूद रहे।

# 7 जनवरी को लगेगा विशाल स्वास्थ्य मेलाः विवेक मनोचा



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने बताया कि आगामी 7 जनवरी को एक विशाल मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जायेगा। शिविर का शुभारंभ प्रातः 11 बजे से आरंभ किया जायेगा।

रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन पर सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक में श्री मनोचा व श्री चावला ने बताया कि शिविर में देश के प्रसिद्ध मेदान्ता हॉस्पिटल गुडगांव के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की जायेगी। उन्होंने यह भी बताया शिविर में हृदय रोग, हड्डी रोग, श्वास रोग एवं जनरल फिजिशियन द्वारा मरीजों का निःशुल्क चेकअप व उपचार किया जायेगा तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्रदान की जायेगी। शिविर में लाभ लेने के लिए 6 जनवरी 2024 को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। उन्होंने बताया कि रजिस्टेऊशन कराने के लिए अम्बाला रोड स्थित चावला इलैक्ट्रानिक, ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल, लिंक रोड, नमीरा मेडिकोज प्रताप मार्किट चौक, नारंग स्वीट्स कोर्ट रोड, ठक्कर एजेंसीज पुल दालमंडी, अनिल प्रिटिंग प्रेस, भागमल जी गुरूद्वारे के निकट देहरादून रोड पर सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।

# निर्माण श्रमिकों एवं अनाथ बच्चे होंगे योजना से लाभान्वितः मण्डलायुक्त

### अटल आवासीय विद्यालय में निःशुल्क आवासीय शिक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा 20 फ़रवरी को प्रस्तावित

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने निर्देश दिये कि तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों द्वारा प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए नामित नोडल अधिकारी परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा का आयोजन मण्डल के तीनों जनपदों में किया जायेगा, जिसमें एक-एक परीक्षा सेन्टर, निरीक्षकों की डयूटी, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि की व्यवस्था की जायेगी। यह भी निर्देश दिये गये कि आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाये, जिससें जरूरतमंद एवं पात्र बच्चों को योजना का लाभ तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकें। मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर



यशोद आज यहां आयुक्त कार्यालय कक्ष में उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बालक एवं बालिकाओं तथा मण्डल के अनाथ बच्चों को अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम नंगला बुजुर्ग, तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक ले रहे थे। बैठक में अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा-6 में 140 एवं कक्षा 9 में 140 सहित कुल 280 बच्चों को प्रवेश कराये जाने हेतु बोर्ड मुख्यालय लखनऊ द्वारा निर्गत एसओपी के अनुसार आयोजित की जाने वाली परीक्षा के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी।

यह भी निर्देश दिये कि जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में गठित समिति जिसमें संयुक्त शिक्षा निदेशक, प्राचार्य डायट आदि अन्य अधिकारी को सम्मिलित कर परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र को एसओपी में दिये गये मापदण्ड के अनुसार तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिये गये कि एसओपी के अनुसार समस्त कार्यवाहियां ससमय पूर्ण करते हुए प्रवेश परीक्षा सम्पन्न करायी जाये। मण्डलायुक्त ने परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण कराये जाने के लिए संयुक्त निदेशक शिक्षा, सहारनपुर मण्डल एवं जिलों के विद्यालय निरीक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, विद्युत एवं वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था, जल एवं शौचालय की व्यवस्था, बाऊण्ड्रीवाल, प्रश्न पत्र रखे जाने वाले कक्ष में सीसीटीवी की व्यवस्था आदि समस्त सुविधाओं का उल्लेख करते हुए केन्द्रों की सूची तत्काल प्रस्तुत की जाए।

उप श्रमायुक्त अनुपमा गौतम द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि अटल आवासीय विद्यालय में 22 जनवरी तक आवेदन एवं 20 फ़रवरी 2024 को प्रवेश परीक्षा प्रस्तावित की गयी है। जिसमें पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं अनाथ हुए बच्चों को सम्मिलित किया जायेगा। उन्होने बताया कि विद्यालय में निःशुल्क आवासीय शिक्षा हेतु छात्र क्षमता 1000 की होगी, जिसमें 500 छात्र एवं 500 छात्राओं को कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा प्रदान की जायेगी। शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु कक्षा-6 में 80 बच्चों के अध्ययन हेतु प्रवेश परीक्षा करायी जायेगी।

# निगम ने रिलायंस से साढ़े आठ लाख लाइसेंस शुल्क वसूला

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निगम के लाइसेंस विभाग द्वारा व्यवसायिक शुल्क के लिए महानगर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को नोटिस दिए गए है। निगम ने व्यवसायियों से कहा है कि जल्द से जल्द व्यवसायिक शुल्क जमा कराकर लाइसेंस प्राप्त करें। इसी क्रम में रिलायंस अधिकारियों द्वारा साढ़े आठ लाख रुपये के ड्राफ्ट निगम अधिकारियों को व्यवसायिक शुल्क के रुप में जमा कराकर लाइसेंस प्राप्त किया गया है।

अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने बताया कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में बेकरी, मिठाई की दुकान, इंश्योरेंस कम्पनी, दस बेड या उससे बड़े होटलों, गेस्ट हाउस या होटल कम रेस्टोरेंट, बारातघर, 20बेड या उससे अधिक वाले नर्सिंग होम, प्रसूति घर, प्राइवेट क्लीनिक, डेंटल क्लीनिक, एक्स रे क्लीनिक, पैथालॉली सेंटर, अल्ट्रासाउण्ड सेंटर, ढाबा, जूस कॉर्नर, डेयरी शॉप, पान-सिगरेट कॉर्नर, फइनेंस कम्पनी, मांस की दुकान, आईसक्रीम पार्लर व आईसक्रीम फैक्ट्री, देसी-अंग्रेजी शराब की दुकान, डिपार्टमेंटल स्टोर,मॉल, मोबाइल टावर, गैस एजेंसी, आईटीआई कॉलेज, बी एड कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, प्राइवेट स्कूल व कान्वेंट स्कूल प्राईमरी, जूनियर, हाईस्कूल व इण्टर मीडिएट तक, आरा मशीन, खराद मशीन, चाट की दुकान, स्ट्रीट वेंडर, फ्ल-सब्जी की दुकानें, खाद्य सामग्री बेचने वाले ठेले, पशु चलित वाहन, ऑर्नामेंटल व फ्लावर शॉप, पान मसाला फैक्ट्री, मसाला थोक व्यापारी, पेठा निर्माता,मोटर व मोटर साइकिल वर्कशॉप आदि व्यवसाय करने वाले अनेक व्यवसायों के लिए नगर निगम से व्यवसाय लाइसेंस लेने का प्रावधान है।

# शीतकालीन छुट्टी के बावजूद खुला मिला विद्यालय, बीईओ ने दी हिदायत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** ठंड व शीतलहर के मद्देनजर शासन-प्रशासन द्वारा शीतावकाश का आदेश जारी कर सख्ती से पालन कराए जाने की निर्देश दिया गया है। इसके बावजूद कुछ विद्यालय संचालक मनमाने तौर पर आदेश का उल्लंघन कर विद्यालयों का संचालन कर रहे हैं।

शिकायत पर दुदही के खंड शिक्षा अधिकारी ने गुरुवार को दर्जन भर विद्यालयों का निरीक्षण किया। खुले पाए गए विद्यालय के संचालकों को कड़ी हिदायत दी व चेताया कि भविष्य में पुनरावृत्ति होने पर उच्चाधिकारियों से कड़ी कार्रवाई की संस्तुति कर दी जाएगी। गुरुवार को बीईओ देवमुनि वर्मा दुदही विकास खंड के दुबौली बाजार में संचालित परमानंद इंटरमीडिएट कालेज पहुंचे। यहां कक्षा नौ व दस के छात्र मौजूद मिले। बीईओ ने तत्काल विद्यालय बंद कराते हुए संचालक को चेतावनी दी। ग्रीनलैंड पब्लिक बिना मान्यता के दसवीं कक्षा तक संचालित पाया गया। इस विद्यालय को पूर्व में भी बंद करने व मान्यता लेकर संचालित करने की नोटिस दी गई थी। बीईओ ने तत्काल विद्यालय बंद कराते हुए अंतिम नोटिस थमाया। नरहवा अचरज दुबे में पांचवीं तक मान्यता प्राप्त मदरसा में आदेश का उल्लंघन करते हुए दसवीं व बारहवीं तक कक्षाएं संचालित की जा रही थी। बीईओ ने फटकार लगाते हुए तत्काल विद्यालय बंद कराया व उच्चीकृत कक्षाओं के संचालन को स्थाई रुप से बंद करने का निर्देश दिया। बेचू सिंह एकेडमी गोड़रिया में भी छुट्टी के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा था। संचालकों ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त कक्षाएं चलाई जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान दुदही में जेडीएस इंटर कालेज व शिवपूजन एकेडमी बंद पाए गए। बीईओ ने कहा कि प्रशासन के निर्देश का उल्लंघन कर विद्यालय संचालित पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


विद्यालय का निरीक्षण करते बीईओ दुदही

**14 जनवरी तक कक्षा एक से आठ व पांच जनवरी तक इंटरमीडिएट तक के विद्यालय है बंद**

## आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**उरई (जालौन)।** डॉक्टरों की टीम ने खनुआं स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिन बच्चों को दवा की आवश्यकता थी उन्हें निशुल्क दवा भी दी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आरबीएस टीम के डॉक्टरों में रणधीर निरंजन, डॉ. रेनू पांडेय, जमशेद व अमरदीप की टीम खनुआं स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंची। जहां टीम ने केंद्र पर मौजूद आधा सैंकड़ा से अधिक 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कुछ बच्चे में सर्दी के चलते खांसी, जुकाम, बुखार आदि से पीड़ित मिले। जिन्हें टीम ने निशुल्क दवा का वितरण किया। इस दौरान अभिभावकों को साफ सफाई के प्रति प्रेरित किया। डॉ. रणधीर निरंजन ने कहा कि सर्दी का मौसम चल रहा है इसलिए बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं। उनके कानों को अच्छे से ढांककर रखें। बच्चों को कंबल आदि में लपेटकर रखें। उन्हें ठंडा पानी न पिलाएं बल्कि गुनगुना पानी दें। साफ सफाई बेहद आवश्यक हैं। इसलिए घर व आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें।

# पडरौना में शोभा यात्रा 7 जनवरी को, शामिल होंगे हजारों श्रद्धालु

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नूतन मंदिर में रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त भव्य शोभा यात्रा पडरौना में 7 जनवरी 2024 दिन रविवार, समय प्रातः 11 बजे से जूनियर हाई स्कूल पडरौना से आरंभ होगा। इस संदर्भ में गुरुवार एक प्रेस वार्ता का आयोजन शिवराम पैलेस में आयोजित हुआ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा प्रांत से नियुक्त प्रोफेसर ममता मणि त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 के शुभ दिन होनी है, इस दिन प्रभु श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह को, नवीन मंदिर, भूतल के गर्भ गृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

इस निमित्त पडरौना में 07 जनवरी को भव्य शोभायात्रा में हाथी, घोड़ा, गाय, बुलेट, कार के अलावा राम जी के जीवन पर आधारित झांकियां निकाली जाएंगी। नृत्य संगीत के द्वारा यह रथ पूरे पडरौना में भ्रमण करेगा जिसमें पडरौना सेवरही, खड्डा, दुदही, नेबुआ नौरंगिया, रामकोला, विशुनपुरा खंड के सभी राम भक्त उपस्थित होंगे। इस क्रम में अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। राम पर आधारित भजन कीर्तन 22 जनवरी तक आयोजित किए जाएंगे, जगह-जगह हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, राम रक्षा स्त्रोत का सामूहिक पाठ किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायंकाल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए दीपक जलाएं जाएंगे, विश्व के करोड़ों घरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा। प्रेस वार्ता के क्रम में यह अपील की गई की शोभायात्रा के दिन 7 जनवरी 2024 को 10000 से अधिक राम भक्त शामिल हो तथा अपने को घर परिवार देश-विदेश को राम-मय बनाएं। करीब 500 वर्ष के लंबे इंतजार और कड़ी लड़ाई के बाद 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का अभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा। यह सनातन प्रेमियों के लिए भक्ति खुशी उत्साह का पल होगा।




## मदनपुर व्यापार मण्डल ने चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन



**रूद्रपुर (देवरिया) अवधनामा संवाददाता।** उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने चेयरमैन से मिलकर शहर की समस्याओं के निदान के लिए मांग पत्र सौंपा। जिला उद्योग व्यापार मण्डल मदनपुर इकाई के अध्यक्ष इजहार खान, महामंत्री मोहम्मद मिकाइल तथा मुहम्मद आरिफ शेख ने मदनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष से मिलकर शहर की कई समस्याओं से अवगत कराया तथा पाँच सूत्रीय माँग पत्र देकर समस्याओं को निदान कराने का अनुरोध किया। मांग पत्र में कस्बे के प्रमुख चौराहों पर पेय जल, स्ट्रीट लाइट व शौचालय की व्यवस्था, सड़क के दोनों तरफ पटरी की व्यवस्था तथा मुख्य मार्ग और चौराहे से लिंक मार्ग तक नाली की व्यवस्था आदि मामले शामिल हैं।

## पूनम सिंह को सकारात्मक कार्य के लिए बधाई दी

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** इंदिरा नगर निवासी श्रीमती आफरीन ने ससुराल के खिलाफ थाना हजरतगंज में दी गई तहरीर पर सुनवाई ना होने के बाद उत्तर प्रदेश जिला मान्यता समिति के अवधेश सोनकर ने महिला थाना अध्यक्ष पूनम सिंह से मुलाकात करके इस संबंध में महिला की सहायता की। महिला थाना अध्यक्ष पूनम सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश जिला मान्यता समिति के अवधेश सोनकर ने उन्हें नए वर्ष की बधाई भी दी। महिला थाना अध्यक्ष पूनम सिंह के प्रयासों के बाद महिला जो अपने मायके चली गई थी वापस अपने ससुराल जाकर शांतिपूर्वक प्रसन्नता के साथ जीवन व्यतीत कर रही है। इसी संबंध में उत्तर प्रदेश जिला मान्यता समिति के अवधेश सोनकर ने महिला थाना अध्यक्ष पूनम सिंह से मुलाकात करके सकारात्मक कार्य के लिए बधाई एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।



## कलश यात्रा में सनातनियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को कस्बा जहानगंज में मंडल अध्यक्ष अरविंद कटियार द्वारा प्रभु श्री राम जी की अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के माध्यम से सभी सनातनी भाइयों को यह संदेश भी दिया गया कि प्रभु श्री राम लाल की अयोध्या में स्थापना 22 जनवरी को हो रही है उस दिन हम अपने घरों में दीपक जलाएं और खुशी का माहौल मनाया जाए इसमें जहानगंज क्षेत्र के सभी लोगों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। नगर पंचायत कमालगंज से भी काफी लोग आए। हिनारानी भी शोभा यात्रा में शामिल रही द्य कलश यात्रा में सौदान सिंह खंड कारवाह उमेश कटियार जिला संघ चालक राकेश, किसान संघ जिला अध्यक्ष जिला प्रचारक प्रवीण, श्याम बहादूर शर्मा, सह जिला समग्र ग्राम बालस्टर स्वमसेवक आनंद भी मौजूद रहे।

## कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने श्री नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज समान में स्व. आशुतोष राठौर के जन्म दिवस पर उनकी स्मृति में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्र के असहाय, निर्धन, गरीब व्यक्तियों को कंबल वितरित करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधक राहुल राठौर द्वारा अपने स्व. भाई की स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम प्रेरणादायक है, जहां एक ओर कड़ाके की ठंड में जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल उपलब्ध होंगे वहीं दूसरी ओर मृतक की स्मृतियां ताजा होगीं। उन्होने जनपद के समाज सेवियों, गणमान्य व्यक्तियों का आव्हान करते हुये कहा कि कड़ाके की सर्दी से गरीब, निर्धन व्यक्ति को बचाने के लिए जरूरतमंद व्यक्ति को गर्म कपड़े, कम्बल आदि उपलब्ध कराने का कार्य करें, कोई भी गरीब व्यक्ति कम्बल, गर्म कपड़ों के आभाव में सर्दी में न ठिठुरे। उन्होने कहा कि गरीब, असहाय की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है, विद्यालय प्रबन्धन ने आज क्षेत्र के गरीब व्यक्तियों को कबंल उपलब्ध कराकर अपनी करूणा, दया, सामाजिक उत्तरदायित्व का भाव दर्शाया है, समाज के सक्षम वर्ग के अन्य व्यक्तियों को भी इनसे प्रेरणा लेकर जरूरतमंदों की सेवा करें।

## कड़ाके की सर्दी में भी खुले हैं आंगनबाड़ी केंद्र

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शीतलहर और ठंड के चलते जिले में प्राथमिक उच्च प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय और माध्यमिक विद्यालय बंद हैं परंतु आंगनबाड़ी केंद्र खुले हुए हैं। ठंड लगने के डर से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां स्वयं तो ड्यूटी कर रही हैं परंतु सहायिकाओं के माध्यम से बच्चों को बुलाने का काम बंद है। अधिकांश केन्द्रों पर आने वाले बच्चों की संख्या इकाई में है। कोलोकेटेड केन्द्रों पर हाट कुक्ड योजना पूरी तरह बंद है। जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या 1949 है। इन केन्द्रों पर पंजीकृत 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की संख्या 80000 है। परिषदीय विद्यालयों में एक जनवरी से शीतकालीन अवकाश होने के कारण स्कूल बंद है।गुरुवार को माध्यमिक विद्यालयों में भी कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के लिए विशेष अवकाश घोषित कर दिया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए जिला अधिकारी की ओर से किसी भी तरह का अवकाश नहीं घोषित किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन का समय सुबह 10 बजे से दो बजे तक है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि ठंड के कारण बच्चे नहीं आ रहे हैं। हम लोग ठंड लगने की डर से सहायिकाओं को बच्चों को बुलाने भी नहीं भेज रहे हैं जो बच्चे स्वयं आ जाते हैं उनके साथ ड्यूटी का टाइम पास कर रहे हैं।

## गांव में भी शहरों जैसी सभी सुविधाएं देने के लिए भाजपा सरकार संकल्पित: डॉ. रमापति



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खंड देसही के ग्राम सभा मदिरापाली, भरतराय, बैजनाथपुर पहुंची। जहां समस्त क्षेत्र वासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र सांसद डॉ.रमापति राम त्रिपाठी रहे। दीप प्रज्वलंन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश में संकल्प यात्रा के दौरान संचालित शिविरों में 1.74 लाख से अधिक नए लाभार्थी प्रधानमंत्री उज्वला योजना से जुड़े हैं और 28.05 लाख लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का लाभ 43.41 लाख लोगों को मिला है। कहा कि विकसित भारत के संकल्प में हमारे गांव और शहर दोनो की भूमिका है। आज़ादी के लंबे समय तक जो भी विकास हुआ, उसका दायरा देश के कुछ बड़े शहरों तक सीमित रहा। लेकिन आज हम देश के गांवों को एक नया रूप दे रहे है। गांव में भी शहरों जैसी सभी सुविधाएं देने के लिए भाजपा सरकार संकल्पित है। देश के सैकड़ों छोटे शहर ही विकसित भारत की भव्य इमारत को सशक्त करने वाले हैं। इसलिए अमृत मिशन हो या स्मार्ट सिटी मिशन, इनके तहत गांवों में मूल सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। कोशिश यही है कि वॉटर सप्लाई हो, ड्रेनेज और सीवेज सिस्टम हो, ट्रैफिक हो, स्वच्छता हो। स्वच्छ स्ट्रीट लाइट्स हों, शहरों में इन पर भी पहली बार इतने व्यापक स्तर पर काम हुआ है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी सभी के लिए संजीवनी बूटी है, जो भी पात्र हैं उनको केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य मिलेगा यह उनका उनका अधिकार है। इस दौरान विधान सभा संयोजक संजय सिंह, विजय कुमार श्रीवास्तव, हेमंत पाठक, अंबुज शाही, बीडीओ अरुण कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# कोटेदारों ने मांगों को लेकर तहसील परिसर में किया सांकेतिक धरना, सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उचित दर विक्रेताओं ने तहसील परिसर में सांकेतिक धरना दिया। धरना के बाद उचित दर विक्रेताओं ने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन के तत्वावधान में उचित दर विक्रेता 15 दिवसीय कार्य बहिष्कार पर हैं। पांच सूत्रीय मांगों को लेकर उचित दर विक्रेताओं ने तहसील परिसर में सांकेतिक धरना भी दिया।

फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि कोटेदारों 200 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश अथवा 30 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय देने, मिड डे मील और आंगनबाड़ी केंद्र पर जाने वाले राशन के लंबित देयों के शीघ्र भुगतान, खराब हो चुकी ईपॉस मशीनों को बदलने समेत राशन के ऑनलाईन वितरण की दशा में सारी जानकारी ऑनलाइन रहती है। ऐसे में स्टॉक व बिक्री रजिस्टर व वितरण प्रमाणपत्र की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की गई है। इसके अलावा जबसे निशुल्क राशन का वितरण शुरू हुआ है। इससे पूर्व नवंबर 2021 में उचित दर विक्रेताओं ने चालन के माध्यम से उनके कोटे को मिलने वाले राशन की धनराशि जमा करा दी थी।

जो कि अब तक वापस नहीं मिली है। योजना को और आगे बढ़ा दिया गया है। ऐसे में कोटेदारों की चालान के माध्यम से जो धनराशि जमा कराई गई है, उसे वापस दिलाने मांग की जा रही है। पूर्व में ज्ञापन सौंपने के बाद भी अब तक कोई हल नहीं निकाला गया है।

इसके चलते उचित दर विक्रेताओं द्वारा तहसील मुख्यालय पर शांतिपूर्ण धरना देने की योजना है। जिसके चलते बुधवार को सांकेतिक धरना दिया गया। उचित दर विक्रेताओं ने समस्याओं के निस्तारण के लिए एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर संतोष कुमार, मानसिंह, सुनील कुमार, देवीशरण, दीपक, अनिरूद्ध, सुरेंद्रपाल सिंह, राजकुमार, अविनाश आदि मौजूद रहे।



## ग्रामीण का शव बाग में फांसी पर झूलता मिला

अवधनामा संवाददाता

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** गुरुवार की सुबह ग्रामीण शौच क्रिया के लिए घर से निकला था। उसका शव आम के बाग में पेड़ पर झूलता हुआ मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कटईया नगला निवासी लंकुश का शव गांव के पास में ही स्थित आम के बाग में फांसी के फंदे पर झूल रहा था। बताते हैं कि वह शौच के लिए घर से गया था। पेड़ पर शव को लटका देखकर ग्रामीणों ने लंकुश के परिजनों को सूचना दी कि लंकुश का शव आम के बाग में फांसी के फंदे पर लटका है। परिजन दौड़कर मौके पर पहुंच गए और शव को लटका हुआ देख कर परेशान हो गए, परिजनो में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी परिजनो ने कोतवाली पुलिस को दी, जिस पर एसआई शमीमुद्दीन फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 10 जनवरी तक चिन्हित सभी मंदिरों की साफ-सफाई के साथ ही अन्य समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें: डीएम

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** उत्तरायण, मकर संक्रांति से आध्यात्मिक स्थलों, मंदिरों में भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम आयोजन के संबंध में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के प्राचीन, प्रसिद्ध राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, बाल्मिकी मंदिरों का चिन्हांकन कर 07 जनवरी तक पर्यटन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी को चिन्हित मंदिरों की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, दि. 10 जनवरी तक चिन्हित सभी मंदिरों की साफ-सफाई के साथ ही अन्य समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें, कार्यक्रम भव्यता से आयोजित करने के लिए आयोजन समिति का गठन कर प्रत्येक व्यक्ति को अलग-अलग व्यवस्थाओं के लिए लिखित रूप में उत्तरदायित्व सौंपा जाए, मंदिरों में राम कथा, अखंड रामायण, सुंदरकांड, भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित लीला मंचन, गोष्ठी आदि का आयोजन पूरी भव्यता के साथ हो, प्रत्येक मंदिर पर क्षेत्र के किसी न किसी जन-प्रतिनिधि को प्रतिभाग करने के लिए आमंत्रित किया जाए, आयोजित कार्यक्रमों में क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग उपस्थित रहकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, दि. 14 जनवरी से 22 जनवरी तक निरंतर धार्मिक आयोजन मजरों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक, ग्राम पंचायत स्तर से लेकर नगर क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड तक उक्त अवधि में उत्साह का माहौल दिखाई दे। श्री सिंह ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध महाकाव्य रामायण की रचना श्रीराम की जीवन-गाथा पर आधारित है, इस महाकाव्य में श्रीराम के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यों की स्थापना का आदर्श प्रस्तुत किया गया है जो वर्तमान समय में अत्याधिक प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण है, अयोध्या में नव-निर्मित श्रीराम मंदिर निर्माण समाज में जन-जन तक इन्हीं संस्कारों, आदर्शों, प्राचीन प्रम्पराओं एवं नैतिक मूल्यों की स्थापना हेतु अग्रणी कदम है। उन्होने कहा कि श्रीराम के आदर्श, मानव मूल्य, सामाजिक मूल्य का प्रचार-प्रसार किया जाए, इस दौरान मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान के साथ रामकथा, अनवरत रामायण, राम चरित्र मानस का पाठ, सुंदरकांड आदि के कार्यक्रम आयोजित हो, नगर-निकायों में कीर्तनों का आयोजन किया जाए, जिसमें स्थानीय भजन, कीर्तन मंडलियों को सम्मिलित करते हुए नगरों में राम मंदिर रथ एवं कलश यात्राओं का आयोजन किया जाए, मंदिरों का चयन स्थानीय स्तर पर उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय प्राथमिकता पर करें, आयोजित कार्यक्रमों में महिला मंगल दल, युवक मंगल दल के वालेंटियर, आशा, ए.एन.एम., आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम पंचायत सहायक सहित समस्त ग्राम स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए। बैठक में जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी के अलावा मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, उप जिलाधिकारी करहल, भोगांव, घिरोर, किशनी, कुरावली, गोपाल शर्मा, संध्या शर्मा, राजकुमार, योगेंद्र कुमार, राम नारायण, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार, उपायुक्त मनरेगा पी.सी. राम, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. सत्येंद्र कुमार, समस्त खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय, अन्य संबन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन जिला पर्यटन अधिकारी प्रदीप टम्टा ने किया।

## मछुवा प्रकोष्ठ के संयोजक जय प्रकाश निषाद ने की गाजीपुर में बैठक




**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी मछुआरों के हित को देखते हुए मत्स्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जयप्रकाश निषाद को मछुआरों के उत्थान के लिए पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी सौपी है। इसी के अंतर्गत पूरे प्रदेश में जिलेवार मछुआरों की समस्याओं व केन्द्र, प्रदेश सरकार द्वारा मिलने वाले मछुआ लाभकारी योजनाओ को लेकर जिलेवार बैठक किया जा रहा है। आज गाजीपुर में अर्जुन सिंह कश्यप के नेतृत्व में एक मछुआरा प्रकोष्ठ की बैठक हुई जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व सांसद जय प्रकाश निषाद मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मत्स्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जयप्रकाश निषाद ने कहा मा मोदी जी और मा योगी जी हमारे समाज के लिये कई योजनाएं जारी किया है जिसका लाभ समाज के लोगो को दिलाने के लिए हम सभी को केवल शिक्षित और जागरूक होना पड़ेगा। क्योंकि अगर हमको जानकारी ही नही होगी कि कौन कौन सी योजना चल रही है तो हमे कैसे लाभ होगा। मछुआ प्रकोष्ठ के सभी युवाओ को निर्देशित करते हुए कहा सरकार की योजनाओं को हमें घर-घर जाकर बताने की जरूरत है क्योंकि बहुत से लोग इसका लाभ नहीं ले पाते जानकारी के अभाव में मोदी जी को और योगी जी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने हमारे समाज के लिए कई सारी योजनाएं चला रहे हैं जिस पर मछुआरा प्रकोष्ठ लाभान्वित भी हो रहा है। आगे जयप्रकाश निषाद ने कहा मैं योगी जी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने मछुआरों के भगवान निषाद राज जी के नाम पर अयोध्या में रसोई घर बनाने का निर्णय लिया है।

## सीडीओ ने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का किया निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने विकास खण्ड देवरिया सदर के सझवलिया ग्राम पंचायत में नव निर्मित आंगनबाडी केन्द्र भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि कुल 11 लाख 84 हजार में निर्मित होने वाले इन भवनों में युनिसेफ के निर्धारित 18 पैरामीटरों से संतृप्त किया जाना है। यह आंगनबाड़ी भवन प्री प्राईमरी एजुकेशन को मजबूती प्रदान करने में सहायक होगा। साथ ही यहां पर ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवसों में गर्भवती एवं किशोरी महिलाओं की स्वास्थ्य जांच में सुगमता होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्मित भवन के रैम्प में लगाये गये लोहे के रेलिंग की गुणवत्ता पर असन्तोष जताया। साथ ही मौके पर उपस्थित प्रधान व ब्लाक तकनीकी सहायक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप ही रेलिंग लगायी जाय। भवन को आकर्षक दिखने के लिये बाला पेन्टिंग को कराये जाने एवं गुणवत्तापूर्ण टाईल्स एवं प्लम्बरिंग का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही स्पष्ट किया कि समस्त दरवाजे अनिवार्य रूप से लोहे के होने चाहिये। उक्त भवनों का निर्माण कार्य की निर्धारित अवधि पूर्ण हो चुकी है। जो भवन अभी निर्माण की गति को नही पकड़ रहे हैं, उनके निर्माण के विलम्ब का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी निरीक्षण के समय जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कान्त राय, ब्लाक तकनीकी सहायक अद्भुत शुक्ला, ग्राम प्रधान भुलन यादव मौके पर उपस्थित थे।

# अंग्रेजी शिक्षा के नाम पर स्कूलों द्वारा लूट से लोग परेशान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इंग्लिश मीडियम में पहली से बारहवीं तक पढ़ चुके ज्यादातर बच्चों को न तो शुद्ध-शुद्ध इंग्लिश बोलना आता है और न ही लिखना आता है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि अंग्रेजी के नाम पर 12 साल इनका बर्बाद ही जाता है। ऐसा नहीं है कि अन्य विषयों का इन्हें अच्छा ज्ञान होता है।

ये लोग लगभग सभी विषयों में फिसड्डी ही रहते हैं। यदि मेरी बातों का विश्वास नहीं है तब आप अपने बच्चे का खुद से टेस्ट लें। उनसे प्रश्न पूछें उनके ही किताबों से दावा है मेरा नौ अलग अलग तरह के बहाने करेंगे लगभग हर प्रश्न में ये अटक जायेंगे कहीं कुछ भी वे पूरा पूरा नहीं बता पायेंगे और अंत में यह कहकर निकल जायेंगे कि यह हमें स्कूल में नहीं पढ़ाया गया है या वे यह भी कह सकते हैं कि यह पिछले टर्म का है जो अब परीक्षा में नहीं आएगा। मतलब जो अब परीक्षा में नहीं आएगा उसे पढ़ने की जरूरत नहीं है। इंग्लिश मीडियम स्कूल के चक्कर में देश की भावी पीढ़ियां बर्बाद हो रही हैं और इसके लिए सबसे ज्यादा माता-पिता जिम्मेवार हैं। उन्हें अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजना अपने शान के खिलाफ लगता है और अपने जीवन के खून पसीने की कमाई इंग्लिश शिक्षा के नाम पर पहली कक्षा से लेकर बारहवीं तक लुटाते रहते हैं। अंत में उन्हें वाकई कुछ नहीं मिलता है। निम्न मध्यवर्गीय परिवार दिखावे के चक्कर में बर्बाद हो रहा है सरकारी स्कूल के बच्चों को वे असभ्य और अक्षम समझते हैं और खुद को ज्यादा पढ़े लिखे और सभ्य समझते हैं। अब ऐसे में इनके बच्चों को अंग्रेजी न आए तब बहुत दुःख होता है। ज्यादातर इंग्लिश मीडियम वाले स्कूल अंग्रेजी के नाम पर कुछ नहीं पढ़ाते हैं और तो और इस चक्कर में बच्चों का हिंदी भी खराब हो जाता है। स्कूल वाले महंगी महंगी किताबें और कॉपियां स्कूल से ही खरीदने पर मजबुर करते हैं क्योंकि स्कूल संचालक को 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक मोटी कमीशन प्रकाशकों के तरफ से मिलती है और कई बार तो किताबों के अच्छे सेल से खुश होकर महंगे महंगे उपहार अलग से प्रकाशन वाले दे देते हैं। सच्चाई यह है कि ऐसे कमीशनखोर जगह पर पढ़कर बच्चे बेईमानी, दलाली सहित अन्य प्रकार के दुर्गुण ही तो सीखते हैं। बच्चों को पढ़ाने के चक्कर में माता-पिता बेचारे आर्थिक रूप से तबाह हो जाते हैं। पढ़ाई के नाम पर स्कूल वाले केवल प्रश्न-उत्तर बच्चों को रटाते रहते हैं।परीक्षा में अंक तो मिल ही जाता है सब खुश भी हो जाते हैं।मगर बच्चा का भविष्य बर्बाद होता रहता है।अगर बच्चा अच्छा अंक न ला पाया,तो पेरेंट्स मीटिंग में शिक्षक अपनी जिम्मेवारीयों से पल्ला झाड़ते हुए माता-पिता पर ही उल्टे दो चार लाइन इंग्लिश झाड़कर चढ़ जाते हैं की आपके बच्चे का रिजल्ट अच्छा क्यों नही है? आप घर पर ध्यान क्यों नही देते हैं? उलटी चोर कोतवाल को डांटें वाली कहावत यहां चरितार्थ होती है।सच तो यह है कि बच्चे के परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन न करने पर स्कूल के शिक्षकों को भी जिम्मेवार ठहराया जाना चाहिए मगर बेचारे माता-पिता डांट खा कर, सबकुछ लुटाकर, मुंह बनाकर वापस आ जाते हैं,और गुस्सा ट्यूशन पढ़ाने वाले टीचर पर उतारना शुरू करते हैं कि बच्चे का कम मार्क्स क्यों आया? बेचारा ट्यूशन वाला फंस जाता है। बहुत जगह तो स्कूल वाले ही टीचर अपने ही स्कूल के बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाते हैं। माता-पिता इसलिए ऐसे शिक्षकों के पास अपने बच्चों को भेजते हैं ताकि स्कूल और ट्यूशन दोनों जगह टीचर ध्यान दे सकें मतलब डबल इंजन की पढ़ाई इससे सिर्फ और सिर्फ बच्चों का ही नुकसान होता है क्योंकि स्कूल वाले शिक्षक अपने ट्यूशन वाले बच्चों को अच्छे मार्क्स दे देते हैं भले ही बच्चा उस विषय में फिसड्डी ही क्यों न हो।


दीपक सिन्हा, निदेशक
ऑरवेल इंग्लिश इंस्टीट्यूट एंड इंटेलेक्चुअल सोसाइटी, नई दिल्ली

# पहले यहां आकर चिंतन करते थे योगी, सीएम बने तो अयोध्या को टाट से ठाठ की ओर ले गए

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सर्वविदित है कि श्रीराम मंदिर निर्माण में गोरक्षपीठ की अहम भूमिका है। अयोध्या के संतों का मानना है कि अपने पूर्ववर्ती आचार्यों के देखे स्वप्न को पूरा करने



का सौभाग्य गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ को जाता है। महंत दिग्विजनाथ जी महराज ने अलख जगाई। महंत अवेद्यनाथ जी महराज ने हिंदुओं को एकत्र किया तो वर्तमान गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ अयोध्या आकर मंदिर निर्माण की चिंता और चिंतन करते थे, लेकिन सीएम बनते ही अयोध्या को वे टाट से ठाठ की ओर ले गए।

योगी आदित्यनाथ ने रखी सांस्कृतिक आजादी की नींव

अयोध्या सज-संवर रही है। अयोध्या को नव्यता, दिव्यता भव्यता और टाट से ठाठ की ओर ले जाने में गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ को श्रेय जाता है। एक समय था कि जब पूज्य योगी जी महराज साल में चार-पांच बार आकर संतों के साथ चिंता व चिंतन करते थे कि कैसे मंदिर निर्माण हो। अब सीएम बनने के बाद महीने में पांच-छह बार आकर दर्शन करने के बाद विकास कार्यों को कैसे गति मिले, इस पर नजर रखते हैं। पूज्य दिग्विजयनाथ जी महराज ने जो अलख-लौ जगाई, जिसे लेकर पूज्य अवेद्यनाथ जी महराज ने संतों के संघर्ष-उनकी याद-समर्पण- सेवा भाव उत्पन्न किया। जो भाव दिग्विजयनाथ जी का था, अवेद्यनाथ जी ने त्याग-तपस्या-संघर्ष किया। दबे-कुचले-शोषितों के साथ बैठकर छुआछूत को समाप्त करने का प्रयास किया। सहभोज-खिचड़ी भोज कर हिंदुओं को एकत्र कर जगाया। अयोध्या में रामकालीन अयोध्या कैसे बनाई जाए। सिर्फ मंदिर निर्माण ही नहीं, बल्कि देश की आजादी के समय का भाव आज भी मनुष्य के अंदर कैसे उत्पन्न हो, यह समय-समय पर महंत दिग्विजयनाथ, महंत अवेद्यनाथ व महंत योगी आदित्यनाथ ने लोगों में जगाने का कार्य किया। अयोध्या को विकास व पर्यटन स्थल से कैसे जोड़ा जाए। महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट जैसा दिख रहा है। नेता अयोध्या आने से भागते-घबराते और कतराते थे। सीएम बनने के चौथे दिन ही योगी आदित्यनाथ अयोध्या आना और हनुमान जी महराज के दर्शन कर राम जन्मभूमि जाना किसी नेता के बस की बात नहीं थी। राम सम कालीन अयोध्या कैसे बनाई जाए, यह सीख किसी भी प्रदेश के सीएम को योगी आदित्यनाथ से लेनी चाहिए। भगवान जब टाट में थे सीएम योगी आदित्यनाथ ही उन्हें वैकल्पिक मंदिर में लेकर आए। टेंट और वस्त्र फटे थे।

# अयोध्या में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल कराएगी योगी सरकार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर विकसित की जा रही अयोध्या में 22



जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु रामलला के श्रीविग्रह की स्थापना होने जा रही है। यह कार्यक्रम नव्य-भव्य अयोध्या के उस त्रेतायुगीन वैभव के वापस लौटने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे अवधपुरी 500 से अधिक वर्षों से वंचित रह गई थी। ऐसे में प्रभु रामलला को भव्य मंदिर में विराजे जाने की प्रक्रिया तो जारी है ही, साथ ही उल्लास-उमंग और तरंग को बढ़ाने के लिए तमाम प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भी कराए जाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जिससे अयोध्या न केवल देश बल्कि दुनिया में भी चर्चाओं के केंद्र में रहेगी। इसी प्रयास के तहत सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार अयोध्या में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के आयोजन की भी रूपरेखा तैयार की जा रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने अयोध्या में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। संभावित है कि 19 से 21 जनवरी के मध्य इसका आयोजन हो सकता है तथा इसमें देश-दुनिया के प्रख्यात पतंगबाजों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। इस पूरी प्रक्रिया को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा प्राइवेट एजेंसी को संबद्ध किया जाएगा।

**देश-विदेश के आयोजनों से ली जाएगी प्रेरणा**

एडीए द्वारा अयोध्या में इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के आयोजन के लिए अस्थायी संरचनाओं और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास और इवेंट प्रबंधन की संकल्पना, डिजाइन, निष्पादन और पर्यवेक्षण के लिए एजेंसी की नियुक्ति के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल फॉरमेट माध्यम से आवेदन मांगे हैं। इसके जरिए प्राप्त होने वाले आवेदनों में से इस कार्यक्रम को निष्पादित करने के लिए एजेंसी का निर्धारण किया जाएगा। इस निर्धारण प्रक्रिया को 8 जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल के आयोजन की संपूर्ण रूपरेखा तैयार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन को भव्य स्तर पर कराने के लिए देश-विदेश में होने वाले विभिन्न काइट फेस्टिवल्स से प्रेरणा ली जा रही है। अयोध्या में होने वाले इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल को दो दिनी फॉर्मेट में आयोजित किया जाएगा और 19 से 20 या 20 से 21 जनवरी के मध्य इसका आयोजन फाइनल रोडमैप रोलआउट होने के बाद किया जाएगा।750 लोगों की बैठने की व्यवस्था के लिहाज से बनाया जाएगा विजिटर्स एरियाआयोजन में विशिष्ट आमंत्रितों को बैठाने के लिए 50 वीवीआईपी सोफा वाले लाउंज का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में 350 कुशंड चेयर्स व 350 अन्य चेयरों की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रतियोगियों व आयोजन में शिरकत करने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए वॉलेंटियर्स व होस्टेसेस की तैनाती की जाएगी। यहां पर फूड काउंटर पर परोसे जाने वाले खाने में भी देसी तड़के को तरजीह देते हुए मिलेट्स से बने पकवान पेश किए जाएंगे।

## नवनिर्मित डाक बंगले परिसर का मंडलायुक्त निरीक्षण

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने जनपद अयोध्या में लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे राजस्व ग्राम बरई कला में स्थित लोक निर्माण विभाग द्वारा नवनिर्मित डाक बंगले परिसर में 20 सूट कक्ष के निरीक्षण गृह एवं 60 से 70 व्यक्तियों हेतु मीटिंग हाल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन डाक बंगले के विभिन्न सूटों का अवलोकन करते हुए कहा कि फ्लोर टाइल्स जो लगायी गयी है उन्हें अच्छे ढंग से घिसाई करते हुए अच्छी फिनिशिंग की जाय। उन्होंने कहा कि शेष बचे कार्यो एवं फर्नीचर आदि की व्यवस्था शीघ्र कर लिया जाय तथा डाक बंगले के संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का सुनिश्चयन फिनिसिंग का कार्य पूर्ण होने से पूर्व कर लिया जाय। मण्डलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान कहा कि भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान आने वाले विशिष्ट अतिथियों हेतु सभी व्यवस्थाएं समुचित एवं विश्व स्तरीय होनी चाहिए।

# शहर का चहुमुंखी विकास ही प्राथमिकता: शीला सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शीला सिंह वर्मा ने



गुरुवार को शहर में नवनिर्मित इंटरलॉकिंग मार्गों का फ़ीता काटकर लोकार्पण किया। इसके साथ ही साथ उन्होंने वार्ड का दौरा कर जरूरी कार्यों को जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया। कहा कि शहर के विकास के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहेंगे। स्वच्छ और विकसित नगर हमारा लक्ष्य है। इस मौके पर सहायक अभियंता जियालाल, सभासद अरुण यादव सोनू, वैभव धीमान, राजेंद्र सिंह, विकास वर्मा, सुरेश चौहान,आशीष सिंह, अरविंद वर्मा, गुड्डू वर्मा, डिंपू सिंह आदि लोग मौजूद रहे। हुए कार्य मे वार्ड विकास भवन में चौहान गेस्ट हाउस से राम सिंह के घर तक, वार्ड लक्ष्मणपूरी में पवन वर्मा के घर से अजय वर्मा के घर तक इंटरलाकिंग मार्ग है।

# उन्नति संस्था ने जिला जेल मैं निरुद्ध महिलाओं व बच्चों में बांटे कंबल

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** उन्नति द्वारा जिला जेल मैं निरुद्ध महिलाओं और बच्चों को आज कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर बाराबंकी नगर की प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा इनर व्हील क्लब की उपाध्यक्ष डॉ अनुपम टिबडेवाल ने महिलाओं एवं बच्चों को जाड़े के दिनों में खास सावधानी बरतने की सलाह दी। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए डॉ अनुपमा टिबरडेवाल ने कहा कि सबसे बड़ी सेवा मानव सेवा होती है। मानव सेवा करके जो परम सुख की अनुभूति होती है, उसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि समाज को भी आप लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। आप लोगों की छोटी-छोटी सहायता करके आप लोगों के चेहरे पर जो मुस्कान दिखती है उसे हमें बहुत खुशी मिलती है। कैदी महिलाओं को संबोधित करते हुए



उन्होंने कहा कि आप लोग जब यहां से जाएंगी तो आप लोग यह न सोचें कि यह समाज हमें स्वीकार करेगा या नहीं। यह समाज आपको जरूर स्वीकार करेगा। मेरा और मेरी संस्था का प्रयास रहेगा कि आप लोगों के लिए जैसे मोमबत्ती बनाना, मेहंदी लगाना, सिलाई कढ़ाई जैसे कई छोटे-छोटे कोर्स करवाया जाये जिससे आप सबको अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर मिले।

उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि मेरी और संस्था के लायक और किसी सेवा की आवश्यकता हो तो जरूर अवगत करायें। आप सबकी सेवा करके हमें खुशी होगी। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष जया जैन, आई एस ओ सारिका गुप्ता, सचिव चित्रा गुप्ता, संप्रेक्षक सीमा गुप्ता तथा सदस्य नीतू गुप्ता एवं प्रतिभा तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भीषण ठंड में समाजवादी अलाव बना गरीबों का सहारा

**अयोध्या।** अयोध्या नगर निगम के अंतर्गत झुनझुनवाला महाविद्यालय के चौराहे पर समाजवादी संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत ने भीषण ठंड से लोगों को ठंड से बचाव के लिए चौराहे पर अलाव जलवाकर राहगीरों तथा लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने का काम किया।अलाव जलवाते हुए पंडित समरजीत ने कहा आज अयोध्या में अलाव तथा रेन बसेरा की व्यवस्था पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुकी है इस भीषण ठंडी में ना कहीं चौराहे पर अलाव की व्यवस्था है ना ठिठुर रहे लोगों को रैन बसेरे में रात बिताने की उचित जगह मिल पा रही है आज भाजपा सरकार में केवल हर चीज हवा हवाई में हो रहा है।हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश भैया जी ने कहा है कि इस भीषण ठंडी में सपा कार्यकर्ता यथासंभव अपने-अपने चौराहे पर अलाव की समुचित व्यवस्था करते रहें जिससे गरीब जनता और राहगीरों को भीषण ठंड से राहत मिल सके।

# जनहित की योजनाएं बताई वितरित किये प्रमाण पत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** विकास खण्ड सिद्धौर के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर चंदी सिंह



में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने लाभार्थियों और उपस्थित जनता-जनार्दन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। और लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि देशवासियों को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का यह अभियान लगातार विस्तार ले रहा है मोदी की गारंटी वाली गाड़ी जहाँ भी जा रही है वहां लोगों का विश्वास बढ़ा रही है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सरोजनी देवी, प्रतिनिधि सुरेन्द्र वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी वरुण पाल, ब्रिजेंद्र प्रताप सिंह, सुरजीत पाल, हनुमान वर्मा, दिनेश शर्मा, रामजीत वर्मा, बृजभान वर्मा, राम सजीवन वर्मा, सुरेश चंद्र, लल्लू रावत, राम राज कनौजिया, पवन मिश्रा, नवीन सिंह राठौर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आकाश का सीना चीर रॉकेट्स ने भरी उड़ान बच्चों, अभिभावकों ने किया रोमांच का अनुभव

*अवधनामा संवाददाता*

**फतेहपुर बाराबंकी।** उल्टी गिनती के साथ एक एक करके रॉकेट्स




आसमान को चीर रहे थे। अभिभावक सहित सैकड़ों विद्यार्थी रोमांच भरे इस माहौल का आनंद तालियों के साथ ले रहे थे। यह दृश्य स्थानीय वारिस चिल्ड्रेंस एकेडमी इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय रॉकेट्री वर्कशॉप के रॉकेट लॉन्चिंग सत्र के दौरान दिखा। अन्तर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक व मुख्य अतिथि डॉक्टर सीएम नौटियाल सहित अनेक लोगों कुतुहल भरे इस दृश्य को अपने मोबाइलों में कैद किया। गुरुवार को रॉकेट्री वर्कशॉप में तैयार किए गए 48 रॉकेट ने सफलता की उड़ान भरी। इतना ही नहीं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के द्वारा भी विद्यार्थियों अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परिचय दिया। पावर जेनरेटर, स्मोकिंग रोबोट, आदित्य एल वन, लेज़र होम सिक्योरिटी, रेन डिटेक्टर, बज वायर गेम सहित 51 मॉडल कार्यक्रम में मौजूद वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र रहे। मॉडलों में पर्यावरण, सामाजिक सुरक्षा, वैकल्पिक ऊर्जा जैसे विषयों पर विद्यार्थियों के समाधान की एक झलक दिखाई दी। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए सीएम नौटियाल ने कहा कि ज्ञान और शिक्षा में बहुत बड़ा फर्क है। शिक्षा हमे ज्ञान के प्रयोग के विषय में दिशा देती है जिससे व्यक्ति लोक कल्याण की भावना से कार्य करने को तत्पर हो जाता है। डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कार्य टॉपर होना सफल होने की गारंटी नहीं है। कम अंक प्राप्त करके भी जीवन में बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने रॉकेट लॉन्चिंग सेरेमनी में पहला रॉकेट उड़ा कर उद्घाटन किया। इसके उपरांत विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया।प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में विज्ञान से जुडी जिज्ञासाओं का समाधान किया और उन्हें भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी दिया। अतिथियों का स्वागत करते हुए बच्चों ने सांस्कृतिक मंच से कार्यक्रमों की शानदार शृंखला प्रस्तुत की, जिसमे जय गणेशा, एमजे - 5, नन्हा मुन्ना राही हु, तारे जमीं पर, जय हो, आरंभ है प्रचंड जैसी प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरी।प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।संस्थापक विजय आनंद बाजपेई ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। रिसोर्स पर्सन प्रमोद कुमार ने कार्यशाला के अपने अनुभव साझा किए। बाल विज्ञान कांग्रेस के समन्वयक अजय कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि का जीवन वृत्त प्रस्तुत किया।विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक आशीष पाठक ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमलेश शुक्ला, सुमन शुक्ला, अनिल वर्मा, रमाकांत सोनी, आरडी द्विवेदी, आशुतोष अवस्थी, केपी वर्मा, रीनू वर्मा, पूजा अवस्थी गिरिंद्र मिश्रा, राजकमल सिंह सहित सभी स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# 250 ग्राम मारफीन समेत 4 तस्कर गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस टीम ने तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया व इनके कब्जे से 200 ग्राम अवैध मारफीन कीमत लगभग 20 लाख रुपये बरामद की। थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज शकील अहमद पुत्र दस्तगीर निवासी राजाकटरा मजरे देवकली व तौकीर पुत्र जसीम निवासी ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर, साकिब पुत्र मोहम्मद उमर निवासी मोहल्ला जिन्हौली कस्बा आलापुर थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 200 ग्राम अवैध मारफीन बरामद किया गया। इसी क्रम में थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त कमलेश पुत्र मैकूलाल निवासी लसोरवा थाना जैदपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 50 ग्राम अवैध मारफीन बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोठी पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## सूरतगंज कस्बे में निकाली गई शोभायात्रा

**सूरतगंज, बाराबंकी।** अक्षत कलश यात्रा के तहत गुरुवार को संघ परिवार की ओर से सूरतगंज कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई।सूरतगंज कस्बा भगवामय हो गया। राम भक्तों का विशेष उत्साह भी दिखाई दिया। राम- लक्ष्मण की झांकी से सुसज्जित रथ को भक्तों ने ठाकुरद्वारे से आगे बढ़ाया। बाबा पुरवा से सूरतगंज मुख्य चौराहा,जगजीवनपुर, दशहरा मैदान होते हुए,मेन बाजार हो कर हनुमान मंदिर पहुंची। वहीं भगवा ध्वज लिए हुए भक्तों ने शंख ध्वनि, घंटा घड़ियाल एवं भजनों के ध्वनि में ग्रामीण भी मस्ती करते नजर आए। यात्रा जिला प्रचारक सुदीप, जिला कार्यवाह सुधीर व सह जिला कार्यवाह नन्हे सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई। इस मौके पर अभिषेक सिंह धीरज एवं चक्रेश पाण्डेय, प्रद्युम्न मिश्रा रामानंद वर्मा, अरविंद उर्फ गुड्डू प्रधान, हिमांशु पोरवाल, अभिषेक वर्मा अंशु, श्रीप्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## एकल अभियान संस्कारों से बनती है अच्छे व्यक्तित्व की पहचान व्यास महेश

**गोसाईंगंज -अयोध्या।** एकल अभियान दिलासीगंज के तत्वावधान में एकल विद्यालय अभियान से जुडे सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का एकल कार्यक्रम में एकल अभियान मैं मुख्य अतिथि के रूप में आए समाज सेवी हनुमान सोनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में रहकर बमुश्किल अपने जीवन का निर्वाह करने वाले दीन-दुखियों, निर्धन, जरूरतमंदों की पीड़ा को महसूस करते हुए समय रहते अपनी साम?र्थ्य के अनुसार उनकी मदद करना ही सच्ची समाजसेवा है। संच अध्यक्ष दिनेश जायसवाल ने बताया किगरीब और जरूरतमंद लोगों की देखभाल करना और उनकी मदद करना एक नेक प्रयास है। जितना अधिक आप गरीब और जरूरतमंद लोगों को देते हैं, उतना ही आप उनकी निर्भरता को मजबूत करते हैं।

# श्रीराम मंदिर को राष्ट्र मंदिर बनाने की मांग-हिन्दू कल्याण मंच

*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय नगर सिसवा बाजार में गुरुवार को अयोध्या में होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम



को लेकर हिन्दू कल्याण मंच की बैठक संपन्न हुई जिसकी शुरुआत मंच के अध्यक्ष द्वारा प्रभु श्रीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रमोद मद्धेशिया ने बताया कि हम सभी के लिए गौरव का विषय है कि लगभग 500 वर्षो से अधिक संघर्ष के बाद अब वह दिन आ गया जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम अपने जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस शुभ अवसर पर मंच भारत सरकार को श्रीराम मंदिर को ÷राष्ट्र मंदिर÷ घोषित कराने हेतु एक आग्रह पत्र भी लिखेगा तथा मंच नगरवासियों से प्रार्थना करता है कि आप दिनांक 22/01/24 को दीपोत्सव मनाए व अपने निकटतम मंदिरों पर पूजन व विशेष प्रसाद वितरण करे। इस बैठक में नितेश कुमार श्रीवास्तव, विकास जायसवाल, विवेक जायसवाल, अंकित लाठ, मोहन रौनियार सहित मंच के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अतिथि भवन निर्माण मानक के विपरीत, जेई के विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा नगर पंचायत चौक क्षेत्र में निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होने चौक स्थित बाबा गोरखनाथ मंदिर में पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा कार्यों का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति और परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त किया और कार्यदाई संस्था सीएलडीएफ़ को कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने सीएलडीएफ एक्सईएन के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की और उनके उच्चाधिकारी को अवगत कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सोनाड़ी देवी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यूपीपीसीएल के परियोजना प्रबंधक को निर्माणाधीन शौचालय और यज्ञकुंड का कार्य ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने मंदिर में साफ-सफाई और सुंदरीकरण के संदर्भ में भी आवश्यक निर्देश दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने रामग्राम अतिथि भवन के निर्माणकार्य को देखा। उन्होंने निर्माण स्थल पर रखी गई गिट्टी की खराब गुणवत्ता पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और तत्काल गिट्टी को हटवाने का निर्देश दिया। उन्होंने परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल को चेतावनी जारी की और जेई अशोक कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे से कार्यदाई संस्था सुनिश्चित करे कि निर्माण सामग्री मानक के अनुरूप हो। ग्रामीण स्टेडियम चौक के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु जिला युवा कल्याण अधिकारी को रोज निरीक्षण का निर्देश दिया। साथ ही एक्सईएन पीडब्ल्यूडी, एक्सईएन और जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्माण कार्य की जांच कर संयुक्त आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी



डॉ पंकज कुमार वर्मा, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी जी.एस. यादव, एसडीएम सदर दिनेश कुमार मिश्रा, एसडीएम पंकज कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाविद्याल मे स्मार्ट फोन व टैबलेट का वितरण किया गया

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय रामप्रसाद सिंह डिग्री कालेज मे वृहस्पतिवार को विद्यार्थियों मे स्मार्ट फोन व टैबलेट का वितरण तहसीलदार द्वारा किया गया। डिग्री कालेज के प्राचार्य संजीव कुमार झा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के तहत तहसीलदार निचलौल द्वारा 93 स्मार्ट फोन व 25 टैबलेट विद्यार्थियों मे वितरित किया। इस अवसर पर प्रबंधक प्रतिनिधि गोपाल यादव, अमरनाथ चौबे, सर्वजीत यादव,मोहम्मद कादिर, ऐश्वर्या पांडेय, नितिन शर्मा, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पूजित अक्षत वितरण अभियान के तहत घर घर पहुंचा रहे आमंत्रण पत्र

**महराजगंज।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने का अभियान चल रहा है।

ज़िला प्रचार प्रमुख जीवेश मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को महराजगंज शहर व ग्रामीण इलाकों में पूजित अक्षत वितरण अभियान कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं ने घर-घर अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र व आमंत्रण पत्र देकर 22 जनवरी को आनंदोत्सव मनाने की अपील की। जयश्रीराम का जयघोष कर कार्यकर्ता अक्षत वितरण अभियान में बांटे जा रहे आमंत्रण पत्रक के माध्यम से भक्तों को अवगत करा रहे हैं। पत्रक के पिछले हिस्से में मंदिर के स्वरूप



व इसकी विशेषताओं की जानकारी दी गई है। पत्रक में बताया गया है कि 32 सीढ़ियां चढ़कर भक्तों को रामलला के दर्शन प्राप्त होंगे। मंदिर में बनने वाले अन्य प्रकल्पों, मंदिर की भी जानकारी दी गई है। कार्यकर्ता लोगों से 22 जनवरी को पूजा, कीर्तन करने व शाम को भव्य दीपावली मनाने की भी अपील की। सुबह 7 बजे गुरुवार को सभी कार्यकर्ता हनुमानगढ़ी पर एकत्रित हुए और जय श्रीराम के जयघोष के उपरांत नगर प्रचारक हिमांशु व नगर अभियान प्रमुख डॉ आशीष मिश्र के नेतृत्व में अमरूतिया बाज़ार में पूजित अक्षत वितरण का कार्य प्रारंभ हुआ। दोपहर 2 बजे शतभरिया ग्राम सभा में सुनील मिश्रा व श्यामसुंदर पांडेय के नेतृत्व में पूजित अक्षत पूरे गाँव में वितरित हुआ।

## शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा अवैध हेरोइन (स्मैक) के साथ अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अभिषेक अग्रवाल के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व अरुणकान्त सिंह क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ व प्रभारी निरीक्षक, राज कुमार पाण्डेय के निर्देशन में उ0नि0 संतोष सिंह मय टीम द्वारा बुधवार को मु0अ0सं0 002/24 धारा 8/22 NDPS Act से सम्बन्धित अभियुक्त को ग्राम धंधरा नहर पुलिया के पास से समय 6 बजे शाम अवैध हेरोइन (स्मैक) के साथ गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय/ जेल भेजा गया। बरामदगी का विवरण अभियुक्त के कब्जे से 4.480 ग्राम अवैध हेरोइन (स्मैक) बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणचितवन कुमार ठाकुर पुत्र विजय कुमार ठाकुर निवासी कृष्ण नगर थाना कृष्णा नगर इलाका प्रहरी कार्यालय जिला कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल उम्र करीब 30 वर्ष है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का मेप्र0नि0 राजकुमार पाण्डेय,उ0नि0 संतोष सिंह, चौकी प्रभारी कोटिया हे0का0 इकरामुल्ला खान शामिल रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया श्रीराम जी घर में प्रवेश के रिकॉर्डिंग का विमोचन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा जिला कार्यलय पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने जिले के भोजपुरी गायक देव शुक्ला भोजपुरिया के नए गीत श्रीराम जी घर में प्रवेश के रिकॉर्डिंग का विमोचन किया इस गीत के संगीतकार संजय गुप्ता है। जिलाध्यक्ष ने कहा जनपद के लिए गौरव का विषय है की आज जनपद के युवा अपनी प्रतिभा के दम पर हर क्षेत्र में परचम लहरा रहे है इसी क्रम में देव शुक्ला को मेरी ढेरों शुभकामनाएं है यह और ख्याति प्राप्त करे देश प्रदेश में अपने जनपद का मान बढ़ाए यही मेरी कामना है। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष वृजबिहारी मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, वरिष्ठ नेता अरविंद उपाध्याय, सुरेंद्र पांडेय, ब्लॉक प्रमुख प्र.श्रीश चौधरी, संजय गुप्ता, सुनील मिश्रा, दुर्गेश, रूपेश, अवनीश आदि लोग उपस्थित रहे।

## आभूषण के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** हरिवंशपुर चौकी क्षेत्र के नेपाल सीमा से सटे कन्हौली गांव के पास एक व्यक्ति नेपाल से चांदी और सोने का ज्योलर्स लेकर भारत मे प्रवेश कर रहा था एस एस बी व पुलिस की टीम पकड़ लिया आरोपित का नाम आकाश वर्मा पुत्र प्रेमचंद वर्मा है। वह संतकबीरनगर जिले के बखिरा कस्बे का रहने वाला है। एस एस बी 66वीं वाहिनी के इंस्पेक्टर राजीव कुमार व पुलिस चौकी हरिबंपुर प्रभारी मनोज कुमार सिंह अपने हमराही के साथ गुरुवार की सुबह सात बजे गश्त पर थे। एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से नेपाल सीमा से भारत में आ रहा था संदेह होने पर तलाशी लेने पर उसके पास से चौदह जोड़ा चांदी का पायल (568 ग्राम) व सोने का जेवर वजन 38.960 ग्राम बरामद हुआ जिसकी कीमत लगभग दो लाख रुपए है। पुलिस ने कस्टम एक्ट के तहत चलान कर दिया इस दौरान उप निरीक्षक अदालत यादव,हेड कांस्टेबल इन्द्रजीत सिंह,हेड कांस्टेबल राज बहादुर मौजूद रहे।

## ब्लॉक परिसर में रोजगार मेले का हुआ आयोजन



**पौली अवधनामा संवाददाता।** विकास खन्ड पौली के सभागार मे बुधवार को भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद के सौजन्य से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। एस आई एस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस रोजगार मेले में पौली क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतो से आये अभ्यर्थियो मे कुल 30 अभ्यर्थी अपना आवेदन फार्म डाले। जाचोपरान्त 7 अभ्यर्थियो को नियुक्ति पत्र दिया गया। रोजगार मेले के आयोजक के प्रमुख बालकेश ने बताया कि एसआईएस एक सुरक्षा एजेंसी है जो भारत सरकार की पांचवी सबसे बड़ी रोजगार उपलब्ध कराने व 31वी सबसे बड़ी सुविधा अपने कर्मचारियों को देने वाली कंपनी बन चुकी है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र मे शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा भर्ती कैंप सभी विकास खण्डों मे लगाया जा रहा है। इस कम्पनी का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की मुहिम को साकार करना है। इस मौके पर सीएम फेलो अंकित त्रिपाठी द्वारा चयनित अभ्यर्थियो को नियुक्ति पत्र दिया गया।

## बिना शिकायतकर्ता से सम्पर्क किये समस्या का हो गया निस्तारण

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील जलालपुर थाना जलालपुर क्षेत्र कर्बला साधन सहकारी समिति रिवई में धान खरीद बिचौलियों के बीच हो रहा था इसकी शिकायत संतोष कुमार पाण्डेय ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर किया था लेकिन जांच ना करके अच्छा रिपोर्ट लगा दी गई और जब किसी से पूछा गया कि हमारा जिला शिकायत के निस्तारण में नंबर दो पर आया है तो शिकायतकर्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि फर्जी निस्तारण करके प्रथम पर आ सकता है विभाग अधिकारी के यहां शिकायत की जाए यह रिपोर्ट लगा दी गई कहीं ना कहीं जिला अधिकारी के आदेशों को ताख पर रख कर धन क्रय केंद्र प्रभारी व्यापारियों से धान खरीद रहे किसानों के लाख शिकायत के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण की नीद सोए हुए हैं सरकार की मनसा थी कि किसानो को धान अन्य पौने में ना बेचना पड़े इसलिए जगह-जगह केंद्र बनाएं की जो आसानी से किसन के धान का मूल्य सही मिल सके लेकिन यहां तो सभी कानूनी तक पर रखकर सभी क्रय केंद्र खुलेआम मनमानी कर रहे हैं। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सभी केदो को आदेशित किया था कि किसानों का ध्यान खरीदा जाए संबंधित अधिकारियों को आदेश भी दिए गए लेकिन संबंधित अधिकारी की मिली भगत से यह सब खेल खुला चल रहा है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह जब अंबेडकर नगर की कार्यभार संभाला था तो बहुत सख्त नजर आ रहे थे और अधीनस्थ अधिकारियों के ऊपर कारवाई से जनता प्रशंसा भी कर रही थी लेकिन अब जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कर शैलियों पर जनता उठा रही सवाल जनता को मूलभूत सुविधाओं से भटकना पड़ रहा है कहीं ना कहीं जिला अधिकारी अविनाश सिंह के ऊपर से जनता का विश्वास हटा दिख रहा है जनता कह रही है क्या वही जिला अधिकारी अविनाश सिंह है या फिर इतना बड़ा बदलाव कहां से आ गया जनता बहुत कुछ सोचने पर मजबूर हो रही है या फिर कहीं ऐसा तो नहीं अधीनस्थ अधिकारी जिलाधिकारी की छवि खराब करने पर तुले हुए। अंबेडकर नगर की जनता में एक विश्वास जगी थी की अंबेडकर नगर में कुछ अलग होगा।

## इच्छुक जिला पूर्ति कार्यालय में 20 जनवरी तक करें आवेदन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद में गत वर्षो की भाति कपिलवस्तु महोत्सव का आयोजन 28 जनवरी से 1 फरवरी तक प्रस्तावित है, जिसमें फूड जोन के अन्तर्गत राजस्थानी, दक्षिण भारतीय,पंजाबी तथा स्थानीय व्यंजनों एवं चाय, काफी, चाट, आईसकीम तथा मिठाई आदि व्यंजनों के स्टॉल लगाया जाना है। स्टाल लगाने हेतु इच्छुक व्यक्ति जिला पूर्ति कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में 20 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से सांयकाल 5 बजे तक निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र सहित उपस्थित होकर स्टॉल शुल्क रु 7500.00 जमा करके अपना स्टॉल आवंटन करा सकते है। स्टॉल का आवंटन प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर-7081882696 एवं 9565065695 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

## विभिन्न मांगों को लेकर आशा बहुओं ने सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विभिन्न मांगों को लेकर जिले की आशा बहुओं द्वारा भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह के नेतृत्व में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थनगर को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में मांग किया है कि आशा बहुओं को मिलने वाला प्रोत्साहन राशि के स्थान पर न्युनतम 18000 रूपए प्रति माह मानदेय दिया जाए एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीक्षक/ प्रभारी चिकित्साधिकारी व बीपीयम द्वारा कई वर्षों से जननी सुरक्षा योजना, टीबीआई, प्रधानमंत्री मातृतिव योजना, हेल्थ एजुकेटर, अनटाइड फन्ड, टीवी उन्मूलन, नसबंदी आदि मदो में मिलने वाले प्रोत्साहन राशि एवं भत्ते को न तो आशा बहुओं को दिया गया न तो लाभार्थियों को दिया गया। इससे जहां आशा बहुओं को आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रहा है। वहीं सरकार की छवि जनता में धुमिल हों रहीं हैं। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, विनीता मिश्रा, इन्द्रवती चौधरी, संगीता यादव, राजश्री, सन्तोषी शर्मा, साधना, बिन्दवासिनी देवी, आशा देवी, किसलावती, पूजा, विमलेश देवी, पूनम श्रीवास्तव, रेखा, कमलावती, अंजलि तिपाठ, पूजा पाल एवं भारी संख्या में आशा बहुओं की उपस्थिति उपस्थित रही।

## मंत्री ने किया ई-खसरा पड़ताल कार्यक्रम का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** कृषि एवं राजस्व विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित रबी 2023-24 में ई-खसरा पड़ताल, परिवर्धित मोबाइल ऐप एवं अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुवार को मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उप्र सरकार सूर्य प्रताप शाही द्वारा कृषि भवन सभागार लखनऊ से किया गया, जिसका लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक श्यामधनी राही, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में देखा गया।

इस दौरान विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ई-खसरा पड़ताल कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया है। जिसके अन्तर्गत किसानो की आय में वृद्धि करने और कल्याणकारी योजनाओ का लाभ पहुँचाने के लिए फसलो का डिजिटल सर्वेक्षण किया जायेगा। इस सर्वेक्षण से

### जिले में देखा गया लाइव प्रसारण

उनकी फसलो का सारा डाटा एकत्रित किया जायेगा। जो भी किसान जिस योजना का पात्र होगा उस योजना का लाभ सीधे उसको प्राप्त होगा। पीएम द्वारा किसानो का सम्मान करते हुए किसान सम्मान निधि, कृषियंत्रों पर अनुदान देकर वैज्ञानिक विधि से खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा ई-खसरा पड़ताल मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वे किया जायेगा। सम्पूर्ण जानकारी सेटेलाइट के माध्यम से मिलेगी। सरकार द्वारा किसानो का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए यह संकल्प लिया गया है, इसको सभी लोग समय से पूरा करे। क्राप कटिंग एवं उपज की विक्री के लिए बार-बार सत्यापन कराना पड़ता था अब आसान हो जायेगा।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख भनवापुर प्रतिनिधि लवकुश ओझा, अपर उप जिलाधिकारी संजीव कुमार दीक्षित, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मु. मुजम्मिल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, तकनीकी सहायक कृषि विभाग आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार लोगों के घर के चौखट तक जाकर लाभ देने का कर रही कामः द्विवेदी

अवधनामा संवाददाता



**कुदरहा, बस्ती।** कुदरहा विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत विशेनपुर के पंचायत भवन पर गुरुवार को विकसित भारत यात्रा की मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पंचयत भवन पर पहुंची तो मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख कुदरहा अनिल दुबे ने रथ व यात्रा में शामिल लोगों का फूल मालाओं से स्वागत किया। साथ ही साथ सांसद हरीश द्विवेदी ने पंचायत भवन व प्राथमिक विद्यालय के गेट व बाउंड्री वॉल का फीता काटकर लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार की गारण्टी वाली संकल्प रथ यात्रा प्रत्येक गांव में पहुंच का केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से वंचित लाभार्थियो को सीधे लाभ पहुंचा रही है। भाजपा सरकार लोगों के घर के चौखट तक जा कर लाभ देने का काम कर रही है। पिछली सरकार 65 वर्षों में जो काम नही कर पाया वह अल्प समय में भाजपा सरकार कर रही है। हमारी सरकार 9 वर्षों में 4 करोड़ लोगों को आवास दिया। उज्वला योजना के अंतर्गत 13 करोड़ से ज्यादा लोगो को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया। 80 करोड़ गरीबो को मुफ्त राशन देने का काम मोदी सरकार कर ने किया। जनपद में साढ़े चार लाख लोगों को सम्मान निधि मिला। बस्ती में मेडिकल कॉलेज के अलावा भौखरी विद्युत परियोजना की स्थापना किया गया। देश के विकास हेतु भाजपा तुष्टिकरण, परिवार वाद, जातिवाद का सफाया कर रही है। उन्होंने पंचायत भवन निर्माण हेतु ग्राम प्रधान की सराहना की और ब्लॉक प्रमुख के मांग पर मिनी स्टेडियम बनाये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लोगों को सहयोग करने हेतु शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार योजना का लाभ जाति व धर्म देख कर नहीं देती। सभी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा सीधे लाभ मिल रहा है। ग्राम पंचायत के जो भी व्यक्ति किसी भी लाभ से वंचित है तो वह कैंप में लगे विभागों के स्टालों पर अपना रजिस्ट्रेशन कारण और लाभ ले।

युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए संसद से बिशनपुर गांव में मिनी स्टेडियम की मांग की। कार्यक्रम में पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देव, नगर पंचायत प्रतिनिधि गायघाट बालकृष्ण त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष गायघाट सुनील कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम आयोजक प्रधान संघ अध्यक्ष कुदरहा धर्मेन्द्र चौधरी ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत कर आभार प्रगट किया। कार्यक्रम का संचालन अमृत कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम ग्राम पंचायत करौंदा मसिना में हुआ सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन जोगिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत करौंदा मसिना में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक श्यामधनी राही ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे अति पिछड़े वर्ग के वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभान्वित किया जाए। देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाली अति पिछड़ी जाति के आबादी हैं जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते हैं वहां उपस्थित लोगों को विकसित राष्ट्र व प्रधान मंत्री के विकसित भारत संकल्प यात्रा को साकार करने को लेकर लोगों को शपथ भी दिलाई गयी और स्कूली बच्चियों द्वारा सरस्वती गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। ग्राम प्रधान ने कहा कि इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख लवकुश ओझा भनवापुर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनधि जोगिया श्रीश चौधरी स्वास्थ्य विभाग सी एच ओ सारदा कुमारी,आंगनबाड़ी और कृषि विभाग के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

## 23 को स्वच्छता अभियान संचालित किया जायेगा

**बस्ती।** गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारी बैठक सम्पन्न हुआ। मुख्य कार्यक्रम 9.30 बजे पुलिस लाईन में आयोजित किया जायेंगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम कमलेश चन्द्र ने कहा कि 23 जनवरी को सभी कार्यालयों में स्वच्छता अभियान संचालित किया जायेंगा। प्रातः 8 बजे से विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जायेंगी। सुबह 8.30 बजे सभी सरकारी कार्यालयों में झण्डा रोहण, राष्ट्रगान के पश्चात संविधान में उल्लिखित संकल्प लिया जायेंगा। सभी तहसीलों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जायेंगा। ग्राम पैडा, नगर बाजार तथा अमोढा में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जेल, जिला चिकित्सालय, कुष्ठ आश्रम तथा सम्प्रेक्षण गृह मे फल एवं मिष्ठान वितरण किया जायेंगा। खेल-कूद विभाग द्वारा मध्यम गति दौड़ आयोजित की जायेंगी। 26 जनवरी को सभी शैक्षिक संस्थाओं में प्रातः 10.00 बजे से झण्डारोहण किया जायेंगा।

## टैबलेट व स्मार्टफोन छात्रों की शिक्षा में लायेगी क्रान्तिः तिवारी

### माँ तिलेसरा देवी महाविद्यालय में वितरण किया गया टैबलेट और स्मार्ट फोन, खुशी से झूम उठे छात्र-छात्राएं

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश में अध्ययन करने वाले युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु को टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरण योजना के तहत जनपद अम्बेडकरनगर के माँ तिलेसरा देवी महा विद्यालय भसड़ा टांडा अम्बेडकरनगर में समारोह पूर्वक टैबलेट और स्मार्ट फोन का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथी के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अम्बेडकरनगर त्रयम्बक तिवारी जी मौजूद रहे द्य टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम की शुरुआत माँ स्वरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करने के साथ किया गया और छात्राओं द्वारा स्वरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पपश्चात मुख्य अथिति का स्वागत करते हुए माल्यार्पण कर अंग वस्त्र भेंट किया गया। इसी क्रम में छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला त्रयम्बक तिवारी जी ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश में अध्ययन करने वाले समस्त छात्र छात्राओं को तकनीकी रूप से कुशल बनाने के लिए टैबलेट और स्मार्ट फोन का वितरण किया जा रहा है ताकि सभी बच्चें वर्तमान समय की उपयोगिता समझे और रोज की घटनाओं से अपडेट रहने के तकनीकी का ज्ञान होना बहुत ही आवश्यक है। श्री तिवारी ने कहा कि अभी सभी बच्चो में खूब ऊर्जा का संचार होता है जो भी कार्य करे उस कार्य को करने की कला आना चाहिए आप सभी आज जो स्मार्ट फोन पा रहे है सकारात्मक सोच से ही का प्रयोग करे द्य रुचि के अनुसार अपने कार्य और व्यवसाय को करना चाहिए द्य इच्छा शक्ति के अनुसार जो कार्य आप करते है उसी से आगे बढ़ जाते है। सफलता आपकी इच्छा शक्ति पर निर्भर करती है। श्री तिवारी ने वोट की कीमत क्या है उसके बारे में बताया और मोबाइल फोन पूरी दुनिया का चिराग है इसका प्रयोग सोच समझ कर करें। इस अवसर पर अनिल रंजन जी एडवोकेट, जितेंद्र कुमार पाण्डेय, मोहम्मद शहीद अली जी प्रबंधक हाजी अब्दुल्ला महाविद्यालय बसखारी, श्री आनंद प्रकाश मिश्रा प्रधानाचार्य, अशोक कुमार पटेल जी सोनू मिश्रा, लव कुमार मिश्रा, अरशद आलम, अभिषेक कनौजिया आदि का महाविद्यालय परिवार द्वारा बुके और माल्यार्पण के साथ अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय परिवार में राम पूजन प्रजापति संरक्षक, सुधीर श्रीवास्तव प्राचार्य, डॉ अश्वनी कुमार, सुशील कुमार मौर्य, डॉ अभिषेक पाण्डेय, सुश्री साधना यादव, डॉ शिवानी श्रीवास्तव, श्रीमती मालती, डॉ राम कुमार डॉ अमित शर्मा डॉ पवनेश श्री गौतम कुमार, संतोष कुमार सिंह, डॉ चंदलेखा तिवारी, डॉ वंदना मिश्रा, डॉ मीना गुप्ता, डॉ निधि सिंह, डॉ प्रशांत सिंह, अर्जुन प्रसाद, रवि कुमार, इंद्रेश कुमार, राहुल वर्मा, अभिषेक राजभर, अभुदय सिंह, सुनीता, आशा मौर्या, चंद्र कला वर्मा, एकता सिंह, ममता, ब्रह्मदेव निषाद, शिव प्रकाश, संदीप कुमार, अनिरुद्ध, सूरज कुमार, रूपा, शिवपूजन, ज्ञानमती, सुमित्रा देवी, रमेश यादव, राहुल कुमार, यादगार हुसैन, दस्तगीर आलम सहित समस्त छात्र छात्राएँ मौजूद रही। टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम के अंत में संरक्षक आरपी प्रजापति और प्राचार्य डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने आये हुए सभी अतिथियों और छात्र छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुशील कुमार मौर्य और एकता सिंह ने किया।

## समाजवादी महिला सभा की पदाधिकारियों ने गैंगरेप पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी महिला सभा द्वारा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुनीता गोस्वामी ने अपने समाजवादी महिला सभा की पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच कर बनारस बीएचयू गैंगरेप की शिकार पीड़ित छात्रा को न्याय दिलाने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी को राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगायी है।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि सत्ता संरक्षित गुन्डो द्वारा यह घृर्णित अपराध किया गया है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तब से प्रदेश में अपराध एवं महिला उत्पीड़न गैंगरेप जैसी घटनाएं आए दिन घटित हो रही है एवं लगातार बढ़ती ही जा रही है। जिसका उदाहरण प्रदेश के वाराणसी जनपद में भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा बी एच यू की छात्रा से गैंगरेप जैसी घृणित अपराध किया गया है सत्ता के दबाव में जिला प्रशासन द्वारा समय से कोई कार्रवाई नहीं की गई भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा घृणित अपराध का विरोध बी एच यू के छात्राओं द्वारा किया गया परंतु बीजेपी के कार्यकर्ताओं अपराधियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई बल्कि भाजपा सरकार द्वारा अपराधियों को संरक्षण प्रदान किया गया जो कि गलत है और समाज हित में नहीं है। समाजवादी पार्टी शासन प्रशासन से मांग कर रही है कि दुराचारियों के गिरफ्तारी को लेकर विरोध कर रही छात्राओं पर मुकदम दर्ज कर दिया गया है जिसे तत्काल वापस लिया जाए और गैंगरेप जैसे घृणित कार्य में लिप्त अपराधियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई किया जाए। इस दौरान महिला सभा की प्रदेश सचिव अनीता द्विवेदी, रेशमा शाह, सुमन यादव, नूरजहां, कौशल्या, मालती, रुखसार बानो, सुनीता, मोमिना खातून, कपूर देवी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

## पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने छात्रों को बांटे मुफ़्त स्मार्टफोन

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** आज के दौर में शिक्षा इंटरनेट के माध्यम से प्रदान की जाने लगी है। लेकिन आज भी कई छात्र ऐसे हैं जो अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण टेबलेट या स्मार्टफोन खरीदने में सक्षम नहीं है। इन्ही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वादे के मुताबिक प्रदेश सरकार द्वारा छात्र एवं छात्राओं को टेबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण किया जा रहा। जलालपुर नगर के बाबा बरूआ दास महिला पीजी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर स्मार्टफोन वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि भाजपा अयोध्या जिला प्रभारी डॉक्टर मिथिलेश त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि नगर अध्यक्ष संजीव मिश्र के साथ साथ शिक्षकों ने सैकड़ों छात्र छात्राओं में टेबलेट वितरित किए। लोगो को संबोधित करते हुए अयोध्या जिला प्रभारी डॉ मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यूपी फ्री टैबलेट स्मार्टफोन योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के माध्यम से छात्रों को टेबलेट या फिर स्मार्टफोन मुफ्त में,बिना किसी भेदभाव के मुहैया कराए जा रहे है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी सबका साथ सबका विश्वास नारे के तहत सबके विकास के लिए कृत संकल्पित है और लगातार इस दिशा में कदम बढ़ा रही है।वही महावीर प्रसाद स्मारक महिला महाविद्यालय के प्रबंधक कमला प्रसाद वर्मा के अध्यक्षता में मुख्य अतिथि मिथिलेश त्रिपाठी द्वारा छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। इस अवसर पर दोनों कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से शिक्षक सानंद मिश्र, मीडिया प्रभारी विकास निषाद, नगर उपाध्यक्ष आशाराम मौर्य, पि. मो. नगर अध्यक्ष सोनू गौड, सभासद अनुज सोनकर, अजीत निषाद, दिलीप यादव, विपिन पांडे, विक्की गौतम, नगर मंत्री रोशन सोनकर, निपेंद्र कुशवाहा मनीष जायसवाल, गोलू जयसवाल तथा शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## नव वर्ष मंगलमय हो

सर्व प्रथम, अवधनामा से जुड़े पाठको, विज्ञापनदाताओं कार्यकर्ताओं को शुभकामना, नया साल अपके लिये ढेर सारी खुशियां और सफलतायें ले आये आपके सपनो को साकार करें। आप लोगों ने अपने लगन और मेहनत से अवधनामा को जिस ऊंचाई तक पहुंचाया है नये साल में और ऊंचाई पर ले जाने में सफलता पाये।

नया साल नई शुरूआत के लिये प्रेरणा बन कर आता है। पुरानी असफलताओं को किनारे कर नई सोच और सफलता का सौगात लेकर नया वर्ष आता है। मंगलमय शुरूआत का पहला दिन हर देश में अपने अपने तरीकों से उल्लास के साथ मनाया जाता है। नया साल में मनुष्य अपने को फिर से तौलता है फिर अपने में जरूरी बदलाव करते हुये संकल्प के साथ आगे बढ़ता है। पुरानी असफलता को भूल कर आगे बढ़ने का नया साल सन्देश देता है। पुरानी असफलता की समीक्षा कर पूर्व के प्रयत्नों में सुधार करते हुये आगे कदम बढ़ाने का नया साल सन्देश लेकर आपके पास आया है। ध्यान से सुनिये कान में कुछ कह रहा है।

यह धारणा है कि नये साल का पहला दिन उत्साह और खुशी से मानाया जाता है तो यह खुशी और उत्साह पूरी साल बना रहता है। सफलता और खुशी अपने कर्त्तव्यों से मिलते है और उन्हीं पर निर्भर करते है। इसलिये अपने को स्फूर्तिदायक और स्फूर्तिवान बनाये रक्खें। नये सपनों की नीव रक्खें और पूरा करने के लिये सकारात्मक होकर प्रयास करते रहे। स्फूर्ति और आशा से जो भावनायें हमारे दिल में उठती है वही हमारे जीवन और हमारे कार्यो को प्रभावित करती रहती है। इसलिये सपनों को पूरा करने के लिये स्फूर्ति और आशा का दामन कभी न छोड़े चाहे जितनी विपरीत परिस्थितियां हो आदमी का धीरज, प्रयास और उत्साह ही आदमी को गढ़ता है और उसे आगे बढ़ाती है।

हमें गर्व होना चाहिये कि हम भारतीय है जहां आस्था और पूजा का बड़ा महत्व है। ये दोनो चीजें हमारे में सकारात्मक सोच लाती है। जिससे कर्त्तव्यों को निपटाने का साहस मिलता है, नई कल्पनायें मिलती है, नया जोश और स्फूर्ति मिलती है। कितनी भी विपरीत परिस्थिति हो कितनी भारी निराशा हो अगर आंखे मूद कर भावमुद्रा में बैठ जाये। पूजा का एक रूप आत्मचिन्तन भी है। आप सोचे मूक सन्देश समझे कोई न कोई सकारात्मक पहलू फ्लैश कर जायेगा जो आपकी जीवन शैली और सोच नकारात्मक सोच को बदल देगा। अन्धेरे में आपको रोशनी की क्षीख रेखा दिखेगी। और आप बढ़ते जायेगे क्षीण रोशनी की रेखा आपके जीवन को पूरे प्रकाश से भर देगी। नया साल नयी-नयी पहल करने को प्रेरित करता है। क्योंकि पूरी दुनियां नये साल की खुशी में शामिल रहती है। सब तरफ खुशी का सैलाब रहता है उसे देख आप अप्रभावित कैसे रह सकते है। इसलिये नये वर्ष का स्वागत दिलखोल कर कीजिये। नये उत्साह से नये सोच नई पहल को अपनी जीवन शैली बनाये।

याद रक्खे सितारों के आगे जहां और भी है।
अपनी सफलता पर खुश होकर विराम न लगाये।
आगे बढ़ते जाना ही जीवन है।

## इसरो वैज्ञानिकों की सफलता ने ग्रामीण किशोरियों को राह दिखाई



सुनीता जोशी

साल 2024 के आगमन पर जब पूरी दुनिया के साथ साथ भारतवासी भी जश्न में डूबे हुए थे, ठीक उसी समय सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में बैठे इसरो के वैज्ञानिक एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लांच कर इतिहास रच रहे थे। यह दुनिया का दूसरा और भारत का पहला ऐसा सैटेलाइट है जो चांद, मंगल और सूरज से आगे बढ़ कर ब्लैक होल, आकाशगंगा और अंतरिक्ष में फैले रेडिएशन का अध्ययन करेगा। यह सैटेलाइट न केवल रेडिएशन के स्रोतों का पता लगाएगा और उनकी तस्वीरें लेगा बल्कि ब्रह्मांड के 50 सबसे ज्यादा चमकने वाले स्रोतों की भी स्टडी करेगा। जैसे- पल्सर, ब्लैक होल एक्स-रे बाइनरी, एक्टिव गैलेक्टिक न्यूक्लियाई और नॉन-थर्म सुपरनोवा आदि। यह चरम स्थितियों में उज्ज्वल खगोलीय एक्स-रे स्रोतों की विभिन्न गतिशीलता की स्टडी करने के लिए भारत का पहला समर्पित पोलारिमीटर मिशन है। आगामी पांच वर्षों तक इसरो वैज्ञानिकों को खगोलीय घटनाओं से रूबरू कराने वाले इस सैटेलाइट पर वैज्ञानिकों ने 2017 से काम शुरू कर दिया था।

वास्तव में, आज भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा विकासशील देश है जिसके वैज्ञानिक विश्व की दो सबसे शक्तिशाली देश रूस और अमेरिका के वैज्ञानिकों को हर मामले में न केवल टक्कर दे रहे हैं बल्कि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहली बार में ही यान को सफलतापूर्वक उतार कर साबित कर दिया कि यह सदी भारत का है और भारत सच में विश्व गुरु है। यह पहली बार नहीं है कि इसरो वैज्ञानिकों ने कोई नया कारनामा अंजाम दिया है। इससे पहले भी मंगल मिशन, सूरज का अध्ययन करने के लिए आदित्य L1 मिशन को सफल बना चुके हैं तो वहीं साल 2017 में पीएसएलवी के माध्यम से एक साथ 104 सैटेलाइट लांच कर रिकॉर्ड बना चुके हैं। भारतीय वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि ने जहां विश्व में भारत का मान बढ़ाया है, वहीं दूसरी ओर युवाओं को भी एक दिशा देकर उनका मार्गदर्शन किया है। अंतरिक्ष की चुनौतियों को भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा सफलतापूर्वक पार करते देख अब न केवल शहर बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा और किशोरियां भी इस ओर आकर्षित होने लगी हैं। ऐसा लगता है मानों उन्हें अपने जीवन की दिशा मिल गई है। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र बैसानी की किशोरियां भी अब इसरो वैज्ञानिकों की सफलता को अपने जीवन का लक्ष्य मानने लगी हैं। जिला बागेश्वर से करीब 10 किमी दूर गरुड़ ब्लॉक अंतर्गत यह गांव भले ही सड़क और अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहा है, जहां परंपरा और संस्कृति के नाम पर 12वीं के बाद ही लड़कियों की शादी हो जाना आम बात है, इसके बावजूद इस गांव की किशोरियां न केवल इसरो वैज्ञानिकों की सफलता पर गौरवान्वित हैं बल्कि अब वह भी वैज्ञानिक बनने का स्वप्न देखने लगी हैं। इस संबंध में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली 19 वर्षीय महिमा जोशी कहती है कि एक के बाद एक इसरो वैज्ञानिकों की सफलता ने अंतरिक्ष के बारे में जानने और पढ़ने के लिए मुझे भी प्रोत्साहित किया है। जब मैंने इसरो वैज्ञानिकों के बारे में पढ़ा तो पता चला कि उन्हें यह सफलता एक बार में नहीं मिली बल्कि कुछ अवसरों पर कड़ी मेहनत के बावजूद वह असफल भी हुए हैं। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपनी पिछली गलतियों से सबक लेते हुए उन्होंने अपने प्रयासों को लगातार जारी रखा और आखिरकार वह इतिहास रचने में सफल हो सके।

अंतरिक्ष विज्ञान में बच्चों में बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए अभिभावक बहुत खुश हैं। इस संबंध में 52 वर्षीय चंद्र प्रकाश कहते हैं कि वैज्ञानिकों की सफलता का यह प्रभाव होने लगा है कि अब बच्चे विशेषकर लड़कियां भी अंतरिक्ष में दिलचस्पी लेने लगी हैं। अब वह भी सोशल मीडिया पर अंतरिक्ष से जुड़ी जानकारियों को खंगालने लगी हैं। जिसे देख कर अच्छा लगता है। अंतरिक्ष अनुसंधान में भारतीय वैज्ञानिकों के बढ़ते कदम ने किशोर और किशोरियों को भी विज्ञान पढ़ने के लिए आकर्षित किया है। वहीं 72 वर्षीय बुज़ुर्ग गोपाल जोशी कहते हैं कि मैंने गांव में इससे पहले बच्चों में विज्ञान के प्रति इतनी रूचि कभी नहीं देखी थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

पूरा देश चाहता है कि पहलवानों को न्याय मिले। लेकिन न्याय पाने के लिए जो पहलवान जो प्रपंच और प्रोपगेंडा कर रहे हैं, वो देषवासियों को अखरता है। एक अहम प्रश्न यह भी है कि जब पहलवानों ने धरना प्रदर्शन किया, उस समय भी उन्हें देष के सारे पहलवानों या अखाड़ों का समर्थन प्राप्त नहीं हुआ। वहीं जाट समुदाय की खाप पंचायतें भी खुलकर उनके समर्थन में नहीं आई। इससे सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कहीं न कही पहलवान बिरादरी और जाट समुदाय ये मानता है कि पहलवानों ने इस मामले में राजनीति कर रहे हैं।

# अखाड़े के चैम्पियन बने राजनीतिक पियादे



आशीष वशिष्ठ

बीते साल 18 जनवरी को विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया के नेतृत्व में पहलवानों ने जंतर-मंतर तक मार्च किया और वहां धरना दिया। उनका दावा है कि भारतीय कुश्ती संघ यानी डब्ल्यूएफआई के प्रमुख बृज भूषण सिंह ने एक नाबालिग सहित महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया। पिछले एक साल में इस मामले में कई उतार चढ़ाव आ चुके हैं। बृज भूषण शरण सिंह के विरूद्ध पुलिस ने मुकदमा लिखा और अब मामला अदालत में है।

बृजभूषण सिंह पर मुकदमा लिखा जाने के बाद पहलवान शांत हो गए थे। लेकिन पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव हुए, जिसमें बृजभूषण के करीबी संजय सिंह और उनका गुट जीता। इस जीत के बाद पहलवानों ने दोबारा नाराजगी और प्रदर्शन का ड्रामा शुरू कर दिया। साक्षी मलिक ने मीडिया के सामने कुशती छोड़ने की घोषणा की। अगले दिन बजरंग पुनिया ने पद्मश्री लौटाने का ऐलान किया। वो पद्मश्री सम्मान को पीएम आवास के बाहर सड़क पर छोड़ आए। साक्षी और बजरंग के बाद विनेश फोगाट ने खेल रत्न ओर अर्जुन अवार्ड लौटाने का ऐलान किया। बजरंग की तरह वो भी पीएम आवास के बाहर अपना सम्मान सड़क पर छोड़ आई। पहलवान न्याय पाने के संघर्ष की आड़ में राजनीति कर रहे हैं।

यह खुला तथ्य है कि पहलवानों को कांग्रेस पार्टी का समर्थन है। खबरें तो यह भी हैं कि साक्षी, विनेश और बजरंग को आगामी लोकसभा या हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी टिकट दे सकती है। ताजा प्रकरण में नाराज पहलवानों से मिलने प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी पहुंचे। राहुल गांधी की बजरंग पुनिया के गांव जाने और कुषती लड़ने वाली तस्वीरें पूरे देष न देखी। विनेश के अवार्ड वापसी के बाद भी राहुल और प्रियंका गांधी ने सोषल मीडिया के माध्यम से मोदी सरकार पर तीखे हमले किये। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की पहलवान आंदोलन से लेकर वर्तमान प्रकरण तक भूमिका सार्वजनिक है।

न्याय के लिए आंदोलन और अपनी आवाज बुलंद करने का अधिकार हमें हमारा संविधान प्रदान करता है। लेकिन खिलाड़ियों का एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता की भांति व्यवहार उचित नहीं ठहराया जा सकता। पिछले एक साल में ऐसे कई अवसर आए जब पहलवानों ने अपने राजनीतिक आकाओं के इषारे पर सोची समझी रणनीति के तहत केंद्र की मोदी सरकार की छवि धूमिल करने वाले कृत्यों को अमली जामा पहनाया।

याद करिए 28 मई का दिन। इस दिन देश को संसद का नया भवन मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नए संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। वास्तव में हर देश के इतिहास में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो अमर होते हैं। कुछ तिथियां समय के चेहरे पर अमर हस्ताक्षर बन जाती हैं। 28 मई एक ऐसा ही दिन है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि संसद की इमारत केवल एक भवन नहीं है बल्कि 140 करोड़



भारतवासियों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। यह आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी है और एक विकसित भारत का प्रतीक है। लेकिन इस ऐतिहासिक दिन रंग में भंग डालने के लिए पहलवानों ने अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर नए संसद भवन तक मार्च किया।

बीती 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या धाम में नवनिर्मित हवाई अड्डे ओर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया। अयोध्या को देश से जोड़ने के लिए कई नई रेलगाड़ियों का हरी झंडी दिखाई। और अयोध्या धाम के विकास के लिए करोड़ों की योजनाओं की घोषणा की। अयोध्या के विकास और प्रभु श्रीराम मंदिर के लोकापर्ण से पूर्व इस कार्यक्रम की बड़ी महत्ता है। लेकिन पहलवान इस दिन भी प्रपंच करने से बाज नहीं आए। विनेश फोगाट इसी दिन पीएम आवास के बाहर अपना अर्जुन और खेल रत्न सम्मान वापस करने पहुंची। और अपने अवार्ड सड़क पर छोड़कर चली आई। पहलवानों का खास मौके पर नकारात्मक व्यवहार यह साबित करता है कि वे एक राजनीतिक दल के पयादे या मोहरे भर हैं। पूर्व की घटनाओं के आधार पर इस बात की संभावना है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर रंग में भंग डालने के लिए पहलवान कोई नया नाटक या प्रपंच कर सकते हैं।

पूरा देश चाहता है कि पहलवानों को न्याय मिले। लेकिन न्याय पाने के लिए जो पहलवान जो प्रपंच और प्रोपगेंडा कर रहे हैं, वो देषवासियों को अखरता है। एक अहम प्रष्न यह भी है कि जब पहलवानों ने धरना प्रदर्शन किया, उस समय भी उन्हें देष के सारे पहलवानों या अखाड़ों का समर्थन प्राप्त नहीं हुआ। वहीं जाट समुदाय की खाप पंचायतें भी खुलकर उनके समर्थन में नहीं आई। इससे सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कहीं न कही पहलवान बिरादरी और जाट समुदाय ये मानता है कि पहलवानों ने इस मामले में राजनीति कर रहे हैं। यकीन मानिए अगर पहलवानों के आरोपों में सौ फीसदी सच्चाई झलकती तो पूरा देष उनके साथ खड़ा दिखाई देता। पहलवानों के आरोप बेबुनियाद और झूठा नहीं कहा जा सकता है, लेकिन इन आरोपों में राजनीति की मिलावट साफ-साफ दिखाई देती है। पहलवान न्याय चाहते हैं, लेकिन अपने मन के मुताबिक। वो चाहते हैं कि कुश्ती महासंघ पर उनका वर्चस्व हो। वो कानून और नियमों को दरकिनार कुश्ती में बना रहना चाहते हैं। वो खुद को चैंपियन समझते हैं और ट्रायल देने में अपनी तौहीन समझते हैं। वो चाहते हैं कि सभी बड़ी खेल र्स्पाधाओं में बिना ट्रायल उन्हें प्रवेष दिया जाए। ऐसा हो भी चुका है। 2022 के एशियाई खेलों में विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया को बगैर ट्रायल सीधी एंट्री मिली। नतीजा सबका सामने है। विनेश चोट का बहाना बनाकर कुश्ती के रिंग में उतरी ही नहीं। और बजरंग पुनिया शून्य के शर्मनाक स्कोर के साथ अखाड़े में चित हो गए।

कुषती ही नहीं प्रत्येक खेल में सफलता के लिए अनुशासन, संयम और निरंतर अभ्यास की जरूरत होती है। लेकिन जब कोई खिलाड़ी अनुशासन और अभ्यास को त्यागकर राजनीति, धरने प्रदर्शन और षडयंत्रों का भागीदार बन जाएगा तो उसकी अखाड़े से खाली हाथ वापसी होनी ही है। 2022 के एशियाई खेलों में विनेश और बजरंग की जगह अगर दूसरे पहलवानों ने देश का प्रतिनिधित्व किया होता तो हमारी पदक तालिका में दो पदक और जुड़ जाते। पहलवानों के धरने-प्रदर्शन और प्रपंचों के चलते देश में पिछले एक साल से कुश्ती की गतिविधियां ठप हैं। नतीजतन पहलवानों का बहुमूल्य समय और अथक परिश्रम व्यर्थ जा रहा है। इस एक साल में कुश्ती और पहलवानों का कितना नुकसान हुआ है, शायद इसका अंदाजा आंदोलनकारी पहलवानों को नहीं है। इस पूरे मामले का सबसे बुरा प्रभाव महिला कुश्तीपर पड़ना निष्चित है। ऐसे हालातों और गंदी राजनीति के चलते माता पिता बेटियों को कुषती के अखाड़े में भेजने से पहले सौ बार सोचेंगे। पहलवानों के नित नवीन प्रपंचों और नाटकबाजी से देषवासियों के दिलों में पहलवानों और कुश्ती की छवि धूमिल हो रही है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि विनेश, साक्षी, बजरंग ने देश के मैडल जीते। उन्होंने देश-दुनिया में भारत का नाम रौशन किया। इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि उनकी मेहनत में देशवासियों की दुआएं और सरकार का सहयोग भी शामिल है। आज इन पहलवानों का खेल का करियर ढलान की ओर है।

# पक्षियों का कलरव एवं ऊर्जा का खत्म होना बड़ी चुनौती

पृथ्वी पर हमें विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी मिलते हैं, जो हमारे प्राकृतिक वातावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा एवं प्रकृति संतुलन का सशक्त माध्यम हैं। दुनियाभर में जानवरों और पक्षियों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। यह गिरावट न केवल पर्यावरणीय परिवर्तनों के कारण हो रही है, बल्कि मुख्य रूप से मनुष्य की असंवेदनशील गतिविधियों और उनकी अज्ञानता के कारण भी हो रही है। इंसानी गतिविधियां जैसे नगरीकरण, उर्वरकों और कीटनाशकों का अधिकतम उपयोग, वायु यातायात और भूमि संपत्ति की विस्तार योजनाएं हैं। पक्षी विलुप्ति एक गंभीर समस्या है, क्योंकि पक्षियों का महत्वपूर्ण योगदान हमारी प्राकृतिक पेयजल और खाद्य सुरक्षा में होता है।



ललित गर्ग

देश एवं विदेशों में विलुप्त हो रही विभिन्न पक्षियों की प्रजातियों को बचाने के लिये वर्तमान में राष्ट्रीय पक्षी दिवस की प्रासंगिकता बढ़ी है। हर साल 5 जनवरी को प्रकृति प्रेमी, पर्यावरणविद, पक्षी रक्षक और पक्षीप्रेमी इस दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। राष्ट्रीय पक्षी दिवस पक्षियों के प्रति प्यार जताने एवं उनके संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध होने का एक खास दिन है। 2002 में पहली बार राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाने की शुरुआत हुई। सिर्फ अमेरिका में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में पक्षी प्रेमियों और अन्य लोग समान रूप से इस दिवस को मनाते हैं। भारत में भी इस दिवस को मनाने की विशेष प्रासंगिकता है, क्योंकि यहां भी अधिकांश पक्षी प्रजातियों को गंभीर भविष्य का सामना करना पड़ रहा है या वे विलुप्तता की कगार पर है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में इस दिवस को व्यापक पैमाने पर मनाया जाता है। अक्टूबर में प्रकाशित यूएस नॉर्थ अमेरिकन बर्ड कंजर्वेशन इनिशिएटिव की 2022 स्टेट ऑफ बर्ड्स रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में आधे से अधिक पक्षी प्रजातियों में गिरावट आ रही है और लगभग सभी आवासों में इन पक्षियों की आबादी कम हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 50 वर्षों में पक्षियों की लगभग 70 प्रजातियों ने अपनी आबादी का कम से कम आधा हिस्सा खो दिया है और अगर संरक्षण के प्रयासों में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं की गई तो अगली आधी सदी में वे बाकी आधी आबादी खो देंगे। भारत में भी पक्षी विलुप्ति एक गंभीर मुद्दा है जिसका हमें ध्यान रखना चाहिए। भारत सहित दुनिया में धीरे-धीरे विलुप्त हुए कुछ पक्षियों के नाम हम देखते है जैसे जंगली उल्लू, बेयर पोचार्ड, जॉर्डन कोर्टर, भारतीय गिद्ध, हिमालयन बटेर, साइबेरियन क्रेन, बंगाल फ्लोरिकन दुबला-पतला गिद्ध, सोसिएबल लैपविंग, लाल सिर वाला गिद्ध, सफेद पीठ वाला गिद्ध, महान भारतीय बस्टर्ड, सफेद पेट वाला बगुला, गुलाबी सिर वाली बतख, स्पून-बिल्ड सैंडपाइपर, गौरैया, मोर आदि। मनुष्य के जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें पक्षियों की संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और संगठित कार्रवाई की आवश्यकता है। जब हम पक्षियों को संरक्षित रखते हैं, तो हम अपने आप को और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित प्राकृतिक वातावरण का उपहार देते हैं।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। मनुष्य के कार्य-व्यवहार से ऐसा मालूम होने लगा है, जैसे इस धरती पर जितना अधिकार उसका है, उतना किसी ओर का नहीं- न वृक्षों का, न पशुओं का, न पक्षियों का, न नदियों-पहाड़ों-तालाबों का। दरअसल हमारे यहां बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, पर गौरेया जैसे छोटे पक्षियों के संरक्षण पर उतना नहीं। वृक्षारोपण, जैविक खेती को बढ़ाकर तथा



माइक्रोवेव प्रदूषण पर अंकुश लगाकर पक्षियों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। अब भी यदि हम जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास न करें, तो बहुत देर हो जाएगी। पृथ्वी पर हमें विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी मिलते हैं, जो हमारे प्राकृतिक वातावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा एवं प्रकृति संतुलन का सशक्त माध्यम हैं। दुनियाभर में जानवरों और पक्षियों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। यह गिरावट न केवल पर्यावरणीय परिवर्तनों के कारण हो रही है, बल्कि मुख्य रूप से मनुष्य की असंवेदनशील गतिविधियों और उनकी अज्ञानता के कारण भी हो रही है। इंसानी गतिविधियां जैसे नगरीकरण, उर्वरकों और कीटनाशकों का अधिकतम उपयोग, वायु यातायात और भूमि संपत्ति की विस्तार योजनाएं हैं। पक्षी विलुप्ति एक गंभीर समस्या है, क्योंकि पक्षियों का महत्वपूर्ण योगदान हमारी प्राकृतिक पेयजल और खाद्य सुरक्षा में होता है। पक्षियों को बीज और फल बोने, उगाने और फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य मिलता है, जिससे वनस्पतियों का प्रजनन होता है। इसके अलावा, पक्षी भी कीट-नियंत्रण करने में मदद करते हैं, जो हमारे खेती और फसलों को सुरक्षित रखता है। पक्षियों का एक और महत्वपूर्ण योगदान हमारे बायोडायवर्सिटी की सुस्थिति बनाए रखना है। पक्षियों के संकट ग्रस्त होने से हमारे प्राकृतिक परिदृश्य, बायोलॉजिकल संतुलन और वातावरणीय सेवाओं में कमी आती है। जंगलों की कटाई, अनुचित वन्यजीव व्यापार, औद्योगिकीकरण, वन, आग, जल प्रदूषण, हवा प्रदूषण, जैव उपयोग और जलवायु परिवर्तन के कारण पक्षियों के आवास की हानि हो रही है। इसके अलावा, जीवाश्मी शस्त्रधारी पक्षी जैसे कीटों और रोगों के आक्रमण के कारण भी पक्षियों की संख्या में गिरावट होती है।

पक्षियों को विलुप्ति से बचाने के लिये हमें अपने जीवन शैली में सतत वन्यजीवों के लिए स्थान छोड़ना होगा, जैसे कि उनके आवास के लिए उपयुक्त वन, नदी और झीलों की सुरक्षा और सफाई का ध्यान रखना होगा। हमें जैव उपयोग पर नियंत्रण लगाना होगा। कीटनाशकों का सतत उपयोग रोकना चाहिए और पर्यावरण के प्राकृतिक तरीकों से कीटों और रोगों का नियंत्रण करना चाहिए। वन्यजीवों के आहार और आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न संगठनों, सरकारी निकायों और जनसाधारण को मिलकर काम करना चाहिए। हमें प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के लिए विभिन्न सुरक्षा क्षेत्रों और अभयारण्य की स्थापना करनी चाहिए। जनसंचार और शिक्षा के माध्यम से लोगों को पक्षियों के महत्व के बारे में जागरूक करना चाहिए और उन्हें यह जानने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए कि वे अपने आसपास के पक्षियों के लिए संरक्षण कार्यों में सहभागी बन सकें।

मौजूदा समय में पशुओं एवं पक्षियों की संख्या का लगातार घटना एक अत्यन्त चिन्ताजनक स्थिति है। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है। मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, अनेक कारणों से उसकी संख्या भी घट रही है, जबकि मोर एक बहुत ही सुन्दर तथा आकर्षक पक्षी है। यह भारत के सभी क्षेत्रों में पाया जाता है। मोर के सर पर मुकुट जैसी खूबसूरत कलंगी होती है। इसकी लम्बी गर्दन पर सुन्दर नीला मखमली रंग होता है। मोर की मादा मोरनी कहलाती है। मोर के अद्भुत सौंदर्य के कारण ही भारत सरकार ने 26 जनवरी, 1963 को इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया था। हमारे पड़ोसी देश म्यांमार और श्रीलंका का राष्ट्रीय पक्षी भी मोर ही है।

# सीट बंटवारे के भंवर में फंसा इंडिया गठबंधन

इंडिया गठबंधन बनाने का मुख्य मकसद लोकसभा चुनाव में 450 सीटों पर मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए को सीधी टक्कर देनी है। एनडीए खासकर उत्तर और मध्य भारत में काफी मजबूत स्थिति में है। ऐसे में सारे समीकरण इन्हीं राज्यों के लिए तैयार किया गया है। लोकसभा सीटों के लिहाज से उत्तर प्रदेश में 80, महाराष्ट्र में 48, पश्चिम बंगाल में 42, बिहार में 40 और तमिलनाडु में 39 सीटों के साथ सबसे बड़ा राज्य हैं। इन राज्यों में जो समीकरण बन रहे हैं, उसमें कांग्रेस को 50 सीटें मिलना मुश्किल लग रहा है।



राजेश माहेश्वरी

विपक्षी गठबंधन इंडिया की चार बैठकें हो चुकी है। बीते 19 दिसंबर को गठबंधन के नेता दिल्ली में मिले थे। इस बैठक में भी भाजपा को हराने और एक साथ चलने जैसी हवा हवाई बातों के अलावा कुछ ठोस नहीं निकला। सीट बंटवारे जैसे अहम मुद्दे पर कोई ठोस पहल या निर्णय इस बैठक में नहीं हुआ। अब जब लोकसभा चुनाव सिर पर खड़े हैं और इंडिया गठबंधन अभी तक अपने संयोजक का चुनाव नहीं कर सका है। और न ही गठबंधन सीट बंटवारे का कोई फार्मूला तय कर पाया है। ऐसे माहौल में विपक्षी एकता का भविष्य क्या होगा, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे के फार्मूले पर फंसे पेच के बीच बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और और जनता दल यूनाईटेड के बीच बढ़ी खटास ने गठबंधन की परेशानी बढ़ा दी है। महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ को महत्व नहीं दे रहे। दूसरी ओर दिल्ली, हरियाणा, गुजरात में आम आदमी पार्टी ने सीट बंटवारे को उलझा दिया है। इस बीच खबर यह भी है कि सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन ने मियाद तय कर दी है। जिसके तहत जनवरी के दूसरे हफ्ते यानी 15 जनवरी तक सीटों का बंटवारा कर लिया जाएगा। कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सीटों के तालमेल के लिए 5 सदस्यों की एक कमेटी भी गठित की है। सीट बंटवारे में सबकी नजर यूपी, महाराष्ट्र और बंगाल समेत 5 बड़े राज्यों पर है, जहां कांग्रेस का जनाधार काफी कमजोर है। केरल और पंजाब जैसे राज्यों में भी कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं है। कांग्रेस यहां विधानसभा में कमजोर है, जबकि लोकसभा में उसे बढ़त हासिल है। इंडिया गठबंधन के सूत्रों के मुताबिक सीट बंटवारे के लिए शुरू में ही तीन फॉर्मूले नीतीश कुमार ने दिये था, लेकिन कई नेता इस पर सहमत नहीं थे। ऐसे में बड़े नेताओं को नए सिरे से भी सीट बंटवारे का फॉर्मूला ईजाद करना होगा। कई राज्यों में फ्रेंडली फाइट जैसे हालात भी बन गए हैं।

इंडिया गठबंधन बनाने का मुख्य मकसद लोकसभा चुनाव में 450 सीटों पर मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए को सीधी टक्कर देनी है। एनडीए खासकर उत्तर और मध्य भारत में काफी मजबूत स्थिति में है। ऐसे में सारे समीकरण इन्हीं राज्यों के लिए तैयार किया गया है। लोकसभा सीटों के लिहाज से उत्तर प्रदेश में 80, महाराष्ट्र में 48, पश्चिम बंगाल में 42, बिहार में 40 और तमिलनाडु में 39 सीटों के साथ सबसे बड़ा राज्य हैं। इन राज्यों में जो समीकरण बन रहे हैं, उसमें कांग्रेस को 50 सीटें मिलना मुश्किल लग रहा है। सबसे ज्यादा सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आरएलडी के साथ गठबंधन में है। सपा ने आजाद समाज पार्टी और अपना दल (कमेरावादी) को भी साथ जोड़ा है। यानी गठबंधन में मुख्य 3 दल के अलावा 2 छोटे दल भी शामिल हैं। 80 सीटों वाली उत्तर प्रदेश



में कांग्रेस लंबे समय बाद गठबंधन कर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 2009 में अकेले दम पर 21 सीटें यहां जीती थी। हालांकि, उस वक्त का सियासी समीकरण काफी अलग था। कांग्रेस अब भी 20 से ज्यादा सीटों पर दावा ठोक रही है, लेकिन पुराने आंकड़े और समीकरण उसके पक्ष में नहीं है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने रायबरेली सीट पर जीत हासिल की थी, जबकि अमेठी, कानपुर और फतेहपुर सीकरी में दूसरे नंबर पर रही थी। यानी कुल 4 सीटों पर कांग्रेस का बीजेपी से सीधा मुकाबला हुआ था। 2014 में कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली में जीत मिली थी, जबकि पार्टी 6 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी। इनमें गाजियाबाद, कुशीनगर, बाराबंकी, कानपुर, लखनऊ और सहारनपुर जैसी सीटें थी। कांग्रेस को यूपी में इस बार भी 7-12 सीटें मिलने की बात कही जा रही है. हालांकि, कांग्रेस का दावा कम से कम 20 सीटों का है।

महाराष्ट्र में कांग्रेस को उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी के साथ सीटों का समझौता करना है। 48 सीटों वाली महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की पार्टी 18 से कम सीटों पर लड़ने को तैयार नहीं है। पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन के 3 दलों का जनाधार है। तृणमूल बड़ी पार्टी है, जबकि कांग्रेस-सीपीएम दूसरे और तीसरे नंबर की। ममता बनर्जी सीपीएम को गठबंधन में लेने को तैयार नहीं है। कई मौकों पर तृणमूल के बड़े नेताओं ने इसके संकेत भी दिए हैं। पष्चिम बंगाल में लोकसभा की कुल 42 सीट है, लेकिन पिछले 2 चुनाव में यहां कांग्रेस और सीपीएम का प्रदर्शन काफी बुरा रहा है। कांग्रेस 4 सीटों पर ही आमने-सामने की लड़ाई में रही है. ऐसे में कांग्रेस ज्यादा सीटों पर दावेदारी करने की स्थिति में नहीं है।

इंडिया गठबंधन की शुरुआत बिहार से हुई थी। यहां 4 दलों में सीट बंटवारे का काम होना है। जदयू और राजद बड़े भाई की भूमिका में है। कांग्रेस और माले को भी लोकसभा चुनाव लड़ना है। पिछले चुनाव में जदयू एनडीए गठबंधन के साथ मैदान में उतरी थी। 2019 में जदयू के 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे थे, जिसमें 16 ने जीत हासिल की थी। ऐसे में यह लगभग तय है कि जदयू 16 से कम सीटों पर उम्मीदवार नहीं उतारेगी। राजद की भी इतनी ही सीटों पर दावेदारी है. 2 सीट पर सहयोगी माले भी दावा ठोक रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि कांग्रेस को 4-6 सीटें बिहार में मिल सकती है। कांग्रेस की यहां दावेदारी 8 सीटों की है। तमिलनाडु में पुराना समीकरण ही रह सकता है. 2019 में तमिलनाडु में कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। उसे इस बार भी उतनी ही सीटें मिलने की उम्मीद है।

विपक्षी गठबंधन कितना स्थाई है सीटों के बंटवारे का फार्मूला सामने आने के बाद ही इसका पता चल पाएगा। ताजा स्थिति यह है कि महाराष्ट्र में उद्धव गुट का शिवसेना, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, बिहार में राजद-जदयू, दिल्ली-पंजाब में आप और उत्तर प्रदेश में सपा कांग्रेस को भाव देने के मूड में नहीं है। चूंकि बिहार में गठबंधन का दायरा बहुत बड़ा है, ऐसे में राजद-जदयू कांग्रेस को दो-तीन सीटों पर, बंगाल में ममता बनर्जी दो-तीन सीटों पर, दिल्ली और पंजाब में आप कांग्रेस को इतनी ही सीटें देना चाहती हैं। मुश्किल यह है कि आप चाहती है कि कांग्रेस हरियाणा, गुजरात में उसके लिए बड़ा दिल दिखाए। ममता पश्चिम बंगाल में वाम दलों को एक भी सीट नहीं देना चाहतीं। ऐसे में सीटों के बंटवारे के फार्मूले पर सहमति बनती नहीं दिख रही। कुल मिलाकर फिलवक्त इंडिया गठबंधन की राह आसान दिखाई नहीं देती है। राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि मन मुताबिक सीट बंटवारा न होने पर कांग्रेस एकला चालो रे का फार्मूला अपनाएगी। खबर तो ये भी है कि पार्टी ने ऐसी लगभग 300 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी षुरू भी कर दी है। विपक्षी गठबंधन इंडिया बचेगा या नहीं इसकी तस्वीर इसकी अगली बैठक में साफ होगी। हालांकि सवाल है कि सीटों के बंटवारे पर फंसे पेच के बावजूद बैठक बुलाई भी जाएगी या नहीं? फिर नेता पद के लिए नीतीश की ओर से पेश की गई दावेदारी के इतर सवाल यह भी है कि क्या कांग्रेस बिहार, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, पंजाब जैसे राज्यों में खाली हाथ रहने के लिए तैयार है?

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अक्षरशः पालन में यूपी की अग्रणी भूमिका : धर्मेंद्र प्रधान

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमता मन्त्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अक्षरशः क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश की अग्रणी भूमिका है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पी.एम.-श्री योजना के शुभारंभ से स्कूली शिक्षा में नयी क्रांति आएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति को लागू करने में भारत सरकार से दो कदम आगे है। केंद्रीय मंत्री प्रधान आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में पीएम -श्री योजना पर आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, शिक्षकों और शिक्षण संस्थानों की क्षमता निर्माण, शोध को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है और राज्य ने पिछले 3 सालों में नई शिक्षा नीति के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा की नई शिक्षा नीति एक दस्तावेज मात्र नहीं है बल्कि इसे लागू करने के लिए तपस्या करनी पड़ेगी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पी एम श्री योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा चयनित 928 विद्यालयों और 81 केंद्रीय/जवाहर नवोदय विद्यालयों के आधुनिकीकरण का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बेहतर और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ विश्व-स्तरीय पढ़ाई, प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार का प्रमुख एजेंडा है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में पीएम-श्री के अन्तर्गत 1000 से अधिक विद्यालयों का उन्नयन और आधुनिकीकरण उसी दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति हो या उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर नीतियों को ज़मीन पर उतारने में उत्तर प्रदेश सरकार ने जो मानक गढ़े हैं, उससे पूरे देश का आत्मविश्वास बढ़ा है।

**■ बोले, शिक्षा में तकनीक का बेहतर इस्तेमाल कर शिक्षा का स्तर बढ़ाने की आवश्यकता**

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ा प्रदेश है जहां देश के 26 करोड़ बच्चों में से लगभग 4 करोड़ बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उत्तर प्रदेश आगे नहीं बढ़ेगा तब तक विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हर क्षेत्र में प्रगति करना आज इस प्रदेश का चरित्र बन गया है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना की शुरुआत उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद से ही प्रधानमंत्री जी ने की थी और बेहतर क्रियान्वयन के चलते उज्ज्वला योजना का 10 करोड़वां लाभार्थी भी उत्तर प्रदेश में रहा।

## यूपी में बदल गया स्कूल खुलने का समय, 5 घंटे ही चलेंगी कक्षाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्कूलों के खुलने के समय को लेकर बदलाव किया गया है।



माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने इस संबंध में प्रदेश के सभी स्कूलों को निर्देश जारी किया है। निदेशक के अनुसार, प्रदेश के सभी स्कूलों के खुलने के समय को बदलकर सुबह 10 बजे का कर दिया गया है। शिक्षा निदेशक के निर्देशानुसार, प्रदेश में अत्यधिक ठंड एवं शीतलहर के कारण स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। अब तक स्कूलों के खुलने का समय सुबह 8 बजकर 50 मिनट पर था, जिसे बदलकर सुबह 10 बजे कर दिया गया है। इसके साथ ही स्कूल बंद होने का समय दोपहर 2 बजकर 50 मिनट के बजाय दोपहर तीन बजे कर कर दिया गया है। इसके चलते अब 5 घंटे ही कक्षाएं चलेंगी।

# ग्लोबल टाइम्स ने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक प्रगति को स्वीकारा

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रमुख चीनी समाचारपत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने एक लेख प्रकाशित किया है, जिसमें उसने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक विकास, सामाजिक शासन और विदेश नीति में भारत के बढ़ते कदमों की प्रशंसा की है। अखबार की यह दुर्लभ स्वीकारोक्ति है।

इस लेख को शाङ्हाए स्थित फ़ूतान यूनिवर्सिटी के सेंटर फ़ॉर साउथ एशियन स्टडीज के निदेशक चाङ च्यातूङ ने लिखा है, जिसमें उन्होंने पिछले चार वर्षों के दौरान भारत की उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित किया है। आलेख में भारत के जोरदार आर्थिक विकास, शहरी प्रशासन में आये सुधारों और अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों, खासतौर से चीन के साथ भारत के सम्बन्धों में आये बदलावों को स्वीकार किया गया है। लेखक कहते हैं, उदाहरण के लिये, जब चीन और भारत के बीच के व्यापार असंतुलन की चर्चा होती थी, तब भारतीय प्रतिनिधि पहले व्यापार असंतुलन को कम करने के चीन के उपायों पर ही जोर डालते थे। लेकिन, अब वे भारत की निर्यात क्षमता पर ज्यादा जोर देने लगे हैं।

लेख में 'भारत विमर्श' के प्रति भारत की सक्रिय सूझ-बूझ का मुख्य रूप से उल्लेख किया गया है, जिसके तहत भारत के रणनीतिक विश्वास पर जोर दिया जाता है। लेखक का कहना है कि अपने तेज आर्थिक और सामाजिक विकास के दम पर भारत रणनीतिक रूप से विश्वास से भरा है तथा 'भारत विमर्श' की रचना व विकास के लिए पहले से अधिक सक्रिय हो गया है। वे कहते हैं, राजनीतिक और सांस्कृतिक पैमाने पर, भारत जहां पहले पश्चिम के साथ लोकतांत्रिक सहमति बनाने पर जोर देता था, अब वहीं वह लोकतांत्रिक राजनीति में 'भारतीय विशेषता' पर जोर देता है। मौजूदा समय में, लोकतांत्रिक राजनीति की भारतीय जड़ों पर पहले से ज्यादा जोर दिया जा रहा है। लेखक का कहना है कि यह बदलाव भारत की ऐतिहासिक औपनिवेशिक छाया से बाहर निकलने और खुद को राजनीतिक व सांस्कृतिक तौर पर एक विश्वस्तरीय प्रभावशाली देश के रूप में स्थापित करने की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। इसके अलावा, इस लेख में प्रधानमंत्री मोदी के तहत भारत की रणनीतिक विदेश नीति की सराहना की गई है और भारत के बहुस्तरीय-जुड़ाव वाले दृष्टिकोण तथा अमेरिका, जापान एवं रूस जैसी प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर प्रकाश डाला गया है।

# 8264 केंद्रों पर होगी 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के लिए केंद्रों की अंतिम सूची जारी हो गई। परीक्षा के लिए इस बार 8264 केंद्र प्रदेश में बनाए गए हैं। जिसमें 55,08,206 दसवीं और बारहवीं के पंजीकृत विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से 2024 बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारियां तेजी से चल रही है, लेकिन परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी करने में निर्धारित समय से अधिक समय लग गया। यूपी बोर्ड ने बृहस्पतिवार को बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी। बोर्ड की तरफ से कहा गया है कि इसके बाद कोई भी नया केंद्र नहीं बनाया जाएगा। जनपदीय समिति से केंद्र निर्धारित हो जाने के बाद जारी केंद्रों की सूची में सबसे अधिक परीक्षा केंद्र प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिलों में बनाए गए हैं।

प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत शामिल जिलों में कुल 2408 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां दशवीं और बारहवीं के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा अन्य क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत मेरठ में 1528, बरेली 893, वाराणसी 2084 और गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले जिलों में कुल 1351 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इस बाद की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 55,08,206 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें दसवीं में परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 29,47,324 है। इसमें बालकों की संख्या 1571,687 और बालिकाओं की संख्या 13,75,637 है। इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के लिए कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 25,77,964 है। इसमें बालकों की संख्या 14,28,731 और बालिकाओं की संख्या 11,49,233 है। यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि परीक्षा के लिए अन्य तैयारियां भी तेजी से पूरी करायी जा रही है।

# निर्माणाधीन राम मंदिर की नई तस्वीरें जारी

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए तैयारियां अंतिम दौर में है। इस बीच बृहस्पतिवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्माणाधीन राम मंदिर की नई तस्वीरें जारी की हैं।

अयोध्या में बन रहा तीन मंजिला राम मंदिर पारंपरिक नागर शैली में बनाया गया है। मुख्य गर्भगृह में श्रीराम लला की मूर्ति है और पहली मंजिल पर श्री राम दरबार होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, राम मंदिर में 5 मंडप (हॉल) होंगे। इसमें नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना और कीर्तन मंडप होंगे।

अयोध्या में बन रहा तीन मंजिला राम मंदिर पारंपरिक नागर शैली में बनाया गया है। मुख्य गर्भगृह में श्रीराम लला की मूर्ति है और पहली मंजिल पर श्री राम दरबार होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, राम मंदिर में 5 मंडप (हॉल) होंगे। इसमें नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना और कीर्तन मंडप होंगे। देवी-देवताओं की मूर्तियां मंदिर के स्तंभों और दीवारों को सुशोभित करती हैं। 32 सीढ़ियां चढ़कर श्रद्धालु सिंहद्वार से एंट्री कर सकेंगे। मंदिर के चारों तरफ आयताकार परकोटा रहेगा। मंदिर में दिव्यांग और बुजुर्ग तीर्थयात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं हैं। मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर के पास एक ऐतिहासिक कुआं (सीता कूप) है, जो प्राचीन काल का है। इसके अलावा, 25,000 लोगों की क्षमता वाला एक तीर्थयात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) का निर्माण किया जा रहा है। यह तीर्थयात्रियों के लिए चिकित्सा सुविधाएं और लॉकर सुविधा प्रदान करेगा। (राम मंदिर का मॉडल।)



# मंत्री नहीं बनने से नाराज चल रहे राजभर ने शाह से की मुलाकात



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राजनीतिक हचलच तेज हो गई है। जहां एक ओर कांग्रेस का मंथन हो रहा है, तो वहीं अब भारतीय जनता पार्टी में भी सुगबुगाहट तेज हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले अब नेताओं की मुलाकातों का दौर शुरू हो गया है। अब सुभासपा चीफ ओम प्रकाश राजभर ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

सुभासपा चीफ ओम प्रकाश राजभर ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। राजभर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो पोस्ट करते हुए इसकी जानकारी दी है। राजभर ने लिखा कि आज नई दिल्ली में देश के यशस्वी गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी से नव वर्ष पर आत्मीय मुलाकात हुई और उत्तर प्रदेश और बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, लोकसभा चुनाव की तैयारियों सहित भर/राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल किये जाने के लिए प्रस्ताव पर चर्चा हुई।

इसके साथ ही राजभर और अमित शाह के बीच यथा शीघ्र उत्तर प्रदेश सरकार से दिल्ली सरकार को रिपोर्ट मंगाने पर चर्चा हुई व बंजारा जाति के सामाजिक समस्याओं व गोंड,खरवार जाति के जाति प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों में सरकार द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र के शासनादेश का पालन कराकर जाति प्रमाण पत्र जारी कराने पर चर्चा हुई एवं वंचित शोषित वर्गों के हितों से जुड़े अहम विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

**उपभोक्ता परिषद ने किया बडा खुलासा**

# बिलिंग संबंधी 31084 शिकायतें बिना निस्तारण के अभी भी हैं लंबित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश की बिजली कंपनियों में जहां बिलिंग संबंधी शिकायतें पूरे उत्तर प्रदेश में बडे पैमाने पर आती है और उसका समाधान सासमय न किए जाने से उपभोक्ता परेशान रहते हैं वही आज जो खुलासा उपभोक्ता परिषद करने जा रहा है वह बेहद चौंकाने वाला है प्रदेश की बिजली कंपनियों में जहां ऑफलाइन बिजली दफ्तर में बिलिंग व अन्य समस्याओं से संबंधित लाखों शिकायतें उपभोक्ताओं द्वारा की जाती है वही प्रदेश की बिजली कंपनियों ने 1 जुलाई 2022 में पावर कॉरपोरेशन की वेबसाइट पर ऑनलाइन बिल संशोधन संबंधी शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था शुरू की तब से लेकर दिसंबर 2023 तक प्रदेश में सभी बिजली कंपनियां से कुल लगभग 65818 बिलिंग संबंधी शिकायतें उपभोक्ताओं द्वारा ऑनलाइन पावर कॉरपोरेशन की वेबसाइट पर दर्ज कराई गई जिसमें से केवल 34734 यानी कि लगभग 52 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण ही किया गया और आज भी 31084 विद्युत उपभोक्ताओं की बिलिंग संबंधी शिकायत बिजली कंपनियों के दफ्तरों में विचाराधीन है जो सिद्ध करता है कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों पर बिजली कंपनियां गंभीर नहीं है जो बहुत ही चौंकाने वाला है जहां विद्युत नियामक आयोग द्वारा समय से बिलिंग संबंधी शिकायत को ना दूर करने पर रुपया 50 प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा भी है लेकिन बिजली कंपनियां मुआवजा क्या देगी वह उपभोक्ताओं की समस्याएं ही नहीं सुन रही है जिस पर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन को गंभीरता से बिजली कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठाना होगा ।

**■ क्या बिजली कंपनियां स्वतः देगी मुआवजा**

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा सबसे बडा चौंकाने वाला मामला यह है की इन शिकायतों में लगभग 2225 शिकायतें 1 साल से ज्यादा व्यतीत हो जाने के बाद भी उनका निस्तारण नहीं किया गया और वह लंबित है जो अपने आप में गंभीर मामला है 3800 शिकायतें ऐसी है जो 180 से 365 दिवस से लंबित है ऐसे में बिजली कंपनियों को सोचना होगा की एक तरफ उनके तरफ से कहा जाता है कि विद्युत उपभोक्ताओं की सभी शिकायतें समयबद्ध तरीके से निस्तारित कर दी जाती हैं ।

# घंटाघर के सामने प्री-वेडिंग शूट कराने पर देने होंगे दो हजार

**लखनऊ।** हुसैनाबाद ट्रस्ट से जुड़े बड़ा इमामबाड़ा, रूमी दरवाजा, पिक्चर गैलरी, सतखंडा, तालाब, घंटाघर के बाहर अब प्री-वेडिंग शूट मुफ्त में नहीं हो सकेगी। इसके लिए ट्रस्ट को दो हजार रुपये देने होंगे। यही नहीं प्री-वेडिंग शूट के दौरान मर्यादित आचरण का पालन करना होगा।

लखनऊ की ऐतिहासिक धरोहरें प्री-वेडिंग शूट कराने वालों को लुभाती हैं। देश से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी लोग यहां आते हैं। हुसैनाबाद एवं संबद्ध ट्रस्ट के प्रभारी अधिकारी बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि फ्री की व्यवस्था में लोग वेडिंग शूट कराने के साथ ही अराजकता भी करते थे।

अब प्री-वेडिंग शूट निशुल्क नहीं होगा। इसके लिए दो हजार रुपये देकर रसीद लेनी होगी। किसी भी इमारत में प्रवेश के लिए टिकट अलग से लेना होगा। वेडिंग शूट की रसीद केवल दो घंटे के लिए मान्य होगी।

**■ नहीं कर सकेंगे अमर्यादित आचरण**



**इसका रखना होगा ध्यान**

- प्री-वेडिंग शूटिंग के समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना होगा।
- प्री-वेडिंग शूटिंग में किसी भी तरह का गाना या संगीत बजाना वर्जित है।
- बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, पिक्चर गैलरी, सतखंडा, रूमी गेट, घंटाघर के अंदर शूटिंग करना वर्जित है।

# स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों के लिये अंतर्जनपदीय ट्रांसफर पॉलिसी लागू की जाये : करुणा

अवधनामा संवाददाता



**■ स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों की समास्याओं को लेकर डिप्टी सीएम को नववर्ष की बधाई देकर सौंपा ज्ञापन**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश क्षयरोग वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री एवम् स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से शिष्टाचार मुलाकात कर बुके देकर नये वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की और स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

उत्तर प्रदेश क्षयरोग वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को सौंपे गये ज्ञापन में प्रदेश भर के समस्त टीबी कर्मचारीयों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए सभी संविदा कर्मचारियों को इपीएफ का लाभ दिये जाने, स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों को बीमा का लाभ दिलाये जाने की माँग की जिस पर स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने पूर्ण आश्वासन दिया कि आप सब निश्चिंत रहें इस पर कार्य चल रहा है। वहीं अपने गृह जनपदों से दूर दराज के जिलों में करीब 500 किलोमीटर दूर रह कर कार्य रहे रहे स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों के लिये अंतर्जनपदी ट्रांसफर पॉलिसी लागू करने की माँग की। प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्र ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को सौंपे गये ज्ञापन में ही बताया कि कई वर्षों से वेतन रिवाइज नहीं किया गया है और वेतन इंक्रीमेंट 5 फीसदी से बढ़कर 10 फीसदी कर दिया जाये। जिसके कारण करीब 20 वर्षों से स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी लगातार कार्य कर रहे वहीं टीबी कर्मचारी हाई रिस्क जोन में कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं उसके बावजूद कतिपय जनपदों में उनके सूचकांक को लेकर वेतन रोक दिया जाता है।

# आर्यन गुप्ता को एक लाख बीस हजार अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के मेधावी छात्र आर्यन गुप्ता को कम्प्यूटर साइंस की उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित जेवियर यूनिवर्सिटी द्वारा 1,20,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्र को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। आर्यन ने इस सफलता का श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 में सी.एम.एस. के 100 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी, मैसाचुसेट्स एम.आई.टी., मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है।

# टीएमयू की मेडिकल कॉलेज क्विज में एड्रेनालाइन अव्वल

## ब्रेडीकिनिन का प्रतियोगिता में दूसरा स्थान, डोपामिन टीम ने पाई थर्ड पॉजिशन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज में भारतीय सोसाइटी ऑफ रैशनल फार्माकोथेरेप्यूटिक्स की गाइड लाइन पर न्यू लेक्चर थियेटर में हुई क्विज प्रतियोगिता में एमबीबीएस के सेकेंड ईयर की चार टीमों ने शिरकत की। एड्रेनालाइन टीम में शशांक चंडोला और रिया सिंह तो ब्रेडीकिनिन टीम में अभी वर्मा और भव्या रहीं। कैल्सीटोनिन टीम में सिद्धार्थ चौधरी और इशिता रही तो डोपामिन टीम में खुशी और करिश्मा रहे।

इस प्रतियोगिता में एड्रेनालाइन टीम प्रथम रहीं। ब्रेडीकिनिन को दूसरा, जबकि टीम डोपामिन तीसरे स्थान पर रही। टीएमएमसी एंड आरसी के प्रिंसिपल डॉ. एनके सिंह, एडिशनल एमएस एंड हेड ऑफ मेडिसिन डॉ. वीके सिंह, फिजियोलॉजी के एचओडी डॉ. जयबल्लभ कुमार, ईएनटी के एचओडी डॉ. प्रोबल चटर्जी, चेस्ट एंड टीबी विभाग के एचओडी डॉ. मजहर मकसूद आदि ने संयुक्त रूप से पुरस्कार वितरित किए। अंत में डॉ. प्रीथपाल मटरेजा ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताते हुए कहा, ऐसी प्रतियोगिताओं से मेडिकल के छात्र-छात्राओं के ज्ञान में इजाफा होता है। डॉ. मटरेजा बोले, तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर-टीएमएमसी एंड आरसी की ओर से ऐसी प्रतियोगिताएं हम समय-समय पर कराते रहते हैं।

**■ पांच राउंड्स में पार्टिसिपेंट्स से पूछे प्रश्न, हर छात्र को दिए गए 50 एमसीक्यू प्रश्न**

क्विज प्रतियोगिता में मुख्य तौर से कुछ तो बोलो, पहचान कौन, कर भला हो बुरा, क्या करें, क्या न करें और टोटल धमाल जैसे पांच राउंड्स हुए, जिसमें सभी पार्टिसिपेंट्स से प्रश्न पूछे गए। उल्लेक्खनीय है कि क्विज प्रतियोगिता के प्रारंभिक चरण में 50 एमसीक्यू प्रश्न हर छात्र को दिए गए। उच्चतम अंक पाने वाले 8 छात्रों का चयन किया गया, जिन्हें चार गरुप्स में बांट दिया गया। हर ग्रुप को सही उत्तर के लिए 15 अंक दिए, जबकि गलत उत्तर के लिए 10 अंक काट दिए गए। अंतिम दौर में एड्रेनालाइन और ब्रेडीकिनिन पहुंची। अंततः एड्रेनालाइन टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया। क्विज प्रतियोगिता में डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. द्युति गुप्ता, डॉ. अमोल अग्रवाल, डॉ. यश गोयल, मिस शहनीला जफ़र के संग-संग एमबीबीएस सेकेंड ईयर के 157 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव : अयोध्या में रोज 20 हजार भक्तों को दर्शन कराएगी भाजपा

**लखनऊ।** भाजपा रोज चार से पांच लोकसभा क्षेत्र के करीब 20 हजार श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के दर्शन कराएगी। सूत्रों के मुताबिक, अयोध्या में रामभक्तों को ठहराने के लिए अलग से टेंट सिटी बनाकर निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था की जाएगी। भक्तों को रेलवे स्टेशन से टेंट सिटी तक लाने, वहां से मंदिर दर्शन और वापस स्टेशन छोड़ने तक की व्यवस्था रहेगी। पार्टी ने इसके लिए प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह को प्रभारी बनाया है।

इसके अलावा आठ टीमें गठित की जा रही है। इनकी जिम्मेदारी प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से पांच से सात हजार श्रद्धालुओं को रामनगरी लाने की है। 25 जनवरी से शुरू होने वाला यह सिलसिला अप्रैल तक चलेगा। पार्टी का मानना है कि इससे न केवल चुनावी माहौल बनेगा बल्कि लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ेगा। यात्रा के जरिये बड़ी संख्या में बुजुर्ग और महिलाएं पार्टी से जुड़ेंगे। वहीं, भाजपा की ओर से 22 जनवरी को करीब डेढ़ लाख बूथों पर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। पार्टी के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर किसी मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी करेंगे।

**वोट प्रतिशत बढ़ाने पर नजर**



# तुम्हारा लहजा बता रहा है तुम्हारी दौलत नई-नई है...

■ सूफियाना शाम में कुमार सत्यम की प्रस्तुति पर झूमें युवा

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** महोत्सव पंडाल में बुधवार की देर शाम एक सूफियाना शाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सोशल मीडिया स्टार कुमार सत्यम एंड ग्रुप मुंबई के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया। बड़ी संख्या में लोग सत्यम की गजलों को सुनने पंडाल में पहुंचे और देर तक लुफ्त उठाया। सूफियाना शाम में मुंबई से आए कुमार सत्यम ने समां बांध दिया। उन्होंने मंच पर पहुंचते ही सबसे पहले हम तेरे शहर में आए हैं मुसाफिर की तरह गजल से शुरुआत की। एक शेर पेश किया जरा सा कुदरत ने क्या नवाजा अभी से उड़ने लगे हो हवा में सुनाया तो पंडाल में मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर कुमार सत्यम का उत्साह वर्धन किया। इसी के साथ उन्होंने खामोश लव हैं झुकीं हैं पलकें दिलों में उल्फत नई नई है, तुम्हारा लहजा बता रहा है तुम्हारी दौलत नई नई है, गमों की बरसात हो रही है पुराने जावांज सो रहे हैं गुलाम दुनिया को कर रहा रहा है वो जिसकी ताकत नई नई है, हमरी अटरिया पर आजा रे संवरिया देखा देखी बलम होई जाए, लोग जो हंसे पर तुम न हंसियो तुम हंसियो तो जुल्म होई जाए, दमादम मस्त कलंदर आदि पेश कर पंडाल में मौजूद लोगों को मदहोश कर दिया। शहर के भरथना चौराहा के समीप तुलसी नगर में रहने वाला बीबीए का छात्र कुमार अनुज हाथ में एक चार्ट पेपर लेकर खड़ा था। छात्र मंच पर एक गजल की प्रस्तुति कुमार सत्यम के साथ देना चाहता है तो कुमार सत्यम ने उसको मंच पर आमंत्रित किया और उसको गजल पेश करने का मौका दिया तो कुमार अनुज ने वक्त का ये परिंदा रुका था कहां मैं था पागल जो इसको बुलाता रहा, चार पैसे कमाने मैं आया शहर मेरा गांव मुझे याद आता रहा गजल गाकर न सिर्फ शहर वासियों का ही नहीं बल्कि कुमार सत्यम का भी दिल जीत लिया और पंडाल में मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर अनुज का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी संजय कुमार वर्मा उनकी पत्नी नीलम राय, सीडीओ अजय कुमार गौतम, एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव मौजूद रहे।

### एसएसपी ने किया कलाकारों को सम्बोधित

**इटावा।** कार्यक्रम के समापन पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कुमार सत्यम व उनकी टीम को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। छात्र अनुज को भी मंच पर सम्मानित किया गया। एसएसपी ने कहा कि इटावा महोत्सव अब अपने यौवन की ओर बढ़ रहा है, भले ही महोत्सव पंडाल में होने वाले कार्यक्रमों के समापन की तारीख नजदीक आ रही है वैसे ही यहां पंडाल में होने वाले कार्यक्रमों में एक अलग उत्साह देखने को मिल रहा है। कड़ाके की सर्दी के बीच भी लोग पंडाल में पहुंचकर महोत्सव का आनंद ले रहे हैं और बाहर से आने वाले कलाकारों उत्साहवर्धन भी कर रहे हैं।

### मंच पर लखनऊ के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

**इटावा।** इटावा महोत्सव के मंच पर एक सूफियाना शाम कार्यक्रम में एसडीएम सदर की मौजूदगी में लखनऊ के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। अवधी व भोजपुरी गायिका वंदना मिश्रा ने झुक जईयों तनिक रघुवीर सिया जी मेरी छोटी हैं, अवध में जन्मे राम बाज रहीं बढ़ाई, मेरे राम आयें हैं, होली खेलें रघुवीरा अवध में होली खेलें रघुवीरा आदि के साथ गणेश वंदना आदि की प्रस्तुति दी। इसके अलावा गायक सुरेश कुशवाहा व गायिका जया कुशवाहा की जोड़ी ने भोजपुरी गीतों से लोगों का मनोरंजन किया। वहीं नृत्य नाट्य संस्था की छात्राओं ने भारतीय नृत्य की प्राचीन न विधाओं की प्रस्तुति दी।

## प्रवक्ता अली साबिर ने डीआईओएस को भेंट किया चित्र



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** इस्लामिया इंटर कालेज के चित्र कला प्रवक्ता सैयद अली साबिर ने अपनी कलाकृति का शानदार प्रदर्शन कर जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार का बनाया जलरंग द्वारा हस्तमुक्त चित्र डीआईओएस को नव वर्ष की शुभकामनाओं सहित भेंट किया। ज्ञात हो कि इस्लामिया इंटर कालेज के चित्र कला प्रवक्ता सैयद अली साबिर ने विगत दिवस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार को भी जलरंग द्वारा हस्तमुक्त चित्र भेंट किया था। चित्र कला प्रवक्ता श्री साबिर विभिन्न अवसरों पर अपनी कलाकृति का शानदार प्रदर्शन कर इस्लामिया कालेज का नाम रोशन कर चुके हैं। उन्होंने कई कला कृतियां देश के साथ-साथ विदेशों इंग्लैंड एवं कैनेडा में भी लोगों की ड्राइंग रूम की शोभा बढ़ा रहीं है। जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने अपनी शानदार कला कृतियां बनाकर भेंट करने पर इस्लामिया इंटर कालेज के चित्र कला प्रवक्ता सैयद अली साबिर की सराहना की है।

## आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे कैदी की मौत

**मथुरा।** आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे एक कैदी को बुधवार रात कारागार में हार्ट अटैक पड़ गया। कैदी पहले से ही श्वांस की बीमारी से ग्रसित थे। सांस लेने पर तकलीफ होने पर उनका जेल के अस्पताल में उपचार चल रहा था। रात को ज्यादा तबीयत खराब होने पर उनको जिला अस्पताल लाया गया। उपचार आरंभ होने से पहले ही कैदी ने दम तोड़ दिया। थाना रिफाइनरी क्षेत्र के गांव भुडरसू निवासी किशनी (69) को अपने ही गांव के सुरेश की हत्या करने के मामले 25 जुलाई 2019 को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा कोई ने सुनाई थी। इस मामले में न्यायालय ने 23 जुलाई को किशनी को दोष सिद्ध करार दिया था। उसी दिन उनको जेल भेज दिया गया। किशनी पहले से ही श्वांस की बीमारी से ग्रसित थे। एक जनवरी को उनकी तबीयत खराब हो गई। उनको जेल के अंदर ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ। रात में उनको सांस लेने में तकलीफ हुई तो जिला अस्पताल लाया गया।

## प्रधानमंत्री जी देश की जनता को अपना परिजन समझते हैं: सरिता भदौरिया

■ सदर विधायक सरिता भदोरिया का जन्म दिवस कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों ने धूमधाम से मनाया



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की जनता को अपना परिवार समझते हैं और इसका उदहारण हाल में ही देखने को मिला, जब वह अयोध्या में भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में से एक उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी मीरा मांझी के घर अचानक से पहुंच गए और उनके घर की चाय पीते हुए परिजनों के सुख-दुःख साझा किये। उक्त बात सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर पार पट्टी में कंबल वितरण के दौरान कहे उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रधानसेवक का यह सरल और सहज स्वाभाव ही उन्हें जनता का सबसे लोकप्रिय नेता बनाता है। जन्मदिवस की अवसर पर सुबह से ही बधाइयां देने का ताता लगा रहा जन्मदिवस की अवसर पर कुंडेश्वर धाम जाकर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया उदि चौराहे पर गरीबों को कंबल वितरण किय बसरेहर ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव बबलू के नेतृत्व में जगह-जगह के काटकर मिठाई बांटी बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल पूर्व जिला अध्यक्ष अजय ठाकरे शिव प्रताप राजपूत शहर महामंत्री विवेक गुप्ता कर्मचारी यूनियन के राजीव यादव जितेंद्र जैन हैप्पी हरि नारायण बाजपेई ओम रतन कश्यप विवेक रंजन गुप्ता चंदन पोरवाल एमपी सिंह तोमर टीटू चौहान ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संजू चौधरी महिला जिला अध्यक्ष बिरला शाक्य नीतू नारायण मिश्रा गुड्डी बाजपेई शिक्षक संघ की कामना सिंह युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता विशाल शर्मा पत्रकार वीरेश मिश्रा संजय सक्सेना महाराज सिंह भदौरिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महिला इकाई का विस्तार



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जीआईसी मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल महिला इकाई का विस्तार किया गया, महिला व्यापार मंडल की प्रदेश मंत्री सुशीला राजावत एंव जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा के नेतृत्व एंव व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान एंव जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, जिला संरक्षक गुड्डी बाजपेयी एंव जिला कोषाध्यक्ष बर्षा दुबे की मौजूदगी में करीब आधा दर्जन महिला व्यापारियों को संगठन में पदाधिकारी बनाया गया। इनमें प्रमुख रूप से ज्योति पालीवाल को उपाध्यक्ष, सीता मिश्रा को उपाध्यक्ष, ममता दुबे एंव संतोष राजावत को संगठन मंत्री, रंजना भदौरिया, नेहा चौरसिया, पूनम यादव एंव सपना को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

### सदर विधायक का मनाया जन्म दिवस



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जीआईसी ग्राउंड पर ईसीए अध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान और उनकी कमेटी द्वारा लोकप्रिय सदर विधायक सरिता भदौरिया का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। साथ ही गुरुवार को विधायका जी के जन्मदिन के अवसर पर जीआईसी ग्राउंड पर अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी बरखा चौहान, व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष सुशील राजावत, अर्चना कुशवाहा चित्र परिहार, नीतू नारायण मिश्रा ने विधायक जी को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। इसके उपरांत ईसीए अध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान ने विधायका जी को 21 किलो की माला पहनकर, चेयरमेन इरशाद मेंव ने पटका उढ़ाकर, राज कपूर राणा सफीक खान सलीम हुसैन शशांक पाठक और अमित यादव ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### राजेंद्र लोधी सपा विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी मथुरा वृन्दावन महानगर अध्यक्ष रितू गोयल की संस्तुति पर पूर्व में नामित विधान सभा अध्यक्ष पवन चौधरी के स्थान पर मथुरा वृन्दावन विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष पद राजेन्द्र प्रसाद लोधी पुत्र रामबाबू निवासी रानी मण्डी अर्जुन पुरा मथुरा को मथुरा वृन्दावन विधान सभा अध्यक्ष नामित किया ! डा. राजन रिज़वी,प्रदेश सचिव ठा. किशोर सिंह, सी.ए के के अग्रवाल ,पूर्व जेल विजिटर मनोज कुमार गोयल, नीटू चौधरी, बल्लभ भाई कुशवाह , हाजी फरूख,कोमल किशोर शर्मा, ऋषिकांत अग्निहोत्री,नेत्रपाल सिंह, दाऊदयाल शर्मा ,रमेश सैनी, रानु यादव, प्रीति , रेनु, रेखा ,सज्जन क्रांति, मुस्तफा आलम आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया।

## सज्जादानशीन ने सैय्यद नवाज़ अख्तर (चिश्ती मियां) को बनाया अपना जानशीन

■ उर्स हाफिज़े बुखारी सकुशल सम्पन्न होने पर सज्जादानशीन ने सभी का शुक्रिया अदा किया

■ सैय्यद मंज़र, सैय्यद मुज़फ्फर व सैय्यद गुलाम अब्दुस्समद चिश्ती को दी खि़लाफ़त

**वहाज अली निहाल**



**इटावा/औरैया।** फफूंद नगर स्थित ख़ानक़ाह आस्ताना आलिया समदिया में हुए 122 वें उर्स हाफिज़-ए-बुख़ारी के आखिरी दिन आस्ताना आलिया समदिया के सज्जादानशीन हजरत सैय्यद अख्तर चिश्ती ने अपने बेटे सैय्यद नवाज अख्तर उर्फ चिश्ती मियां को जानशीन बनाया वहीं सैयद मंजर चिश्ती, सैयद मुज़फ्फर चिश्ती व शहर क़ाज़ी सैयद गुलाम अब्दुस्समद चिश्ती को ख़िलाफ़त दी। उर्स हाफिजे बुखारी सकुशल सम्पन्न होने पर आस्ताना आलिया समदिया के सज्जादा नशीन हजरत सैय्यद अख्तर चिश्ती ने जनपद के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों का शुक्रिया अदा कर उनकी तरक्की की दुआ की। बुधवार को ख़ानक़ाह आस्ताना आलिया के सज्जादा नशीन हजरत सैयद अख़ूतर मियां चिश्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि इस साल मनाये गए 122 वें उर्स हाफ़िज़ बुख़ारी के आख़िरी दिन सोमवार की रात को हुए मुख़ूतसर जलसे के प्रोग्राम के दौरान उन्होंने अपने बेटे सैयद नवाज़ अख़ूतर चिश्ती को अपने बाद अपना जानशीन बनाया तथा अपने भाई सैयद मन्ज़र मियां चिश्ती, सैयद मुज़फ्फर मियां चिश्ती तथा सैयद अनवर मियां चिश्ती के बेटे शहर क़ाज़ी औरैया सैयद गुलाम अब्दुस्समद मियां चिश्ती को ख़िलावत दी है। उर्स हाफिजे बुखारी सकुशल सम्पन्न होने पर सज्जादा नशीन हजरत सैय्यद अख्तर चिश्ती ने जिले की जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम, एलआईयू, तथा समस्त ज़िला प्रशासन के साथ-साथ थानाध्यक्ष फफूंद व उनकी टीम नगर पंचायत फफूंद के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी सहित उनके कर्मचारियों तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित नगर के लोगों का शुक्रिया अदा करते हूए उनकी तरक्की की दुआ की है। कस्बे के लोगों ने उर्स में आये महमानों को हर सुविधा देकर मेहमानों को किसी भी तरह की तकलीफ महसूस नहीं होने दी।

## अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य-कला संस्कृति सम्मेलन में 9 देशों के साहित्यकार आये

### हिन्दी को ग्लोबल भाषा बनाने के लिए विश्व स्तर पर नई पीढ़ी को इससे जोड़ना है बेहद जरूरी: आचार्य डॉ. खेमचन्द यदुवंशी

**अवधनामा संवाददाता**

■ हिन्दी बने विश्व की सर्वाधिक लोकप्रिय भाषा- डॉ. रामा तक्षक

■ 31 भारतीय साहित्यकारों व कला साधकों को- इंटरनेशनल लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार- 2023 सम्मान

**मथुरा।** हिन्दी भाषा आज विश्व के 136 देशों में बोली जाने वाली विश्व की तीसरी भाषा बन चुकी है,हमारा प्रयास है कि यह विश्व की सर्वाधिक लोकप्रिय भाषा बने क्योंकि इसका व्याकरण विश्व का सर्वोत्तम व्याकरण है। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विशेषज्ञ डॉ. रामा तक्षक (नीदरलैण्ड्स) ने शहर के स्थानीय होटल मुकुन्द पैलेस के सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य कला व संस्कृति केन्द्र, भारत (रजि.) तथा अखिलभारतीय ब्रज संस्कृति केन्द्र, मथुरा (रजि.) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य-कला व संस्कृति सम्मेलनः 2023 के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि स्वरूपेण अपने वक्तव्य में कहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी सेवी डॉ. हरि सिंह पाल (प्रधान संपादक-सौरभ पत्रिका, न्यूयार्क अमेरिका) सहित अन्य विद्वानों ने अपने वक्तव्यों में हिन्दी भाषा को ग्लोबल भाषा के रूप में स्थापित करने पर बल दिया।

सम्मेलन के संयोजक व अकादमी पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य डॉ. खेमचन्द यदुवंशी शास्त्री ने आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए रहस्योद्घाटन किया- हिन्दी को ग्लोबल भाषा बनाने के लिए विश्व स्तर पर हमें एकजुट होकर प्रयास करना है और इसके लिये नई पीढ़ी को इसके महत्व और उपयोगिता को समझाते हुए उन्हें जोड़ना भी बेहद जरूरी है। इससे पूर्व माँ शारदे की छवि पर अतिथियों ने माल्यार्पण करते हुए दीप प्रवलित कर विधिवत सम्मेलन का उद्घाटन किया तथा संस्था के पदाधिकारी डॉ. एस.एस. अग्रवाल, प्रद्युम्न यदुवंशी, प्रभाकांत सक्सेना, ऋतुराज यदुवंशी, ललिता यदुवंशी ने उत्तरीय पहनाते हुए तिलक लगाकर अतिथियों का स्वागत किया।

तदोपरांत विश्व क्षितिज पर हिन्दी के बढ़ते हुए कदम विषयक संगोष्ठी प्रारम्भ हुई जिसमें आनंद गिरी गोस्वामी मायालु (लुम्बनी-नेपाल), डॉ. रमा पूर्णिमा शर्मा (टोक्यो-जापान), प. मदन लाल शर्मा (बर्गहिंगम, लन्दन), गोपाल बघेल मधु (टोरेंटो, कनाडा), डॉ. नीलू गुप्ता (केलिफोर्निया, अमेरिका), डॉ. प्रमिला भार्गव, (टोरेंटो, कनाडा), डॉ. किरण लता वैद्य (ऑस्ट्रेलिया), छोटू प्रजापति (सऊदी अरब) ने हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता को अपने अपने दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। इसी क्रम में विश्व स्तरीय हिन्दी सेवी डॉ. हरि सिंह पाल (नई दिल्ली), प्रोफ़ेसर एस. पी. सिंह (बिहार), अवधेश कुमार सक्सेना अवधेश (मध्यप्रदेश), धीरेन्द्र सिंह (देहरादून), दिनेश श्रीवास्तव (आजमगढ़), शिक्षाविद हीरा लाल पाण्डेय (नई दिल्ली), डॉ. ओमेन्द्र कुमार वर्मा (लखनऊ), रामेन्द्र कुमार शर्मा रवि (आगरा), सपना बनर्जी (आजमगढ़) के साथ साथ स्थानीय विद्वान व पत्रकार श्याम सुन्दर ओझा , चन्द्र प्रताप सिकरवार (समन्वयक- गीता शोध संस्थान, वृन्दावन), राकेश कुमार शर्मा वरिष्ठ पत्रकार, भागवताचार्य प. गोपाल प्रसाद उपाध्याय गोप, डॉ. हरिबाबू ओम, प्रोफ़ेसर डॉ. पल्लवी सिंह, प्रोफ़ेसर डॉ. नीतू गोस्वामी, डॉ. शैल कुमारी गौतम आदि ने हिन्दी के विश्व क्षितिज पर बढ़ते हुए कदम का साहित्यिक विश्लेषण प्रस्तुत किया। अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद व साहित्यकार डॉ. नटवर नागर ने कहा कि हिन्दी की शोभायात्रा भारत की सीमा-रेखा को पार करके विदेशी भूमि पर बड़े सम्मान के साथ आगे बढ़ रही है,अब हिन्दी न केवल भारत में बल्कि विश्व के अनेकानेक देशों में लगभग साढ़े तीन सौ करोड़ लोगों की भाषा बन चुकी है। इस अवसर पर 9 देशों के अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यकारों सहित 31 विश्व स्तरीय साहित्यकारों व कला साधकों को इंटरनेशनल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड- 2023 से सम्मानित किया गया।द्वितीय दिवस के सत्र में सम्मानित कला साधकों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया जिसके प्रारम्भ में सपना बनर्जी (आजमगढ़) ने अपने हिन्दी गीत,भजन और गजलों के सुमधुर गायन से वातावरण को संगीतमय बना दिया। इसी क्रम में सुप्रसिद्ध शहनाई वादक राजू बाबू व साथियों ने एक ओर जहाँ शहनाई वादन कर श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारी की धुन बजाई वहीं दूसरी ओर लोकगायक सुरेश वर्मा (आगरा) तथा डॉ. मुकेश वर्मा सोनी (जयपुर) ने ब्रजलोक गायन से सभी को तरंगित करते हुई थिरकने पर मजबूर कर दिया। नौटंकी गायक व निर्देशक डॉ. अमित कुमार दीक्षित रामजी (लखनऊ) और रंगकर्मी डॉ. ओमेन्द्र कुमार वर्मा ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से खूब वाहवाही लूटी।

## केएम विवि की लैब देख छात्र-छात्राएं हुए प्रसन्न

**अवधनामा संवाददाता**

■ केएम विवि: भ्रमण को पहुंचे राजकीय मॉडर्न इंटर कालेज के छात्र-छात्राएं

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय की शिक्षा प्रणाली एवं छात्र- छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं को जानने के लिये पं. दीनदयाल राजकीय मॉडर्न इंटर कालेज पाडल गोवर्धन के छात्र-छात्राओं ने प्रयोगशाला, म्यूजियम एनाटोमी, लाइब्रेरी संचालित कक्षाओं सहित खेल मैदान का भ्रमण किया।

पं. दीनदयाल राजकीय मार्डन इंटर कालेज के प्रवक्तागण हर्ष त्यागी, नरेश शर्मा, रजत यादव, अतुल पांडेय एवं रंजित सरोज आदि अपने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को लेकर केएम विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां विवि के कुलसचिव पूरन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में संचालित कक्षाएं, शिक्षक एवं शिक्षा प्रणाली रोजगारपरक व भविष्योन्मुखी है तथा संचालित कोर्सेस में छात्र एवं छात्राओं के हितों को ध्यान में किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ मनोज ओझा ने बताया कि पॉडल गोवर्धन के इंटर कालेज के अध्यापक अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को लेकर केएम विश्वविद्यालय में भ्रमण करने आए, जहां उन्होंने बॉयोकैमिस्ट्री, एनाटॉमी सहित कई डिपार्टमेंट्स का भ्रमण कर करते हुए कैम्पस की प्रशंसा की है।

इंटर कालेज के प्रवक्ता हर्ष त्यागी ने बताया कि यहां छात्र-छात्राओं ने बॉयोकैमिस्ट्री, डाईमेस्टीक, एनाटॉमी, एकेडमिक ब्लॉक, म्यूजियम, लाइब्रेरी डिपार्टमेंट को देखा, यहां हमने जाना कि ह्यूमन हार्ट के अंदर, ह्यूमन बॉडी में कैसे कार्य करता है। वहीं छात्रों ने बताया यहां का भ्रमण जिज्ञासा भरा रहा। विश्वविद्यालय में संचालित कोर्सेस भविष्य को ध्यान में रखते हुए चल रहे हैं, हम भी अपनी माध्यामिक शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत यही प्रवेश लेंगे।

## सपा कार्यकर्ताओं ने राजपाल के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मथुरा।** समाजवादी महिला सभा मथुरा की जिला अध्यक्ष सीमा करन एवं महानगर अध्यक्ष शबनम कुरेशी की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने मिलकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी मथुरा के हाथ सौंपा। ज्ञापन में वाराणसी बीएचयू में छात्रा के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई गैंगरेप की घटना में पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी कराने,अभियुक्तों के घरों पर बुलडोजर चलाने एवम पीड़ित छात्रा को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन कर रही बीएचयू कि छात्राओं के ऊपर दर्ज किए गए मुकद्मों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांगों को मुख्य रूप से रखा गया साथ ही समय से न्याय न मिलने पर आंदोलन कि चेतवानी भी दी। जिलाध्यक्ष सीमा करन ने कहा कि यदि उक्त मामले में हमारी मांगों को नहीं माना गया तो हम बड़ा आंदोलन करेंगे जब तक पीड़िता को न्याय नहीं मिलेगा हम समाजवादी लोग चैन से नहीं बैठेंगे। महानगर अध्यक्ष सबनम कुरैशी ने कहा कि हमारी जिलाध्यक्ष बहन सीमा करन के साथ हम सभी समाजवादी महिलाएं कंधे से कन्धा मिलाकर हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हैं।

## कलश यात्रा के साथ दुर्गाक्षी मंदिर हरिवंश विहार कालोनी में भागवत कथा शुरू



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** चोरवरी हरिवंश बिहार पक्का बाग में दुर्गाक्षी मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं विष्णु महायज्ञ के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषो ने सिर पर कलश रखकर से साईं विहार कॉलोनी के मंदिरों पर पूजा करते हुए कतारबध्य चलकर प्रभात फेरी की। भागवत कथा प्रवक्ता डॉक्टर ब्रह्म कुमार मिश्रा (श्रीधाम बृंदावन) के संरक्षण में वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश यात्रा निकाली गई। इससे पूरी कॉलोनी भक्तिमय वातावरण में डूब गई। इन्ही के बीच में पीत वस्त्रों को धारण किए पांच ब्राह्मण जो वरण बनाए गए थे । वह अपने मुख से शंखनाद कर रहे थे। घंटा घड़ियाल की आवाज भी धर्म भीरू प्राणियों के हृदय में हर्ष उत्पन्न कर रही थी। शिक्षक नितिन चौबे के संयोजन में उपरोक्त कार्यक्रम सप्ताह भर चलेगा। जिसमे क्षेत्र के तमाम भक्त प्रेमी लाभान्वित होकर धर्म की गंगा में गोते लगायेगे। भागवत कथा में परीक्षित के रूप में राधा चतुर्वेदी एवं यज्ञपति धर्मेश चतुर्वेदी उर्फ गुड्डू बनेंगे। यज्ञाचार्य मारुति नंदन दास अयोध्याधाम होगे। सहायक व्यास विकास शास्त्री है। कलश यात्रा में हरिकांत मिश्रा उर्फ छुन्ना पंडित, प्रशांत तिवारी झिझक, शिक्षक नेता भानु प्रकाश अवस्थी, राघवेंद्र दुबे, सुनील अवस्थी , विपिन दुबे , रविकांत दुबे, पप्पू यादव, अवनीश अवस्थी, संबूज मिश्रा, अतुल पाठक, आदित्य शुक्ला, शिवराज सिंह दुबे, बलराज चतुर्वेदी, अवनीश तिवारी आदि लोगो का सक्रिय योगदान रहा एवं समस्त कॉलोनी वासी उत्साहित दिखे।

## गोवर्धन तहसील के विद्यालयों का करेंगे कायाकल्प: हितेंद

**अवधनामा संवाददाता**

**गोवर्धन (मथुरा)।** गोवर्धन में आयोजित भव्य प्रबुद्धजन सम्मेलन में सम्मिलित होकर प्रबुद्धजनों ने सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प करने का किया आह्वान। अमेरिका से ब्रज की सेवा हेतु आए ब्रजवासी ठाकुर हितेंद्र सिंह द्वारा गोवर्धन के गुरु कृपा गार्डन में भव्य प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें समाज से जुड़े प्रबुद्धजनों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। प्रबुद्धजन सम्मेलन का भव्य प्रारंभ सबसे पहले गिरिराज जी के प्रमुख भजनों से हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रह यो, काली कमली वाला मेरा यार है, तू एक बार आ जा गिरिराज की शरण में गाकर कलाकार पंडित दिवाकर शर्मा, पंडित सोनू कौशिक, जगदीश, भगवान लाल, कृष्णा गोपाल, बाल किशन ने समा बांध दिया। इसके उपरांत समाज सेवी ठाकुर हितेंद्र सिंह ने सभी प्रबुद्धजनों के समक्ष यह आवाह्न किया कि आज हम सभी ब्रजवासी इसी ब्रज की धरती पर अपनी पढ़ाई पूरी कर दुनिया में ब्रज का नाम रोशन कर रहे हैं तो क्यों ना अब हम अपने ब्रज के सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प कर कुछ सेवा कार्यों में जुट जाएं, जिस पर पधारे सभी प्रबुद्धजनों ने अपनी सहमति जताते हुए इस पुनीत कार्य को सफल करने हेतु गिरिराज जी का जय घोष कर प्रार्थना की। इस मौके पर पधारे विशिष्ठ अतिथि सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सार्थक चतुर्वेदी ने कहा कि इसी प्रकार देश - विदेशों में रह रहे ब्रजवासियों को जोड़ कर गोवर्धन में सेवा कार्यों से जोड़ना चाहिए। इससे गोवर्धन क्षेत्र के कई सरकारी विद्यालयों का कायाकल्प किया जा सकता है। प्रबुद्धजन सम्मेलन में पधारे विशिष्ठ अतिथि सेना के मेजर लवेंद्र चौधरी ने कहा कि गोवर्धन के सरकारी विद्यालयों का प्रबुद्धजनों द्वारा मिल कर विकास कराना एक सार्थक प्रयास है उन्होंने कहा कि यह एक बहुत पुनीत कार्य है जिसके लिए समाज के हर वर्ग को आना चाहिए। इस मौके पर अजय अग्रवाल, नृत्यगोपाल दुबे, राजीव तेहरिया, मधुशूदन कौशिक, बाबूलाल मिश्रा, चौधरी नेमसिंह, विजय कुमार शर्मा, सीमारानी, नोदनी, ज्ञानेंद्र, मोहित शर्मा, माधव आचार्य, आदर्श चौधरी, मेजर लवेंद्र चौधरी, रमेश कुमार, अजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भारत-पाकिस्तान मैच की तारीख आई सामने, पहला मुकाबला आयरलैंड से !

पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद, भारत अपने अंतिम ग्रुप स्टेज गेम में कनाडा का सामना करने के लिए फ्लोरिडा जाने से पहले 12 जून को न्यूयॉर्क में संयुक्त राज्य अमेरिका का सामना करेगा।

भारत टी20 विश्व कप 2024 के दौरान 9 जून को न्यूयॉर्क में पाकिस्तान से भिड़ेगा और अपने कट्टर प्रतिद्वंदी के खिलाफ मैच से चार दिन पहले अपने अभियान की शुरुआत में आयरलैंड से खेलेगा। सूत्रों के अनुसार, भारतीय टीम, जो अपने दूसरे टी20 विश्व कप खिताब की तलाश में है, क्वालिफाई होने पर अपने ग्रुप मैच यूएसए में और सुपर 8 मैच वेस्ट इंडीज में खेल सकती है। भारत अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरिश टीम से भिड़ेगा।



पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद, भारत अपने अंतिम ग्रुप स्टेज गेम में कनाडा का सामना करने के लिए फ्लोरिडा जाने से पहले 12 जून को न्यूयॉर्क में संयुक्त राज्य अमेरिका का सामना करेगा। 15 जून को भारत बनाम कनाडा का मुकाबला हो सकता है। अगर भारत सुपर 8 चरण के लिए क्वालीफाई करता है, तो उनका पहला मैच 20 जून को बारबाडोस में होगा। उम्मीद है कि भारतीय टीम अपने सभी सुपर 8 मैच वेस्टइंडीज में खेलेगी। सूत्रों के मुताबिक टूर्नामेंट का फाइनल 29 जून को उसी स्थान पर खेले जाने की उम्मीद है।

हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय स्टार रोहित शर्मा और विराट कोहली टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम का हिस्सा बनने के इच्छुक हैं। रोहित और कोहली दोनों ने नवंबर 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से भारत के लिए सबसे छोटे प्रारूप में नहीं खेला है। इसी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टी20 विश्व कप 2024 को ध्यान में रखते हुए आईपीएल के दौरान कुल 30 खिलाड़ियों पर नजर रखी जाएगी।

वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगभग 30 खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखी जाएगी। अभी यह देखना होगा कि अगरकर और उनके साथी 11 जनवरी से मोहाली में होने वाली श्रृंखला के लिए रोहित और कोहली का चयन करते हैं या नहीं या फिर आईपीएल के दौरान ही उनकी फॉर्म और फिटनेस पर नजर रखी जाएगी।

## साउथ अफ्रीका की सरजमीं पर भारत की फतेह, सीरीज की 1-1 से बराबर

केपटाउन में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से मात दी है। इस जीत के साथ भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। दूसरा टेस्ट मैच स्रिफ पांच सेशन तक ही चला। मेजबान टीम ने भारत को जीत के लिए 79 रनों का लक्ष्य दिया।

भारत ने साउथ अफ्रीका को केपटाउन में खेले गए दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से मात दी है। इस जीत के साथ भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। दूसरा टेस्ट मैच स्रिफ पांच सेशन तक ही चला। मेजबान टीम ने भारत को जीत के लिए 79 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे भारत ने तीन विकेट गंवाकर 12 ओवर में ही हासिल कर लिया है।

# जसप्रीत बुमराह की बेहतरीन गेंदबाजी, खुद की गेंद पर लपका कैच, रोहित का दिखा फुल एग्रेशन

बुमराह के कैच के साथ रोहित शर्मा का एग्रेसिव जश्न भी सुर्खियों में है। रोहित को पता था कि भारत के लिए ये कितना बड़ा विकेट था, क्योंकि पहले टेस्ट मैच में यैनसेन ने 82 रन की अहम और बेहतरीन पारी खेली थी और भारत को मुश्किल में डाल दिया था।

भारत बनाम साउथ अफ्रीका दो मैचों की टेस्ट सीरीज लगता है कुल पांच दिन ही दिन में खत्म हो जाएगी। पहला टेस्ट मैच तीन दिन तक चला था, जबकि दूसरा टेस्ट मैच दो दिन में ही खत्म हो जाएगा। मैच के दूसरे दिन जसप्रीत बुमराह ने भारत के लिए दूसरी पारी में बेहतरीन गेंदबाजी की। इस दौरान उन्होंने कुल 6 विकेट अपने नाम किए। पहली पारी में बुमराह के खाते में दो विकेट गए थे, इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 8 विकेट अपने नाम किए। दूसरी पारी में बुमराह ने



मार्को यैनसेन को कॉट एंड बोल्ड आउट किया और जिस तरह से उन्होंने धांसू कैच लपका उसकी खूब चर्चा हो रही है।

वहीं बता दें कि, बुमराह के कैच के साथ रोहित शर्मा का एग्रेसिव जश्न भी सुर्खियों में है। रोहित को पता था कि भारत के लिए ये कितना बड़ा विकेट था, क्योंकि पहले टेस्ट मैच में यैनसेन ने 82 रन की अहम और बेहतरीन पारी खेली थी और भारत को मुश्किल में डाल दिया था।

दूसरी पारी में बुमराह ने 6 मुकेश कुमार ने दो जबकि सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को एक-एक विकेट की सफलता मिली। मैच की बात करें तो मैच के पहले दिन साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर और पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 55 रन बनाए।

# एमबापे ने फिर गोल दागा, पीएसजी ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती



एमबापे ने 44वें मिनट में गोल करके पीएसजी की जीत सुनिश्चित की। यह उनका इस सत्र में 23 मैच में 22वां गोल था। वह 2017 में पीएसजी से जुड़ने के बाद इस क्लब के लिए 234 गोल कर चुके हैं जो एक रिकॉर्ड है।

किलियन एमबापे और ली कांग के गोल की मदद से फ्रेंच लीग चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रेंच कप विजेता टूलूज़ को 2-0 से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। ली ने तीसरे मिनट में ही ओसुमाने डेम्बले की मदद से गोल करके पीएसजी को बढ़त दिला दी थी। टूलूज़ के पास 18वें मिनट में बराबरी का गोल करने का मौका था लेकिन गेब्रियल सुआजो गोल करने से चूक गए। एमबापे ने 44वें मिनट में गोल करके पीएसजी की जीत सुनिश्चित की। यह उनका इस सत्र में 23 मैच में 22वां गोल था। वह 2017 में पीएसजी से जुड़ने के बाद इस क्लब के लिए 234 गोल कर चुके हैं जो एक रिकॉर्ड है।

# अगले हफ्ते निलंबन को चुनौती देगा डब्ल्यूएफआई, 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक

डब्ल्यूएफआई खेल मंत्रालय द्वारा लगाये निलंबन को अगले हफ्ते अदालत में चुनौती देगा और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए उसने 16 जनवरी को यहां कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है।

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यू एफ आई) खेल मंत्रालय द्वारा लगाये निलंबन को अगले हफ्ते अदालत में चुनौती देगा और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए उसने 16 जनवरी को यहां कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है। सरकार ने राष्ट्रीय खेल संहिता और डब्ल्यूएफआई संविधान के उल्लंघन का हवाला देते हुए 24 दिसंबर को नवनिर्वाचित संस्था को महासंघ के चुनाव के तीन दिन बाद निलंबित कर दिया था।

डब्ल्यूएफआई कह चुका है कि वह न तो निलंबन को स्वीकार करता है और न ही कुश्ती का कामकाज देखने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित तदर्थ पैनल को मान्यता देता है। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने पीटीआई से कहा हमें सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है। हम इस मामले को अगले हफ्ते अदालत में ले जा रहे हैं। हमें यह निलंबन स्वीकार्य नहीं है क्योंकि हमारा चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से हुआ था। हमने 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है।

वाराणसी के संजय सिंह ने बताया कि तदर्थ पैनल मुश्किल की घड़ी में काम करने के लिए किस तरह ठीक नहीं था। उन्होंने कहा आपने देखा होगा कि जगरेब ओपन के लिए किस तरह टीम की घोषणा की गई थी। पांच वजन वर्गों में प्रतिनिधित्व ही नहीं था। उचित महासंघ के बिना ऐसा ही होगा। अगर कुछ पहलवान अपने संबंधित वर्ग में उपलब्ध नहीं थे तो उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को क्यों नहीं लिया गया?



संजय सिंह ने कहा जब महासंघ काम कर रहा था तो कभी भी किसी भी टूर्नामेंट में ऐसा कोई भी वजन वर्ग नहीं रहा जिसमें भारत ने प्रतिनिधित्व नहीं किया हो। और एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाली उसी टीम को चुनने के पीछे का औचित्य क्या था।

अन्य दावेदार भी शामिल थे। उन्होंने कहा, मुझे उन पहलवानों के फोन आ रहे हैं जिन्हें लगा था कि वे भारतीय टीम में जगह बनाने के काबिल थे। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें ट्रायल्स के जरिये साबित करने का मौका दिया जाता तो वे टीम में जगह बना सकते थे। इसलिये आपको एक सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है। इस बीच डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने खुलासा किया कि कार्यकारी समिति के लिए नोटिस 31 दिसंबर को जारी किया गया था। इसमें जारी किये किये एजेंडे का एक बिंदु संविधान के कुछ प्रावधानों को परिभाषित और इनकी व्याख्या करना है। सर्कुलर में स्पष्ट रूप से संविधान का हवाला देते हुए जिक्र किया गया है कि 'अध्यक्ष ही डब्ल्यूएफआई का मुख्य अधिकारी होगा। अगर उसे उचित लगता है तो उसके पास परिषद और कार्यकारी बैठक बुलाने का अधिकार होगा।

खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई की 21 दिसंबर को आम परिषद की बैठक में महासचिव की अनुपस्थिति पर आपत्ति व्यक्त की थी। डब्ल्यूएफ आई ने कहा कि उसने किसी भी नियम का उल्लघंन नहीं किया है और संविधान के अनुसार अध्यक्ष के पास फैसले लेने का अधिकार है और महासचिव उसके इन फैसलों को लागू करने के लिए बाध्य होगा। एक सूत्र ने कहा, हम तदर्थ पैनल के गठन और विभिन्न आयु ग्रुप में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की मेजबानी के बारे में भी चर्चा करेंगे।

दिलचस्प बात यह है कि तदर्थ पैनल पहले ही घोषणा कर चुका है कि वह तीन फरवरी से जयपुर में सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और अगले छह हफ्तों के अंदर ग्वालियर में आयु ग्रुप की चैम्पियनशिप का आयोजन करेगा। देखना होगा कि पहलवान डब्ल्यूएफआई या तदर्थ समिति द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में से किसमें हिस्सा लेते हैं।

# अदिति राव हैदरी ने सिद्धार्थ संग अपने रिश्ते पर लगाई मोहर, अभिषेक कुमार ने समर्थ जुरेल को मारा थप्पड़



बिग बॉस 17 के नवीनतम एपिसोड में साप्ताहिक नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रतियोगियों के बीच कई तीखी बहसें देखी गईं। सबसे चर्चित झड़पों में से एक है ईशा मालवीय-समर्थ जुरेल बनाम अभिषेक कुमार। पांच साल तक मलायका अरोड़ा से तलाक लेने के बाद अरबाज खान ने पिछले साल 24 दिसंबर 2023 को स्टाइलिस्ट शूरा खान से शादी कर ली।

पांच साल तक मलायका अरोड़ा से तलाक लेने के बाद अरबाज खान ने पिछले साल 24 दिसंबर 2023 को स्टाइलिस्ट शूरा खान से शादी कर ली। ऐसा लगता है कि अरबाज को शूरा खान में सभी का प्यार मिला है और उनकी शादी की तस्वीरें और वीडियो इसका सबूत हैं। लेकिन शूरा के साथ उनकी शादी ने उनकी पूर्व पत्नी मलायका अरोड़ा के साथ उनके समीकरण बदल दिए? नवीनतम विकास यह है कि अरबाज खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मलिका को अनफॉलो कर दिया है और यह अविश्वसनीय है। अरबाज और मलायका दोनों एक-दूसरे के साथ बेहद सौहार्दपूर्ण रहे हैं और उन्हें अपने बेटे अरहान खान को विदा करके अपने माता-पिता के कर्तव्य को पूरा करने के लिए अक्सर हवाई अड्डे पर एक साथ देखा गया है और कई अन्य उदाहरण भी हैं।

# जिंदगी के दर्द से निजात पाने के लिए इन एट्रेस ने चुनी आत्महत्या की राह, पार्टनर को चुकानी पड़ी थी कीमत

बॉलीवुड हो या टीवी, एक्ट्रेस हर कोई इस ग्लैमर वर्ल्ड में आकर कहीं खो सा जाता है। सोशल मीडिया के इस दौर में दर्शकों से कुछ भी छुपा पाना नामुमकिन सा हो गया है। फिर चाहे वो उनके प्रोफेशनल लाइफ की बात हो या लव लाइफ की बात हो। टीवी की ऐसी कई अभिनेत्रियां है, जिन्होंने अपनी जिंदगी से तंग आकर आत्महत्या का रास्ता अपनाया। उनकी मौत का जिम्मेदार उनके पार्टनर को ठहराया गया था। आइए जानते हैं।

टीवी एक्ट्रेस वैशाली ठक्कर इस दुनिया को अलविदा कह चुकी हैं। 16 अक्तूबर 2022 को वैशाली ने इंदौर में अपने घर में सुसाइड किया था। वैशाली की गिनती टीवी की खूबसूरत अभिनेत्रियों में होती थीं और उनके सुसाइड ने हर किसी को हैरान कर दिया। हालांकि, वैशाली के सुसाइड केस में अब तक कई बड़े खुलासे हो चुके हैं। बताया जाता है कि अभिनेत्री का उनके



बॉयफ्रेंड से झगड़ा हो गया था, जिसके बाद उन्हें ये कदम उठाना पड़ा था।

अभिनेत्री तुनिशा शर्मा ने शनिवार को आत्महत्या कर ली। उन्होंने अलीबाबा सीरियल में मुख्य भूमिका निभाई थी। 20 साल की तुनिशा ने शो के सेट पर फांसी लगा ली। अभिनेत्री का शव उनके को-स्टार शीजान खान के मेकअप रूम में मिला। शीजान और तुनिशा लंबे समय से रिलेशन में थे। तुनिशा की मां का आरोप है कि शीजान के चलते ही उनकी बेटी ने अपनी जान दी है। वहीं, पुलिस का कहना है कि शीजान और तुनिशा के बीच 15 दिन पहले ब्रेकअप हो गया था। इसी के चलते अभिनेत्री ने अपनी जान दे दी। मशहूर टीवी सीरियल बालिका वधू में आनंदी का किरदार करने वाली एक्ट्रेस प्रत्युषा बनर्जी ने भी आत्महत्या की थी। प्रत्युषा अपने मुंबई वाले घर में मृत पाई गई थीं। उन्होंने पंखे से लटक कर आत्महत्या की थी। प्रत्युषा को आनन फानन में अस्पताल भी ले जाया गया था लेकिन तब तक उनका निधन हो चुका था। प्रत्युषा ने एक अप्रैल 2016 को आत्महत्या की थी और उस वक्त उनकी उम्र 25 साल थी।

फिल्म निशब्द और गजनी में नजर आई एक्ट्रेस जिया खान की सुसाइड की खबर से पूरे बॉलीवुड को धक्का लगा था। जिया ने अपने घर में फंदे से लटक कर 25 साल की उम्र में मौत को गले लगा लिया था। जिया की मां राबिया खान ने इसे सुसाइड ना मानकर मर्डर करार दिया। उन्होंने एक्टर आदित्य पंचोली के बेटे सूरज पंचोली को इस सुसाइड की वजह बताया। जिया ने मरने से पहले एक सुसाइड नोट भी लिखा था।

# प्रशांत बोले, हनुमान कहो या हनु मैन, मुझे दोनों नाम स्वीकार्य, तेजा ने खोले कहानी के दिलचस्प राज

हिंदी सिनेमा और साउथ सिनेमा में अचानक सनातन संस्कृति को लेकर फिल्मों में तेजी आई है। छोटे परदे से लेकर बड़े परदे तक रामायण और इसके किरदारों को लेकर नई कहानियां गढ़ी जा रही हैं। सोनी चैनल पर शुरू हुई 'श्रीमद् रामायण' के बाद अब बारी फिल्म 'हनुमान' (हनु मैन) की है। माना जा रहा है कि सनातन संस्कृति को लेकर युवाओं में बढ़ते रुझान और भक्ति को ही हर फिल्म निर्माता अपने अपने तरीके से लुभाने को तत्पर है। हालांकि बीते साल फिल्म अदिपुरुष को लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया देख सभी फूंक फूंक कर कदम बढ़ा रहे हैं। फिल्म के नाम को लेकर भ्रम के बारे में इसके निर्देशक प्रशांत वर्मा ने भी अपनी राय स्पष्ट कर दी है।

बीते साल अपने टीजर की रिलीज के समय से ही साउथ सिनेमा की फिल्म हनु-मैन चर्चा में रही है। फिल्म निर्देशक प्रशांत वर्मा ने खास बातचीत में तब बताया था कि ये फिल्म कल्पना और पौराणिक कथाओं का संगम है। अब ये फिल्म 12 जनवरी से सिनेमाघरों में प्रदर्शन को तैयार है। फिल्म के अभिनेता तेजा सज्जा फिल्म के प्रचार में जोर-शोर से लगे हैं। मेकर्स ने फिल्म को पूरी तरह से काल्पनिक बताया है और इसे एक मनोरंजक फिल्म के तौर पर ही प्रमोट किया जा रहा है। एक बातचीत में अभिनेता तेजा सज्जा ने कहा, फिल्म की कहानी अंजनाध्री नाम की काल्पनिक जगह पर स्थित है। यह ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जिसे भगवान हनुमान से दैविक शक्तियां प्राप्त होती हैं। उसकी अपनी एक प्रेम कहानी है। यह वरदान फिल्म की मुख्य कहानी से कैसे आकर मिलता है? अंजनाध्री के लिए वह क्या करता है? यही फिल्म की कहानी है।



फिल्म में जबरदस्त एक्शन है।

तेजा सज्जा कहते हैं, यह फिल्म हीरो के इर्द गिर्द घूमती है। जब उसे दुख होगा तो दर्शकों को भी उसके लिए तकलीफ होगी। फिल्म एक्शन, प्यार, मस्ती और मजाक से भरपूर है। मुझे विश्वास है कि मैंने इसमें अच्छा काम किया है। यह एक मनोरंजक फिल्म है। फिल्म में ईश्वर के बारे में कोई ज्ञान उपदेश नहीं दिया गया है।

फिल्म के नाम को लेकर भी लोगों में शुरू से भ्रम रहा है। इस बारे में पूछे जाने पर फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा बताते हैं, 'टीजर में इसका नाम हमने 'हनुमान' ही रखा है लेकिन कुछ लोगों ने इसे 'हनु-मैन' कहकर भी बुलाना शुरू कर दिया। मुझे दोनों नाम स्वीकार्य हैं, क्योंकि फिल्म में हनुमान भी हैं और हनु-मैन भी। मैंने ये दर्शकों पर छोड़ दिया कि वे इसे किस नाम से पुकारते हैं। हैदराबाद के कई प्रतिभाशाली युवाओं ने इसके स्पेशल इफेक्ट्स पर काम किया है। इन युवाओं ने स्टार्टअप के रूप में अपने स्पेशल इफेक्ट्स स्टूडियो खोले हैं और हॉलीवुड या मुंबई के स्टूडियो से कहीं कम बजट में हमने ये काम पूरा किया है।

# इरा खान और नुपुर शिखरे की शादी में आमिर खान ने पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मेरी प्यारी बहनिया पर किया डांस

आमिर खान और पूर्व पत्नी रीना दत्ता की बेटी इरा खान ने 3 जनवरी को मुंबई के ताज लैंड्स एंड में अपने लंबे समय के प्रेमी नुपुर शिखारे के साथ शादी के बंधन में बंध गई। लवबर्ड्स ने परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों की उपस्थिति में अदालत के कागजात पर हस्ताक्षर किए।

आमिर खान और पूर्व पत्नी रीना दत्ता की बेटी इरा खान ने 3 जनवरी को मुंबई के ताज लैंड्स एंड में अपने लंबे समय के प्रेमी नुपुर शिखारे के साथ शादी के बंधन में बंध गई। लवबर्ड्स ने परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों की उपस्थिति में अदालत के कागजात पर हस्ताक्षर किए। बताया गया है कि परिवार ने अगले हफ्ते उदयपुर में एक भव्य शादी और मुंबई में एक रिसेप्शन की योजना बनाई है।

शादी के जश्न की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। एक क्लिप में, लाल सिंह चड्ढा स्टार अपनी दूसरी



पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मेरी प्यारी बहनिया गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं। वीडियो, जिसमें आमिर काली टी-शर्ट में नजर आ रहे हैं और अपने परिवार के सदस्यों द्वारा गाए जा रहे ट्रैक का आनंद ले रहे हैं, सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। मेरी प्यारी बहनिया गाना राजेश खन्ना, मुमताज और विनोद खन्ना अभिनीत 1970 की फिल्म सच्चा झूठा से है। किशोर कुमार द्वारा गाया गया, इंदीवर द्वारा लिखित और कल्याणजी-आनंदजी द्वारा संगीतबद्ध यह ट्रैक पिछले पांच दशकों में एक पारंपरिक विवाह गीत के रूप में बेहद लोकप्रिय हो गया है।

फिटनेस ट्रेनर ने अपनी पत्नी इरा खान और पूरे परिवार के साथ तस्वीरें खिंचवाते हुए अपनी पोशाक बदलकर नीले बंदगला सूट पहन लिया। कथित तौर पर दोनों की मुलाकात कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान हुई जब वह आमिर खान को प्रशिक्षण दे रहे थे, उसके बाद डेटिंग शुरू हुई और नवंबर 2022 में एक-दूसरे से सगाई कर ली।

# अदाणी मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस का तंज

## क्रोनी कैपिटालिज्म के विरुद्ध जारी रहेगी लड़ाई: जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि अदाणी समूह के लेन-देन से संबंधित कुछ मामलों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सेबी के लिए असाधारण उदार साबित हुआ है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि साठगांठ वाले पूंजीवाद (क्रोनी कैपिटालिज्म) और उसका कीमतों, रोजगार व असमानताओं पर दुष्प्रभाव के विरुद्ध पार्टी की लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस संचार प्रभारी जयराम रमेश ने अदाणी पर निशाना साधते हुए कहा, जब हम उन लोगों से सत्यमेव जयते सुनते हैं, जिन्होंने पिछले दशक में सिस्टम के साथ खिलवाड़ किया है, हेरफेर किया है और उसे नष्ट कर दिया है, तो सत्य हजारों मौत मर जाता है। उन्होंने कहा कि अदाणी समूह द्वारा लेनदेन से संबंधित कुछ मामलों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सेबी के लिए असाधारण उदार साबित हुआ है, कम से कम 14 अगस्त, 2023 की उसकी मूल जांच समयसीमा और तीन महीने बढ़कर तीन अप्रैल, 2024 तक हो गई है। रमेश ने कहा, यह उल्लेखनीय है कि सेबी सुप्रीम कोर्ट की विशेषज्ञ समिति के कहने के 10 महीने बाद भी अदाणी समूह और उसके सहयोगियों द्वारा प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन और स्टाक में हेरफेर की अपनी जांच पूरी करने में विफल रही है।

**चुनाव**

**लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के अलावा अगले तीन महीनों में क्या बदलेगा।**



उन्होंने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के अलावा अगले तीन महीनों में क्या बदलेगा। रमेश ने कहा, विश्वसनीय समाचार स्त्रोतों द्वारा पर्दाफाश की एक श्रृंखला ने सेबी की सौम्य नजर के तहत संचालित अदाणी समूह की अवैध गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया है। अपने बयान में कांग्रेस नेता ने बताया कि हालिया पर्दाफाश में आर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) शामिल है, जिसमें 13 बेनामी मुखौटा कंपनियों में से दो के वास्तविक स्वामित्व को उजागर किया गया है, जिन्हें सेबी वर्षों की जांच के बावजूद पहचानने में विफल रही।

## सीएए हमेशा से मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने का हथियार था: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों से काफी पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के नियमों को अधिसूचित किए जाने की खबरों पर कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया कि यह कानून हमेशा से चुनावों से पहले मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने का हथियार था।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने दिसंबर, 2019 में विवादित कानून को बुलडोज किया था। संसदीय प्रक्रियाओं के मुताबिक कानून को प्रभावी बनाने वाले नियम छह माह में बना दिए जाने चाहिए, लेकिन इसके लिए नौ विस्तार मांगे गए और दिए गए। इससे पहले पंजाब से पार्टी सांसद मनीष तिवारी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि एक ऐसे देश में जिसके संविधान की प्रस्तावना में पंथनिरपेक्षता निहित है, क्या धर्म नागरिकता का आधार हो सकता है, जवाब है- नहीं। उन्होंने कहा, दिसंबर 2019 में जब मैंने लोकसभा में सीएए के विरोध का नेतृत्व किया था तो यह मेरे तर्क का केंद्र बिंदु था। सुप्रीम कोर्ट के समक्ष चुनौती में यह मुख्य प्रश्न है। कांग्रेस नेता ने कहा, कल्पना करें कि कल कोई सरकार यह तर्क दे सकती है कि धर्म नागरिकता का आधार होगा, यहां तक कि क्षेत्रीय रूप से जन्मस्थान या भारत के संविधान या नागरिकता अधिनियम में नागरिकता के लिए अन्य मानदंड नहीं होंगे। मनीष तिवारी ने उम्मीद जताई कि भारत के पड़ोस में धार्मिक उत्पीड़न पर काबू पाने के लिए उचित वर्गीकरण के नाम पर किसी अन्य प्रपंच का खाका तैयार नहीं किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आए प्रताड़ित गैर-मुस्लिमों (हिंदुओं, सिखों, जैनियों, बौद्धों, पारसियों एवं ईसाइयों) को भारत की नागरिकता प्रदान की जाएगी।

# ईरान में बम धमाके की भारत ने की निंदा, नागरिकों की मौत पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** भारत ने ईरान में हुए बम धमाकों में मारे गए लोगों को लेकर दुख व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने गुरुवार को ईरान के केर्मिन में हुए बम विस्फोट पर दुख व्यक्त किया। साथ ही भारत ने ईरान की सरकार और लोगों के प्रति एकजुटता दिखाई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, हम ईरान के केर्मिन शहर में हुए भीषण बम विस्फोटों से दुखी हैं। इस कठिन घड़ी में हम ईरान की सरकार और लोगों के साथ अपनी एकजुट हैं। पीड़ितों और घायलों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। बता दें कि ईरान के केर्मिन में बुधवार को कासिम सुलेमानी के कब्र के पास दो बम धमाके हुए। इन धमाकों में अब तक 103 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसके अलावा इस घटना में 188 लोग घायल हो गए। ईरानी अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला बताया, लेकिन इसपर अधिक जानकारी नहीं दी गई है। ईरान की इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) ने बताया कि पहला



विस्फोट सुलेमानी की कब्र से 700 मीटर दूर पर हुआ था और दूसरा करीब 600 मीटर की दूरी पर हुआ था। न्यूज एजेंसी ने बताया कि घटना के वक्त सैकड़ों लोग कब्र के पास मौजूद थे। बता दें कि कथित तौर पर अमेरिकी हवाई हमले में सुलेमानी की मौत को चार साल हुए थे और उनकी चौथी बरसी पर लोग एकत्रित हुए थे, जिस वक्त हमले को अंजाम दिया गया। इस विस्फोट के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ने का खतरा है, क्योंकि इसे इजरायल और हमास युद्ध से जोड़कर देखा जा रहा है। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने इस हमले के पीछे इजरायल का हाथ होने का आरोप लगाया है। साथ ही ईरान ने चेतावनी दी है कि उसे इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। हालांकि, अब तक किसी भी संगठन ने धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# अरब सागर और अदन की खाड़ी में निगरानी जारी रखेंगी नौसेना

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बुधवार को कहा,उसके जहाज व विमान निगरानी बढ़ाने और समुद्री व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं को देखते हुए समुद्री निगरानी बढ़ा दी है। भारतीय नौसेना



सुरक्षा अभियान को जारी रखेंगे। गत एक सप्ताह में, क्षेत्र में तैनात नौसेना के कार्य समूहों ने बड़ी संख्या में मछली पकड़ने वाले जहाजों व अन्य पोतों की जांच की है। नौसेना ने पिछले महीने पोरबंदर तट से 220 समुद्री मील पर एमवी केम प्लूटो को ड्रोन से निशाना बनाए जाने सहित कई व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं को देखते हुए समुद्री निगरानी बढ़ा दी है। भारतीय नौसेना की ओर से जारी बयान के अनुसार, भारतीय नौसैनिक समुद्री गश्त विमान और पायलट रहित विमान से क्षेत्र की लगातार निगरानी कर रहे हैं। भारतीय नौसेना भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र के भीतर निगरानी पुख्ता करने के लिए तटरक्षक बल के साथ भी समन्वय कर रही है।

# क्वॉलिटी कॉउंसिल ऑफ़ इंडिया और खादी ग्राम एवं उद्योग आयोग ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**अहमदाबाद।** क्वॉलिटी कॉउंसिल ऑफ़ इंडिया और खादी ग्राम एवं उद्योग आयोग ने खादी उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने, कारीगरों को सशक्त बनाने और खादी के लिए मेड इन इंडिया लेबल पेश करने के लिए साझेदारी की है। यह साझेदारी खादी को आत्मनिर्भरता और सतत विकास का प्रतीक के रूप में बढ़ावा देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को आत्मसात करती है। अहमदाबाद के कोचरब आश्रम में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। गौरतलब है कि कोचरब आश्रम खादी और महात्मा गांधी की पहचान का प्रतीक है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता के लिए खादी को भारत के संघर्ष का प्रतीक और ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के साधन के रूप में लोकप्रिय बनाया।



समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर क्वॉलिटी कॉउंसिल ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष श्री जक्षय शाह और खादी ग्राम एवं उद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार की उपस्थिति में हुआ। क्वॉलिटी कॉउंसिल ऑफ़ इंडिया और खादी ग्राम एवं उद्योग आयोग के बीच हुई इस साझेदारी का उद्देश्य भारत को विकसित भारत के मिशन में आगे बढ़ाना है, और सम्पूर्ण क्वालिटी इकोसिस्टम को मजबूत बनाना है। क्वॉलिटी कॉउंसिल ऑफ़ इंडिया थर्ड पार्टी के मूल्यांकन ढांचे सहित विभिन्न हस्तक्षेपों के माध्यम से खादी और खादी तथा ग्रामोद्योग उत्पादों की गुणवत्ता को बढ़ाकर, उनकी उत्पादकता और कमाई की क्षमता में सुधार करने के लिए क्षमता निर्माण सहित विभिन्न हस्तक्षेपों के माध्यम से कारीगरों को सशक्त बनाकर और खादी उत्पादों को बढ़ावा देकर खादी ग्राम एवं उद्योग आयोग को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर पर अपना सपोर्ट प्रदान करेगा। इसके अलावा इस साझेदारी के तहत खादी के लिए मेड इन इंडिया लेबल भी पेश किया जायेगा। इस तरह के लेबल से देश में खादी उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ेगी जिससे पूरी दुनिया में खादी उत्पादों के उत्पादन और बिक्री में बढ़ोत्तरी होने से खादी उद्योग की उन्नति होगी।

## आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश में आरोपी निखिल गुप्ता को राहत नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका में खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश में आरोपित भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को आज बड़ा झटका लगा है। निखिल के परिजनों द्वारा दायर राजनयिक पहुंच की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने आज खारिज कर दिया। पन्नू की हत्या की साजिश के आरोपी निखिल गुप्ता तक राजनयिक पहुंच की याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह संवेदनशील मुद्दा है और इसलिए इसका विदेशी अदालत के अधिकार क्षेत्र में होने के चलतते सम्मान करना चाहिए। पन्नू मामले में भारतवंशी निखिल गुप्ता का नाम सामने आने पर भारतीय विदेश मंत्रालय का भी बयान सामने आया था।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन इस राज्य में होगी सरकारी छुट्टी? बीजेपी MLA के बाद अब मंत्री ने भी की मांग

**नई दिल्ली।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन महाराष्ट्र में सरकारी छुट्टी घोषित किए जाने की मांग अब तेज हो रही है। राज्य सरकार में मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने प्रदेश में 22 जनवरी के दिन पब्लिक हॉलिडे घोषित किए जाने की मांग की। बता दें कि इससे पहले बीजेपी विधायक अतुल भातखलकर ने ऐसी मांग की थी। मंगल प्रभात लोढ़ा ने सीएम एकनाथ शिंदे को एक चिट्ठी भी



लिखी है। इस चिट्ठी में उन्होंने लिखा कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने पूरे राज्य में दीपोत्सव मनाने का निर्देश दिए जाने की भी मांग की है। बीजेपी विधायक अतुल भातखलकर ने भी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखा था। पत्र में उन्होंने सरकारी और निजी दोनों स्तर पर छुट्टी की मांग की थी। विधायक का कहना था कि छुट्टी होने से यह सुनिश्चित होगा कि हर कोई कार्यक्रम देख सकेगा।

# पाकिस्तान में पिछले साल आतंकवादी हिंसा में 17 प्रतिशत की हुई वृद्धि

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 2023 में आतंकवादी हिंसा में 17 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। एक नए थिंक टैंक की रिपोर्ट के अनुसार, इन



हमलों में कुल 306 आतंकवादी हमले हुए, जिसमें 693 लोग मारे गए, इस रिपोर्ट में कहा गया कि पाकिस्तानी तालिबान, इस्लामिक स्टेट खुरासान और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी जैसे प्रतिबंधित समूह हैं। डॉन अखबार ने गुरुवार को बताया कि पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज (पीआईपीएस) द्वारा 8 फरवरी के आम चुनाव से पहले जारी की गई 2023 की सुरक्षा रिपोर्ट चुनाव प्रचार और मतदान के दौरान चुनावी उम्मीदवारों और राजनीतिक नेताओं की सुरक्षा पर सवाल उठाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादियों के बढ़ते हमलों से संकेत मिलता है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और उसके सहयोगी पाकिस्तान को बातचीत की प्रक्रिया को बहाल करने के लिए मजबूर करने के उद्देश्य से तीव्र आतंकवाद हमले का सहारा लेना जारी रखेंगे। यह रिपोर्ट तब सामने आई जब कुछ दिनों पहले आंतरिक मंत्रालय ने सीनेट को सूचित किया कि खैबर पख्तूनख्वा के विलय वाले जिलों में भर्ती, प्रशिक्षण और आत्मघाती हमलावरों को रखने के साथ बड़ी संख्या में टीटीपी सदस्यों की निरंतर आमद ÷चिंता का कारण÷ है।

सैन्य सूत्रों ने डॉन अखबार को बताया कि अफगानिस्तान दोहा समझौते में की गई अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं कर पाया है क्योंकि टीटीपी पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगानिस्तान को अड्डे के रूप में इस्तेमाल करना जारी रखता है। सुरक्षा उपायों के बावजूद, पाक-अफगानिस्तान सीमा को कठिन और असुरक्षित बताया गया है।

## अमेरिका के कई अस्पतालों में मास्क अब जरूरी, न्यूयॉर्क समेत चार राज्यों ने जारी किए कोविड गाइडलाइंस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कोरोना का मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के डाटा के अनुसार, पूरे अमेरिका में 17-23 दिसंबर तक कोविड की वजह से 29,000 मरीजों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। वहीं, इस दौरान बुखार की वजह से 14,700 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।अमेरिका में कोरोना की रफ्तार तेज न हो इसके लिए कुछ राज्यों ने मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। अमेरिका के चार राज्य, न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, इलिनोइस और मैसाचुसेट्स के अस्पताल में मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है।

## अमेरिका की हाउती विद्रोहियों को चेतावनी, लाल सागर में जहाजों पर हमले हों बंद

**वाशिंगटन।** अमेरिका और 11 अन्य देशों ने लाल सागर को हाउती विद्रोहियों के हमलों से सुरक्षित बनाने के लिए हाथ मिलाने का एलान किया है। कहा है कि लाल सागर में अब मालवाहक जहाजों पर हमला होता है तो गठबंधन में शामिल देशों की नौसेनाएं मिलकर कार्रवाई करेंगी। गठबंधन ने संयुक्त बयान में कहा है कि लाल सागर में अब अवैध गतिविधियां नहीं चलने दी जाएंगी। अब वहां पर अगर कुछ भी होता है तो उसके लिए हाउती विद्रोही जिम्मेदार होंगे।

अमेरिका के नेतृत्व वाले इस सैन्य गठबंधन में आस्ट्रेलिया, बहरीन, बेल्जियम, ब्रिटेन, कनाडा, डेनमार्क, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड्स और न्यूजीलैंड शामिल हैं। विदित हो कि गाजा में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के विरोध में यमन के हाउती विद्रोहियों ने लाल सागर से इजरायल की ओर जा रहे मालवाहक जहाजों पर हमले किए हैं। इसके चलते विश्व के सबसे ज्यादा व्यस्त जल मार्गों में शामिल लाल सागर

**नेतृत्व**

**अमेरिका के नेतृत्व वाले इस सैन्य गठबंधन में आस्ट्रेलिया, बहरीन, बेल्जियम, ब्रिटेन, कनाडा, डेनमार्क, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड्स और न्यूजीलैंड शामिल हैं।**

रूट से जहाजों का आवागमन बाधित हुआ है।

मामले में बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हमले जारी रहने पर संभावित नियमों के बारे में विस्तार से बताने से इनकार किया है। लेकिन इस बात पर जोर दिया कि ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों को अमेरिका और उसके सहयोगियों से एक और चेतावनी की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

आपको बता दें, पिछले बीते कुछ वक्त में हाउती विद्रोहियों ने लाल सागर में उन जहाजों पर हमले किए



हैं जो इजरायल से जुड़े हैं या इजरायली बंदरगाहों की ओर जा रहे हैं। उनका कहना है कि उनके हमलों का उद्देश्य गाजा पट्टी में इजरायली हवाई और जमीनी हमलों को खत्म करना है।

## पाकिस्तान से पांच लाख अवैध प्रवासियों को वापस भेजा गया, इसमें से अधिकतर अफगानी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आंतरिक मंत्रालय ने संसद के उच्च सदन को बताया कि सरकार के निर्वासन अभियान के तहत पांच लाख से अधिक अवैध प्रवासियों को देश से वापस भेजा जा चुका है। मंत्रालय ने सांसद मोहसिन अजीज के स्वदेश वापसी व निर्वासन अभियान की वर्तमान स्थिति पर किए सवाल में यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने बताया कि तकरीबन 17 लाख प्रवासी गैरकानूनी तरीके से देश में रह रहे हैं और इनमें से अधिकांश अफगानी हैं। तकरीबन 5.41 लाख लोगों को वापस भेजा जा चुका है।

## पीपीपी ने बिलावल भुट्टो को नामित किया पीएम पद का उम्मीदवार

**लाहौर।** पाकिस्तान में आगामी आठ फरवरी को आम चुनाव होने हैं, इसके लिए सभी पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस बीच, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने अपने अध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी को अपना आधिकारिक प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार नामित किया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पाकिस्तानी अखबार द न्यूज इंटरनेशनल के हवाले से यह जानकारी दी है। पीपीपी ने आगामी चुनाव के मद्देनजर, अपने केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक की, जिसमें आम चुनाव के लिए पार्टी के अभियान पर विस्तार से चर्चा हुई। पार्टी ने बैठक में चुनावी घोषणापत्र पर भी चर्चा की, जिसमें युवा और महिला सशक्तिकरण, रोजगार, स्वास्थ्य एवं शिक्षा को प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। सीईसी की बैठक के बाद बुधवार देर शाम पीपीपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बैठक की एक तस्वीर जारी की।

# काठमांडू पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर

## भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की बैठक की करेंगे सह-अध्यक्षता

**मंत्रालय**

**नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत बहादुर राय के अनुसार, संयुक्त आयोग की बैठक के दौरान, नेपाल-भारत संबंधों के संपूर्ण पहलू की समीक्षा की जाएगी।**



**काठमांडू।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर गुरुवार से अपनी दो दिवसीय यात्रा के लिए आज सुबह नेपाल की राजधानी काठमांडू पहुंचे। उद्देश्य कनेक्टिविटी, डिजिटल भुगतान और व्यापार सहित कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग का बढ़ाने के लिए विदेश मंत्री नेपाल पहुंचे हैं। नेपाली विदेश मंत्री नारायण प्रकाश सौद के निमंत्रण पर वहां पहुंच हैं।

जयशंकर अपने नेपाली समकक्ष एन पी सऊद के साथ भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में की गई थी और यह दोनों पक्षों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

विदेश मंत्रालय ने कहा, नेपाल अपनी नेबरहुड फर्स्ट नीति के तहत भारत का प्राथमिकता वाला भागीदार है। यह यात्रा दो करीबी और मैत्रीपूर्ण पड़ोसियों के बीच उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा को ध्यान में रखते हुए है।

नेपाल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत बहादुर राय के अनुसार, संयुक्त आयोग की बैठक के दौरान, नेपाल-भारत संबंधों के संपूर्ण पहलू की समीक्षा की जाएगी।

विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी कि विदेश मंत्री अपनी यात्रा के दौरान, जयशंकर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। बता दें कि नेपाल पांच भारतीय राज्यों सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के साथ 1,850 किमी से अधिक लंबी सीमा साझा करता है।

## इमरान खान को जबरदस्त झटका, लाहौर हाई कोर्ट ने पार्टी का चुनाव चिह्न बहाल करने वाली याचिका खारिज की

**लाहौर।** पाकिस्तान में अगले महीने फरवरी की 8 तारीख को आम चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी को झटके पर झटके लग रहे हैं। इम रान खान को ताजा झटका लाहौर हाई कोर्ट ने दिया है। इससे एक दिन पहले यानी बुधवार को पेशावर हाई कोर्ट ने पीटीआई के खिलाफ फैसला सुनाया था। लाहौर हाई कोर्ट ने गुरुवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के आंतरिक पार्टी चुनाव को असंवैधानिक और चुनाव चिह्न बैट को रद्द करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, लाहौर हाई कोर्ट के जज जवाद हसन ने सुरक्षित फैसले में पीटीआई नेता उमर आफताब ढिल्लों की याचिका को अस्वीकार्य कर दिया। गत 22 दिसंबर को पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पीटीआई के आंतरिक पार्टी चुनाव को खारिज कर पार्टी को चुनाव चिह्न बैट से वंचित कर दिया था। पार्टी के आंतरिक चुनाव में गौहर खान को पार्टी का नया अध्यक्ष चुना गया था। इससे पहले बुधवार को पेशावर हाई कोर्ट ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के आंतरिक पार्टी चुनाव को असंवैधानिक और चुनाव चिह्न बैट को रद्द करने के चुनाव आयोग के फैसले को सही करार दिया था। पार्टी ने चुनाव आयोग के फैसले को पेशावर हाई कोर्ट में



चुनौती दी थी। कोर्ट ने गत 26 दिसंबर को आयोग की घोषणा को निलंबित कर दिया था।

## क्या पाकिस्तान से अलग होगा Balochistan

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में बीते कई दिनों से बलोच आंदोलन चल रहा है। बलूच लोग अपने समाज के लोगों की पाकिस्तान के सुरक्षा बलों द्वारा गैरकानूनी हत्या और फर्जी एनकाउंटर का विरोध कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों में हजारों महिलाएं और बच्चे इस्लामाबाद को घेरे बैठे हैं। बलूच आंदोलन से पाकिस्तान सरकार की भी नींद उड़ी हुई है। कार्यवाहक पीएम अनवारुल हक काकर ने इस आंदोलन को भारत फंडिड बताया है। अनवारुल ने इसे बांग्लादेश के गठन की तरह की साजिश करार देते हुए कहा कि ये सब देश को बांटने के लिए हो रहा है। आंदोलन की मुख्य नेता महरंग बलोच ने इस्लामाबाद बंद बुलाने के साथ यूएन के दफ्तरों के बाहर धरने का ऐलान किया है। इसी के साथ पाक सरकार भी हरकत में आ गई और धरना स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात कर दी।

# पीएचसी पर फ़िर धमकी सीएमओ, मची खलबली

**मंत्री के अचानक पहुँचने से डॉक्टर के अनुपस्थिति का हुआ था खुलासा**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खेतासराय)** सूबे के राज्यमंत्री के स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव के गृह विधानसभा क्षेत्र के पीएचसी सोंधी पर इमरजेंसी ड्यूटी पर नदारद रहने का मामला ख़सा तूल पकड़ लिया है। आननफानन में जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य महक़मा ने प्रथम दृष्टिता लापरवाही सामने आने पर चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश चंद्रा पर कार्यवाही के लिए शासन को संतुति भेज दी। गुरुवार की दोपहर सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह फ़िर पीएचसी पर पहुँची। स्वास्थ्य कर्मियों से पूछताछ की। उनके आने से हड़कम्प की स्तिथि रही। दरअसल एक जनवरी को स्टेशन गली में चाय



की दुकान चला रहे वेद प्रकाश को रात्रि को दबंगों ने हॉकी डंडा से मारपीट कर रक्तरंजित कर दिया था। थाने में आवश्यक कार्यवाही के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे तो चिकित्सकीय परीक्षण के लिए डॉक्टर नही रहा। सूचना पर पहुँचे राज्यमंत्री गिरीश यादव नाराज हो उठे। रात में ही सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह पहुँचकर शाहगंज सीएचसी से चिकित्साधिकारी बुलाकर घायल युवक का मेडिकल कराया। इस प्रकरण के बाद से ही जिला प्रशासन में खलबली मच गई। सीएमओ ने घोर लापरवाही के मामले में डॉ रमेश चंद्रा को शासन से कार्रवाई के लिए सिफारिश भेज दिया। मालूम होकि उक्त चिकित्सा प्रभारी हमेशा चर्चाओं में रहे है। सूत्र बताते है कि वह रात्रि में पीएचसी पर निवास के बजाए आजमगढ़ जनपद के लालगंज तहसील क्षेत्र में अपने सगे सम्बन्धी हॉस्पिटल पर निवास करते है। जिन्हें पूर्व में तत्कालीन डीएम दिनेश कुमार सिंह, प्रभारी मंत्री समेत खुद राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव कई बार गंभीर शिकायत मिलने पर उन्हें फटकार लगा चुके हैं।

### मीडियाकर्मियों को देख सीएमओ ने दरवाज़ा बन्द कराया

**खेतासराय (जौनपुर)** गुरुवार को यहाँ पहुची सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह सीधे ओपीडी रूम पहुँची। फार्मासिस्ट अशोक यादव से उपस्थिति रजिस्टर और ओपीडी रजिस्टर माँग कर तहक़ीक़ात की। कवरेज़ करने पहुँचे पत्रकारों को देख उन्होंने दरवाजा बंद करा दिया। क़रीब 20 मिनट बाद बाहर निकली तो उन्होंने कुछ भी बोलने से गुरेज़ किया। क़यास लगाया जा रहा कि वह चिकित्सा प्रभारी रमेश चन्द्रा के प्रकरण में जाँच करने आये थी। केन्द्र पर लोग कहते दिखे अगर राज्यमंत्री रेंडम विजिट न करते तो डॉक्टरों की मनमानी सामने नही आती।

## महिला पंहुची क्षेत्राधिकारी के पास

**मौदहा।** सिसोलर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पड़ोसी युवक से मारपीट व अभद्रता से आहत होकर पुलिस क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिसोलर थाना क्षेत्र के किसवाही गांव निवासी सोनिया पत्नी राजेश सिंह ने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचकर तहरीर सौंपते हुए बताया कि गांव के पड़ोस में रहने वाला योगेंद्र यादव पुत्र रामकिशोर यादव गांव में सब्जी बेचने का काम करता है। शाम को बाजार से सब्जी का काम निपटाने के बाद घर आ रहा था, तभी रास्ता संकरा होने के कारण उक्त युवक ने दीवार गिरा दी। जब इस संबंध में आरोपी से शिकायत दर्ज कराई तो वह आग बबूला होकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा।

# कमरे में सो रहे डॉक्टर को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर किया हत्या

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (जलालपुर)।** थाना क्षेत्र के जलालपुर चौराहे से करीब 50 कदम दूरी पर मड़ियाहूं-जलालपुर रोड पर स्थित श्री साई बाल चिकित्सालय के डॉक्टर तिलकधारी पटेल की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। रात करीब 2 बजे अस्पताल के ऊपर तीसरे तल के कमरे में डाक्टर साहब सो रहे थे कि तीन अज्ञात बदमाश ऊपर चढ़ गए और ताबड़तोड़ गोली चला दिए। गोली उनकी आंख और सीने में लगी जिसके बाद उनकी मौत हो गई। गोली चलने की आवाज सुनकर चौराहे पर पिकेट ड्यूटी पर लगी पुलिस मौके पर पहुंच गई। बदमाश गोली चलाने के बाद आराम से पैदल ही प्रधानपुर गांव की तरफ भाग निकले।

सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा,सीओ केराकत गौरव शर्मा, इंस्पेक्टर जलालपुर राजेश यादव पहुंच गयें है और काफी प्रयास के बाद भी बदमाशों का कोई सुराग हाथ नहीं नहीं लगा। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के चाचा कमलेश पटेल की तहरी पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

डाक्टर तिलकधारी मूल रूप से मड़ियाहूं तहसील भुसेहरा(गोपीपुर) गुतवन के निवासी थे। 6 बहनों में वह अकेले भाई थे। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हौसला बुलंद बदमाशों ने जिस तरह डाक्टर की हत्या की घटना को अंजाम दिया है उससे क्षेत्रीय डॉक्टरों में दहशत का माहौल है।

## सायं कालीन विद्युत कटौती से छात्र परेशान

**सुमेरपुर हमीरपुर।** क्षेत्रीय गावों में शाम को 6 से 9 बजे तक ऐसे समय में बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है, जब छात्र छात्राओं की बोर्ड परीक्षाएं सिर पर आ गई हैं। बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे विद्यार्थी 3 से 4 घंटे की सायं कालीन अघोषित विद्युत कटौती से बेहद परेशान हैं लेकिन विद्युत विभाग को कोई लेना देना नहीं है

ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों ने बताया कि 22 फरवरी से बोर्ड परीक्षाओं की घोषणा होते ही वे लोग दिन रात परीक्षाओं की तैयारी में जुट हुए हैं तो उनकी तैयारी विद्युत कटौती के चलते बाधित है। दिन के अलावा शाम 6 बजे से लेकर 3 से 4 घंटे की विद्युत कटौती की जा रही है, ग्राम इंगोहटा, बिदोखर, नंदेहरा, मवईजार, बंडा आदि गांवों के छात्रों ने यह भी बताया कि दिन में बिजली की आंख मिचौली के साथ शाम होते ही ज्यों ही वे पढ़ाई के लिए बैठते हैं उसी समय बिजली गायब हो जाती है, उधर सुबह के समय भी बिजली का यही हाल है, जिससे उनकी तैयारी नहीं हो पा रही है। छात्रों का कहना था कि बोर्ड परीक्षाओं का समय बेहद करीब है, अब ऐसे नाजुक दौर में अगर दिन में 12 बजे के बाद व उधर शाम 5 से लेकर 9 बजे के मध्य 3 से 4 घण्टे की विद्युत कटौती अगर बंद कर दी जाए तो उन्हें परीक्षाओं की तैयारी में असुविधा नहीं होगी। छात्रों ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता से क्षेत्रीय गावों में अघोषित कटौती बंद कराए जानें की मांग की है।

# ट्रेन आ रही थी युवती लेट गई पटरी पर मौत

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** मुंगराबादशाहपुर लखनऊ रेल प्रखंड पर स्टेशन के पूर्वी छोर पर मालगाड़ी आते ही युवती पटरी पर लेट गई जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। युवती ने मौत को क्यों गले लगाया यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

गुरुवार की सुबह 10 बजे मालगाड़ी जा रही थी।मालगाड़ी तेज रफ्तार में थी जैसे ही ट्रेन पूर्वी छोर पर पहुंची वहीं पर खुदकुशी की नियत एक बीस साल की युवती खड़ी थी ट्रेन आते ही युवती ट्रेन के आगे लेट गई जब तक कुछ समझ पाते तब तक ट्रेन युवती को विभक्त करते हुए चली गई। मालगाड़ी जाने के बाद युवती के आस पास के लोग पहुंचे तो देखा की युवती की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को शिनाख्त करने की कोशिश की गई लेकिन युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने घटनास्थल को देखते हुए जीआरपी पुलिस जंघई को दे दी है। जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इस बाबत थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह का कहना है कि युवती ने आत्महत्या की है।शव को पहचान कराने की कोशिश की गई लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।

# बीएचयू प्रकरण: सपा महिला सभा का जोरदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**पीड़ित छात्राओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और दोषियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग, जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को दिया ज्ञापन**

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की नेताओं, पदाधिकारियों ने आज यमुनापार जिलाध्यक्ष सत्यभामा मिश्रा की अगुवाई में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर वाराणसी के बी. एच. यू. में दो माह पहले छात्राओं के साथ बलात्कार एवं उत्पीड़न की घटना में शामिल दोषियों के घर पर बुलडोजर चलाने, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने तथा छात्राओं के ऊपर दर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग करते हुए राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। सपा महिला सभा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के दौरान महिलाओ पर अत्याचार के मामले में बाढ़ सी आ गई है। आये दिन कोई न कोई गंभीर घटना जरूर होती है। बी. एच. यू. की घटना में भाजपा कार्यकर्ताओं के शामिल होने पर कहा कि सरकार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने में जानबूझ कर देरी कर रही है। छात्राओं को न्याय मिलने की बजाय उल्टे उनके ऊपर मुकदमे दर्ज करने की निंदा करते हुए कहा की आने वाले दिनों में आंदोलन और अधिक तेज किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष यमुनापार सत्य भामा मिश्रा, पंडित सुमन शर्मा, कमला यादव, निर्मला यादव, इन्दु यादव, सारिका यादव, गीता भारती, पूनम पटेल, संतरा देवी, सुधा यादव, संगीता पाल, कौशल्या यादव, कमलेश केसरवानी, क्षमा शर्मा, मंजू देवी, लता सिंह, सुनीता देवी, मुन्नी देवी, रागिनी सिंह, सुशीला प्रजापति, आदि मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्थान का उद्देश्य समाज के उपेक्षित और पीड़ित लोगों को आश्रय देना कमलेश



**जौनपुर।** देश की धार्मिक आध्यात्मिक धार्मिक सेवा से जुड़ी संस्था श्री परशुराम सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को सदस्यता अभियान जौनपुर कैंप कार्यालय में संपन्न हुआ।संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा की संस्थान का उद्देश्य समाज के उपेक्षित और पीड़ित लोगों को आश्रय देना एवं सनातन धर्म के प्रचार प्रसार का कार्य करना है। कार्यक्रम में संरक्षक में प्रखर द्विवेदी,राजेश कुमार दुबे जिला प्रभारी,संतोष कुमार उपाध्याय जिला अध्यक्ष ,अनिल कुमार उपाध्याय मुंबई जिला अध्यक्ष, शरद चौबे ,जिला महासचिव शिवानंद चौबे जिला महासचिव गाज़ीपुर अमित चौबे ,जिला अध्यक्ष सचिन मिर्जापुर, कार्यक्रम के अन्त में संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने सदस्यों से कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई।

### निर्वाचन संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में राजनीतिक दलों/अभ्यर्थियों द्वारा प्रचार प्रसार में प्रयुक्त की जाने वाली संभावित सामग्रियों के दरों के निर्धारण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से इस संदर्भ में उनके विचार जानने के पश्चात संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संभावित सामग्रियों की सूची एवं उचित दर का निर्धारण कर अंतिम सूची से प्रशासन को अवगत कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि. एवं रा.) राम अक्षयवर चौहान, जिला विकास अधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण, समस्त उप जिलाधिकारीगण, सिटी मजिस्ट्रेट,सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गायब हुए किशोर का शव लटका हुआ मिला

**मौदहा हमीरपुर।** बीते बुधवार से गायब हुए किशोर का शव जंगल में बबूल के पेड़ पर लटका हुआ मिलने से हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि मृतक की गुमशुदगी सिसोलर थाने में दर्ज है। सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम परेहटा निवासी संदीप उर्फ छोटू(14)पुत्र कल्लू यादव का गुरुवार को जंगल में उनके खेतों की मेड़ पर लगे बबूल के पेड़ पर लटका हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया।हालांकि किशोर का शव लोअर से फंदा बना कर लटका हुआ था।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सिसोलर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।मृतक किशोर के पिता कल्लू यादव ने बताया कि उनका छोटा पुत्र बुधवार को शाम करीब चार बजे बकरियां लेने आया था और उन्होंने उसे बरमदेव के स्थान पर देखा था। लेकिन जब वह नहीं आया तो वह स्वयं चारा लेकर घर आ गए लेकिन उनका पुत्र शाम तक घर नहीं पहुंचा तो पड़ोसियों के साथ उसकी तलाश की और जब कुछ जानकारी नहीं मिली तो पड़ोसियों के साथ सिसोलर थाने जाकर सूचना दी थी जिसकी गुमशुदगी पुलिस ने दर्ज कर ली है। उसके बाद यह जानकारी मिली है।मृतक अपने परिवार में दो भाई हैं और मृतक दूसरे नम्बर का है जबकि पिता किसानी के साथ ही पशुपालन भी करते हैं और सीधे सादे परिवार से हैं फिलहाल युवक द्वारा आत्महत्या करने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है।

# जेल के कैदियों के भोजन में शामिल किया गया श्री अन्न और ऑर्गेनिक सब्जियां

**प्रयागराज की सेंट्रल नैनी जेल में कैदियों द्वारा उत्पादित किया जा रहा है मिलेट और आर्गेनिक सब्जियां**

**योगी सरकार की श्री अन्न प्रोत्साहन नीति की प्रेरणा से शुरू हुआ उत्पादन**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** यूपी की योगी सरकार श्री अन्न को हर खास और हर आम की थाली का हिस्सा बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार के इन प्रयासों के नतीजे भी सामने आने लगे हैं। सरकार की इस पहल से अब जेल के बंदियों की थाली तक श्री अन्न पहुंच गया है। प्रदेश की सबसे अधिक बंदियों की क्षमता वाली सेंट्रल नैनी जेल के बंदियों को इसका लाभ मिल रहा है। यूपी में कभी ÷भूली हुई फसल÷ के नाम से जाने जाने वाली मोटे अनाज की फसलों को सुपर फ़ूड के रूप नयी पहचान मिल रही है। प्रदेश की योगी सरकार के श्री अन्न उत्पादन और उपभोग के अभियान से अब जेल में बंद कैदियों को भी यह सुपर फूड मिलना शुरू हो गया है। सेंट्रल नैनी जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर बताते है कि जेल कैदियों के द्वारा श्री अन्न का उत्पादन जेल परिसर में किया जा रहा है। जेल में दो एकड़ में मिलेट की पैदावार शुरू की गई। इसे जेल के कैदियों के भोजन में जगह दी गई गई है। इस तरह कैदियों की डाइट में श्री अन्न शामिल करने वाली सेंट्रल नैनी जेल पहली जेल बन गई हैं। कैदियों की सेहत पर भी इसका असर होगा और बीमारियों से लड़ने में भी यह श्री अन्न कारगर साबित हो रहा है। उनका कहना है कि अगले साल जेल परिसर में श्री अन्न को पांच एकड़ में पैदा किया जाएगा।

### आर्गेनिक सब्जियां भी उगा रहे हैं कैदी

**प्रयागराज।** जेल परिसर में श्री अन्न उत्पादन के साथ रसायन और कीटनाशक मुक्त ऑर्गेनिक सब्जियों भी उगाई जा रहे हैं। वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर बताते हैं कि जेल परिसर की भूमि में एक संस्था के सहयोग से कैदी ऑर्गेनिक सब्जियां उगा रहे हैं। उनका कहना है कि सामाजिक संस्था हंस फाउंडेशन द्वारा जेल के कैदियों को ऑर्गेनिक सब्जियां उगाने का प्रशिक्षण दिया गया था इसके बाद जेल के अंदर ऑर्गेनिक सब्जियों बड़ी तादाद में उगाई जा रही हैं। इन ऑर्गेनिक सब्जियों के लिए जेल की गौशाला में पर्याप्त गोबर उपलब्ध रहता है जिसका इस्तेमाल यहां खाद के रूप में होता है। सहयोगी संस्था हंस फाउंडेशन के प्रभारी ओंकार नाथ दुबे बताते हैं कि परिसर में 5 एकड़ से अधिक की भूमि पर हरी सब्जियां जिसमें पत्ता गोभी, फूल गोभी, सेम, गाजर, पालक और सोया पैदा किया जा रहा है। संस्था की तरफ से कैदियों को प्रशिक्षित किया गया है और उन्हीं के श्रम से यहां पर सब्जियां पैदा हो रही हैं। जिनका इस्तेमाल भी यही के कैदियों के भजन में किया जा रहा है। जेल प्रशासन ने जेल परिसर के अंदर ही 15 एकड़ में रासायनिक खाद और कीटनाशक मुक्त आलू भी लगाए है। कैदियों के श्रम से पैदा किए गए ये आलू मंडल की दूसरी जेलों में भेजा जा रहा था।

# उपमुख्यमंत्री ने किया वरिष्ठ प्रेस छायाकार के कैलेंडर का विमोचन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वरिष्ठ प्रेस छायाकार जितेंद्र प्रकाश द्वारा प्रकाशित कैलेंडर-2024 का विमोचन किया।

ज्ञात हो कि जीतेंद्र प्रकाश प्रति वर्ष किसी एक थीम पर टेबल कैलेंडर बनाते हैं। वर्तमान वर्ष में इन्होंने वर्ष 2024 के कैलेंडर को प्रयागराज की विश्व प्रसिद्ध श्रृंगार चौकी की थीम पर बनाया है। इस कैलेंडर में प्रसिद्ध श्रृंगार चौकी के बारे मै विस्तृत वर्णन के लिए लेखन सहयोग डॉक्टर अमित मालवीय द्वारा दिया गया है।

श्री जीतेंद्र पिछले पांच वर्षों से कैलेंडर निकाल कर सांस्कृतिक प्रचार और जनजागरूकता हेतु निःशुल्क वितरित करते हैं। वर्तमान वर्ष के कैलेंडर की थीम के तहत प्रयागराज में नवरात्र के दौरान प्रसिद्ध रामलीला कमेटियों द्वारा निकाले जाने वाली ऐतिहासिक श्रृंगार चौकियों के विभिन्न पक्षों को बड़ी ही खूबसूरती से दर्शाया गया है। इसके माध्यम से प्रयाग की इस ऐतिहासिक परंपरा के बारे में फ़ोटोग्राफी के माध्यम से आम जन तक विस्तृत जानकारी पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस विमोचन के अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने जीतेंद्र प्रकाश के इस प्रयास को सराहा और सभी फोटो को अत्यंत आकर्षक और जानकारी को रोचक बताया। इस दौरान सीए अनिल गुप्ता ने इस प्रयास की सराहना करते हुए बताया की नववर्ष के कैलेंडर के माध्यम से आज की युवा शक्ति को सनातन संस्कृति के बारे में बताया गया है। इस अवसर पर गोपाल जी मालवीय, मोहित पाण्डेय, विकास सिंह, दिलीप सिंह, अरुण सिंह, वीरेन्द्र प्रकाश, आशीष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# एक बस पर बैठ कर शहर के अतिक्रमण की हकीकत जानने निकले जिला प्रशासन के अफसर

**डीएम के नेतृत्व में शहर के प्रमुख मार्गों को देखकर उस पर अमल कराने की होगी प्रक्रिया**

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** शहर के प्रमुख शहरों को चौराहों की हकीकत जानने के लिए गुरुवार को 11.30 बजे जिलाधिकारी के नेतृत्व में पूरा प्रशासनिक हमला एक वस पर बैठकर अतिक्रमण की हकीकत जानने के लिए निकला। हकीकत जानकर उस पर अमल करने की तत्काल कार्रवाई की जाएगी। जनता दर्शन के बाद जिला अधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना के नेतृत्व में तथा पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों का एक हमला कलेक्ट्रेट से बस बैठकर निकला। शहर के सभी सड़कों पर हुए अतिक्रमण की हकीकत के जाने के बाद अतिक्रमण अभियान प्राथमिकता पर शुरू कराया जाएगा। एसडीएम सदर चंद्र प्रकाश पाठक ने बताया कि जिलाधिकारी की पहली प्राथमिकता है की शहर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए इसी सिलसिले में सभी अधिकारी एक बस पर बैठकर शहर के प्रमुख सड़कों, चौराहा की हकीकत जानेंगे। इसके पूरी तैयारी के साथ शहर की सड़कों और चौराहों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

# ऑल इंडिया मीडिया प्रीमियर लीग 2024: लखनऊ व प्रयागराज के बीच मुकाबले से होगी शुरु

**गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर 5 से 7 जनवरी तक आयोजन**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** पिछले संस्करण की विजेता मेजबान लखनऊ की ऑल इंडिया मीडिया प्रीमियर लीग (एआईएमपीएल) 2024 के उद्घाटन मैच में 5 जनवरी को खिताब की प्रबल दावेदार प्रयागराज से टक्कर होगी। गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर यह मुकाबला शुक्रवार सुबह नौ बजे से खेला जाएगा।

दूसरी ओर दिन के दूसरे लीग मैच में पिछली उपविजेता चंडीगढ़ और कानपुर के बीच दोपहर 12.30 बजे से मुकाबला खेला जाएगा। इस बारे में आयोजन सचिव गुलशन द्विवेदी ने जानकारी दी कि तीन दिवसीस इस मीडिया खेल महोत्सव के दौरान क्रिकेट के अलावा फुटबॉल किकिंग और गोल्फ पटिंग के भी मुकाबले आयोजित होंगे।

वहीं टूर्नामेंट का आखिरी लीग मैच 7 जनवरी को लखनऊ व चंडीगढ़ के मध्य दोपहर 12.30 बजे से खेला जाएगा। इसी के साथ रविवार को ही रविवार को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन और ग्रीन गैस लिमिटेड के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच मैच भी खेला जाएगा।

### टूर्नामेंट का कार्यक्रम

- 5 जनवरी: लखनऊ बनाम प्रयागराज (सुबह 9.00 बजे)
- 5 जनवरी: चंडीगढ़ बनाम कानपुर (दोपहर 12.30 बजे)
- 6 जनवरी: चंडीगढ़ बनाम प्रयागराज (सुबह 9.00 बजे)
- 6 जनवरी: लखनऊ बनाम कानपुर (दोपहर 12.30 बजे)
- 7 जनवरी: प्रयागराज बनाम कानपुर (सुबह 9.00 बजे)
- 7 जनवरी: लखनऊ बनाम चंडीगढ़ (दोपहर 12.30 बजे)।

गुलशन द्विवेदी के अनुसार मैच रंगीन पोशाक में और सफेद गेंद से खेले जाएंगे। सभी चार टीमें तीन-तीन मैच खेलेंगी। वहीं लीग मैचों में अधिकतम अंक हासिल करने वाले टीम विजेता बनेगी। उन्होंने यह भी बताया कि शुक्रवार 5 जनवरी को होने वाले ट्रॉफी अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक आरपी सिंह होंगे। इसके साथ 7 जनवरी को अपराह्न 3 बजे होने वाले समापन व पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार होंगे।

# जिलाधिकारी ने किया राजकीय धान क्रय केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

**धान क्रय केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारी के अनुपस्थित मिलने पर उनके विरूद्ध की जायेगी कड़ी कार्रवाई**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने गुरुवार को जसरा मण्डी समिति में बनाये गये राजकीय धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 29 दिसम्बर से धान क्रय न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए केन्द्र प्रभारी को कारण बताओं नोटिस देने का निर्देश दिया है। उन्होंने धान क्रय केन्द्रों पर धान की कितनी खरीद हुई है, के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने क्रय केन्द्र पर तौल मशीन, रजिस्टर के साथ ही धान से भरी बोरी का वजन कराकर भी देखा। जिलाधिकरी ने किसानों के ब्यौरा वाला रजिस्टर चेक करते हुए निर्देश दिया है कि किसानों को बुलाकर उनके धान की खरीद सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारी स्वयं उपस्थित रह करके किसानों के धान की खरीद सुनिश्चित करायें।

उन्होंने किसानों के धान के मूल्य का अनिवार्य रूप से समय से भुगतान सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने वहां पर उपस्थित किसानों से धान के भुगतान होने के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति जे0पी0 सिंह, डिप्टी आरएमओ सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सूचना

मैं अमान पुत्र इक़बाल हुसैन निवासी ग्राम भीखनपुर पोस्ट रस्तामऊ तहसील तिलोई जिला अमेठी का हुँ मैंने अपना नाम अमान से बदलकर अमान खान रख लिया है अब भविष्य मे मुझे अमान खान के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाए।

## सूचना

मैं अलमाश पुत्र मोहम्मद रईस सिद्दीकी निवासी 475/43 क़दम रसूल डालिगंज पोस्ट निरालानगर लखनऊ का हुँ मैंने अपना नाम अलमाश से बदलकर मोहम्मद अलमास (MOHAMMAD ALMAS) रख लिया है अब भविष्य मे मुझे मोहम्मद अलमास के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

# क्वॉलिटी कॉउंसिल ऑफ इंडिया और खादी ग्राम एवं उद्योग आयोग ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** क्वॉलिटी कॉउंसिल ऑफ इंडिया और खादी ग्राम एवं उद्योग आयोग ने खादी उत्पादों की गुणवत्ता

**तकनीक सेवा**

> खादी ग्राम एवं उद्योग आयोग ने खादी उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने कारीगरों को सशक्त बनाने और खादी के लिए मेड इन इंडिया लेबल पेश करने के लिए साझेदारी की

बढ़ाने कारीगरों को सशक्त बनाने और खादी के लिए मेड इन इंडिया लेबल पेश करने के लिए साझेदारी की है यह साझेदारी खादी को आत्मनिर्भरता और सतत विकास का प्रतीक के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को आत्मसात करती है अहमदाबाद के कोचरब आश्रम में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए गौरतलब है कि कोचरब आश्रम खादी और महात्मा गांधी की पहचान का प्रतीक है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता के लिए खादी को भारत के संघर्ष का प्रतीक और ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के साधन के रूप में लोकप्रिय बनाया। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर क्यूसीआई के अध्यक्ष श्री जक्षय शाह और केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार की उपस्थिति में हुआ क्यूसीआई और केवीआईसी के बीच हुई इस साझेदारी का उद्देश्य भारत को विकसित भारत के मिशन में आगे बढ़ाना है, और सम्पूर्ण क्वालिटी इकोसिस्टम को मजबूत बनाना है इसके अलावा इस साझेदारी की मदद से यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि खादी न केवल अपनी सदियों से चली आ रही अपील बरकरार रखे, बल्कि क्वालिटी और सबस्टेंबिलिटी का एक वैश्विक प्रतीक भी बने।

इस साझेदारी पर बात करते हुए क्यूसीआई के अध्यक्ष जक्सय शाह ने कहा खादी और केवीआईसी उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने और इसमें शामिल कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए केवीआईसी के साथ साझेदारी करना बेहद गर्व का क्षण है क्योंकि खादी सिर्फ एक उद्योग नहीं है बल्कि यह भारत की संस्कृति और विरासत का प्रतीक है। जैसा कि गांधी जी ने कहा है कि खादी कोई कपड़े का टुकड़ा नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत की विचारधारा है। खादी भारत की सांस्कृतिक पहचान, शिल्प कौशल और स्थिरता का भी प्रतिनिधित्व करती है, हालाँकि, आज यह परंपरा और आधुनिकता के चौराहे पर खड़ी है। आज जब हम विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं, तो यह साझेदारी निश्चित रूप से पूरी दुनिया में खादी को मान्यता देने के लिए मार्ग प्रशस्त करते हुए खादी के महत्व को बढ़ाने में योगदान देगी।

वहीं केवीआईसी के चेयरपर्सन श्री मनोज कुमार ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा खादी भारत की हाथ से बुनी आत्मनिर्भरता और स्थिरता का प्रतीक है खादी उद्योग ने पिछले कुछ सालों में उत्पादन में काफी शानदार वृद्धि देखी है साल 2013-14 से 2022-23 तक खादी उद्योग में 268प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है जबकि इसी अवधि में खादी उत्पादों की बिक्री में 332प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गयी।

इस शानदारी उन्नति से अकेले वित्त वर्ष 2013 में 9.54 लाख नौकरियां पैदा हुईं। अब क्यूसीआई के साथ इस साझेदारी से हमें विश्वास है कि खादी उद्योग और इससे जुड़े कारीगरों को खादी के प्रति ज्यादा मान्यता और उपभोक्ताओं का ज्यादा झुकाव देखने को मिलेगा।

# दो दिनों की बिकवाली के बाद बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स 490 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार के दिन हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 490.97 (0.68%) अंकों की बढ़त के साथ 71,847.57 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 141.25 (0.66%) अंकों की बढ़त के साथ 21,658.60 के स्तर पर बंद हुआ।

घरेलू शेयर बाजार में लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद गुरुवार को हरे निशान क्लोजिंग हुई। वायदा कारोबार की एक्सपायरी के दिन बीएसई सेंसेक्स 490.97 (0.68%) अंकों की बढ़त के साथ 71,847.57 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 141.25 (0.66%) अंकों की बढ़त के साथ 21,658.60 के स्तर पर बंद हुआ।

घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार के कारोबारी सेशन के दौरान सबसे ज्यादा खरीदारी बैंकिंग, फाइनेंशियल और रियल्टी सेक्टर



के शेयरों में दिखी। 50 शेयरों के बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी में बजाज फाइनेंस के शेयर 4% से ज्यादा की बढ़त के साथ टॉप गेनर रहा। इससे पहले बुधवार को बाजार लगातार दूसरे दिन लाल निशान पर बंद हुआ था। बीते चार सेशन में 1.29 प्रतिशत तक लुढ़कने के बाद निफ्टी फाइनेंशियल के शेयरों में 1.22 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स भी 6.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा। इसमें शोभा, मेक्रोटेक डेवेलपर्स, गोदरेज प्रॉपर्टी और डीएलएफ बढ़त के साथ बंद हुए। बजाज फाइनेंस के शेयर 4.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ सेंसेक्स का टॉप गेनर रहा। एनबीएफसी ने अपने सालाना ऋण में 26 प्रतिशत जबकि एयूएम में 35% की बढ़त की जानकारी दी है।

## झारखंड, बंगाल, राजस्थान और बिहार के 12 ठिकानों पर ईडी ने चलाया तलाशी अभियान

**नई दिल्ली।** ईडी ने 03.01.2024 को झारखंड, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और बिहार में स्थित 12 परिसरों में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत तलाशी अभियान चलाया है। अवैध पत्थर खनन के एक मामले में जिन परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया गया उनमें अभिषेक प्रसाद पिंटू जो झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार हैं के अलावे साहिबगंज जिले के डीसी राम निवास यादव और साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे के आवास भी शामिल हैं। तलाशी अभियान के दौरान साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये की नकदी, दस्तावेज/रिकॉर्ड, डिजिटल उपकरण और नकदी जब्त की गई। एजेंसी ने गुरुवार को एक्स डॉट कॉम पर इसकी जानकारी दी है।

# प्रीमियम ग्राहकों के लिए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक की नई पेशकश

**मुंबई।** अग्रणी लघु वित्त बैंक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने प्रीमियम ग्राहक वर्ग के लाभार्थ मैक्सिमा बचत खाता और बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता आरंभ करने की घोषणा की है। इन नई पेशकशों के माध्यम से उज्जीवन ने विभिन्न प्रकार की सेवाएँ और लाभ प्रदान करके अपने नए और मौजूदा दोनों ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को शानदार और और बेहतर बनाने का लक्ष्य बनाया है। इन उत्पादों को ग्राहकों को उनकी अलग-अलग वित्तीय और बैंकिंग ज़रूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न लाभ, बेहतर सुविधाएँ और एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मैक्सिमा बचत खाते पर वार्षिक ब्याज दर 7.5% तक है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है, और ग्राहक 1 लाख रुपये के साथ खाता खोल सकते हैं। ग्राहकों को मैक्सिमा बचत खाते की शेष राशि पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए सावधि जमा में 15 लाख रुपये या उससे अधिक राशि बनाए रखने की सुविधा भी दी गई है, एक ऐसा विकल्प, जो दूसरे मानक बचत खातों में नहीं मिलता। मैक्सिमा बचत खाते द्वारा दी जाने वाली अन्य रोमांचक सेवाओं में शामिल हैं उच्च लेनदेन सीमा, मुफ़्त चेक और डीडी जारी करना, सभी चैनलों पर मुफ़्त लेनदेन और किसी भी शाखा में असीमित नक़द जमा और निकासी। मैक्सिमा बचत खाते के साथ उपयुक्त ग्राहकों को एक मानार्थ हेल्थ प्राइम बेनेफिट (स्वास्थ्य प्रधान लाभ) प्रदान करने की भी सुविधा दी गई है। बिजनेस मैक्सिमा चालू खाता व्यवसायों और उद्यमियों को उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई सेवाओं के वास्ते एक व्यापक आधार प्रदान करता है। इसमें सुविधाजनक ऑनलाइन बैंकिंग, तत्काल फंड ट्रांसफर और नक़द प्रबंधन विकल्प शामिल हैं। इसकी उल्लेखनीय विशेषताओं में शामिल हैं व्यवसायों के लिए अपनी नक़दी जमा सीमा को स्वयं परिभाषित करने की क्षमता, प्रति दिन 5 लाख रुपये की उच्च दैनिक एटीएम निकासी सीमा, व्यापारियों के लिए खाता सेवाओं जैसी बैंकिंग सेवाओं से परे प्रावधान, और पीओएस सेवाओं के लिए मुफ़्त स्थापना और किराया शुल्क। इसके अलावा, बिज़नेस खाताधारकों को उनकी अनुकूलित बैंकिंग आवश्यकताओं के लिए मार्गदर्शन और सेवा प्रदान करने हेतु उन्हें विशेषज्ञ रिलेशनशिप मैनेजरों से संवाद करने की सुविधा भी मिलेगी।

इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ श्री इत्तिरा डेविस ने कहा, हम अपने मैक्सिमा सेविंग्स अकाउंट और बिजनेस मैक्सिमा करंट अकाउंट को पेश करते हुए खुशी का अनुभव कर रहे हैं, जिन्हें नए और मौजूदा दोनों तरह के मंझोले और बड़े व्यावसायिक संस्थाओं के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। सच तो यह है कि यहाँ उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में, हम असाधारण बैंकिंग अनुभव प्रदान करने में विश्वास करते हैं जो हमारे समझदार ग्राहकों की अनूठी जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करता है।

# दिसंबर महीने में निर्देश ना मानने पर सहकारी बैंकों पर आरबीआई ने की कार्रवाई



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर महीने में कई सहकारी बैंकों पर निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण कार्रवाई की और जुर्माना लगाया। आरबीआई की ओर से 13 दिसंबर, 2023 का एक आदेश जारी कर लिमडी अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, लिमडी, जिला दाहोद, गुजरात पर भारतीय रिजर्व बैंक (सहकारी बैंक-जमा पर ब्याज दर) 2016 के तहत जारी निर्देशों का पालन न करने के लिए 50,000 रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया। वहीं केंद्रीय बैंक ने 08 दिसंबर, 2023 को एक आदेश जारी कर भुज कमर्शियल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, कच्छ, गुजरात परनिर्देशों का पालन न करने के लिए 1.50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं 13 दिसंबर, 2023 के ही एक अन्य आदेश के तहत भारत सहकारी बैंक लिमिटेड, वडोदरा, गुजरात पर निर्देशों का पालन न करने के लिए पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। आरबीआई ने 07 दिसंबर, 2023 के एक आदेश में संखेड़ा नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, सनखेड़ा, छोटा उदयपुर, गुजरात पर भी पांच लाख रुपये जुर्माना लगाया गया। बैंक पर निदेशकों और उनके रिश्तेदारों व उनसे जुड़े फर्मों को ऋण देने में आरबीआई की ओर से जारी निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए कार्रवाई की गई है।

# आप कैसे जान पाएंगे कि डायबिटीज आपकी किडनी को प्रभावित कर रही है?

**लखनऊ।** क्रोनिक किडनी रोग में अक्सर लक्षण नज़र नहीं आते हैं। यह बीमारी बिना लक्षणों के बढ़ती जाती है। इस वजह से उन लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा हो सकता है जो एडवांस स्टेज तक पहुंचने तक इस बीमारी से अनजान रह सकते हैं। डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए डायबिटिक किडनी की बीमारी होने का खतरा ज्यादा होता है। डायबिटीज से पीड़ित व्यक्तियों के लिए नियमित किडनी जांच बहुत जरूरी हो जाती है, जिससे शुरुआती स्टेज में छ्यष्ठ का पता लगाया जा सकता है, जिससे प्रभावी हस्तक्षेप और अतिरिक्त स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम हो सकती है। प्रतिष्ठित नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ आलोक पांडे ने किडनी के स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, डायबिटीज किडनी की बीमारी होने का प्रमुख कारण है। अगर किडनी की अपरिवर्तनीय क्षति को रोकनी है तो इसका जल्दी पता लगाना काफी ज़रूरी हो जाता है। नियमित खून और मूत्र टेस्ट से शुरुआती स्टेज में डायबिटिक



किडनी बीमारी की पहचान की जा सकती है। इससे समय पर इलाज़ और बेहतर परिणाम मिलता है। टाइप 2 डायबिटीज वाले व्यक्तियों या जिन्हें 5 साल से ज्यादा समय से टाइप 1 डायबिटीज है, उन्हें डायबिटीज वाले लोगों में छ्यष्ठ की व्यापकता को देखते हुए सालाना किडनी फ़ंक्शन टेस्ट कराना चाहिए। डायबिटिक किडनी की बीमारी (जो डायबिटीज से पीड़ित लगभग 3 में से 1 वयस्क को प्रभावित करती है) डायबिटीज के कारण होने वाली एक विशिष्ट प्रकार की किडनी की बीमारी है। किडनी खून को फ़िल्टर करने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हार्मोन का उत्पादन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डायबिटीज में ब्लड शुगर का बढ़ा हुआ स्तर किडनी में रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे किडनी का कार्य ख़राब हो सकता है। हाई ब्लड प्रेशर अक्सर डायबिटीज से जुड़ा होता है, इसलिए अगर ब्लड प्रेशर की समस्या है तो डायबिटीज होने से किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है। गंभीरता धीरे-धीरे बढ़ती है लेकिन अगर इलाज न किया जाए तो महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। डायबिटीज लंबे समय तक होने, खराब तरीके से प्रबंधित ब्लड ग्लूकोज और ब्लड प्रेशर का स्तर, धूम्रपान, खराब खानपान संबंधी आदतें, आलस भरी लाइफस्टाइल, मोटापा, हृदय की बीमारियां और किडनी फेलियर का पारिवारिक इतिहास डायबिटिक किडनी की बीमारी के होने की संभावना को बढ़ाता है।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने दो सालों में 1,00,000 से ज्यादा कारों की बिक्री दर्ज की

**नई दिल्ली।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी कारों की बिक्री की तेज रफ्तार बरकरार रखी है। इसने पिछले दो सालों में 1,00,000 से ज्यादा कारों की ब्रिक्री की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। यह भारत को ध्यान में रखकर प्रॉडक्ट्स बनाने की कंपनी की रणनीति का अहम हिस्सा है। इसके तहत भारतीय बाजार के लिए बनाए गए दो विश्वस्तरीय प्रॉडक्ट्स कुशाक और स्लाविया लॉन्च किए गए थे। इन दोनों मॉडल की कारों की बिक्री से कंपनी को दो साल में ही यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हो गई। इससे पहले कंपनी को 1 लाख कारों की बिक्री के आंकड़े तक पहुंचने में छह साल से ज्यादा समय लगा था। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने बिक्री के प्रदर्शन पर अपनी बात रखते हुए कहा 2022 में कारों की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री के बाद हमारे लिए 2023 में बिक्री की उस रफ्तार को बनाए रखना काफी महत्वपूर्ण था। हमने 2023 में अपने प्रॉडक्ट्स में लगातार सुधार कर अपनी स्थिति को मजबूत बनाने की ओर ज्यादा ध्यान दिया। हमने अपने नेटवर्क का विस्तार किया और उपभोक्ता को और ज्यादा संतुष्ट करने के लिए सेल्सर और ऑफ्टर-सेल्स सर्विसेज की क्वॉलिटी में सुधार किया यह सभी कस्टमर्स हमारी ह्यूमन टच फिलॉस्फी से जुड़े



है, जिससे हम अपने उपभोक्ताओं की सभी जरूरतें पूरी करते हैं। साल की पहली छमाही तक सप्लाई में आ परेशानियों के बावजूद हमने यह सुनिश्चित किया कि हम 2023 की अंतिम छमाही का समापन सकारात्मक रूप से करेंगे। 2024 में अपनी मौजूदा रेंज के साथ हमारे पास अपने उपभोक्ताओं के लिए तरह-तरह के प्रॉडक्ट्स के विकल्प है। हमने नए प्रॉडक्ट्स की लॉन्चिंग की घोषणा भी की। इसके अलावा हम प्रॉडक्ट्स के निर्यात से अपना विकास कर रहे हैं और अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। कंपनी के प्रॉडक्ट्स की खरीद से उपभोक्ताओं को मिलने वाली खुशी और संतुष्टि पर हमारी पैनी नजर है। स्कोडा फैमिली में हम नए उपभोक्ताओं का स्वागत कर रहे हैं।'' कुशाक और स्लाविया जैसी कारों की बड़े पैमाने पर लॉन्चिंग के बाद 2022 में स्कोडा ऑटो इंडिया की कारों की बिक्री ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए। 2023 में सप्लाई के मुद्दों और अन्य परेशानियों की वजह से इस बिक्री की रफ्तार में थोड़ी कमी आई। इस स्थिति को पूरी तरह ठीक करने की दिशा में स्कोडा ने 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2023 तक 48,755 कारों की बिक्री दर्ज की।

बिक्री-स्कोडा ऑटो इंडिया ने इस साल 2023 में 48,755 कारों की बिक्री की। इससे पहले 2022 में कंपनी की कारों की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री हुई थी।

2022 में स्कोडा ने 53,271 कारों की बिक्री की थी। 2021 की तीसरी तिमाही से लेकर 2022 की पहली तिमाही के बीच लॉन्च की गई कुशाक और स्लाविया जैसी नई कारों की पेशकश से कंपनी ने यह मुकाम हासिल किया। इस साल 2023 में कंपनी ने कोडियाक की लॉन्चिंग से अपने प्रॉडक्ट्स की बिक्री को मजबूती दी। इससे 2022 की तुलना में बिक्री में 100 फीसदी का उछाल आया और सालाना बिक्री का वॉल्यूम अब तक के सर्वोच्चं स्तकर पर रहा। स्कोडा ऑटो के प्रॉडक्ट्स की बिक्री के लिए भारत की प्रमुख मार्केट के रूप में स्थिति बरकरार है। यह यूरोप के बाहर स्कोडा ऑटो के सबसे बड़े मार्केट में से एक है।

नेटवर्क और उपभोक्ता - 2021 की शुरुआत में स्कोडा ऑटो के देश में 120 कस्टमर टच पाइंट्स है। 2023 के अंत तक स्कोडा ऑटो इंडिया देश भर में 260 टचपाइंट्स से उपभोक्ताओं के और करीब आया है। कंपनी के काफी डीलर्स और पार्टनर्स ने ब्रैंड के साथ अपने दायरे का विस्तार किया हैं। ये देश भर में उपभोक्ताओं को बेमिसाल सेल्स और सर्विसिंग की सुविधाएं उपलब्ध कराने के कंपनी के नजरिये को साझा करते हैं।

# पीएम सुनक के दावों की जांच कर रही ब्रिटिश सांख्यिकी निगरानी संस्था



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की सांख्यिकी निगरानी संस्था ने गुरुवार को बताया वह सरकार की उस हालिया घोषणा पर गौर कर रही है जिसमें कहा गया है कि 2023 के अंत तक देश में अप्रवासियों को शरण देने से जुड़े लंबित मामलों को निपटाने के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है। पीएम के इस दावे पर विपक्षी दलों ने सवाल खड़े किए थे। इस सप्ताह की शुरुआत में, ब्रिटेन के गृह कार्यालय ने कहा था कि पिछले एक साल में शरण के 112,000 मामलों पर कार्रवाई की गई, जो सुनक के 2022 के अंत में लंबित 92,000 आवेदनों के प्रारंभिक लक्ष्य से अधिक है।

हालांकि, विपक्षी लेबर पार्टी ने इसका विरोध किया था और सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया था। अब यह सामने आया है कि सांख्यिकी विनियमन कार्यालय (ओएसआर) को एक औपचारिक शिकायत की गई है जो स्वतंत्र रूप से आधिकारिक आंकड़ों निगरानी करता है।

ओएसआर के एक प्रवक्ता ने कहा, सांख्यिकी विनियमन कार्यालय ने पुष्टि की है कि वह सरकार की घोषणा के सच्चाई की पड़ताल कर रही है।

गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में दावा किया कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में बुनियादी बदलाव और दक्षता बढ़ाने से 2002 के बाद से एक वर्ष में सबसे ज्यादा शरण देने से जुड़े मामले निपटाए गए। इसमें प्रक्रिया में तेजी लाने लाने के लिए 1,200 केसवर्कर्स को तैनात किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिक अवैध प्रवासियों को उनके मूल देश में तेजी से वापस भेजा जा सके।

# सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन शुरू किए

**गाजियाबाद।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) एसआईयू ने अपनी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन की तारीखों की घोषणा कर दी है, ये परीक्षाएं युनिवर्सिटी के संस्थानों में विभिन्न अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए ली जाती हैं। इन परीक्षाओं में शामिल हैं एसईटी- जनरल (सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट), एसईटी- लॉ जिसे सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (एसएलएटी) कहते हैं और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम (एसआईटीईईई)। इन परीक्षाओं का संचालन देश भर के 76 शहरों में कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट (सीबीटी) मोड में किया जाता है। वे उम्मीदवार जो इन परीक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं वे हर टेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ नीचे दिए गए ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन लिंक को एक्सेस कर सकते हैं।

**एसईटी- जनरल (सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट)**

सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने 13 दिसम्बर 2023 को एसईटी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की। इसके लिए आवेदन तकरीबन चार महीने तक जारी रहेंगे, और महत्वाकांक्षी उम्मीदवार 12 अप्रैल 2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। एसईटी का आयोजन रविवार 5 मई 2024 और शनिवार 11 मई 2024 को होगा। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाईट www.set-test.org/के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

**एसईटी 2024 के माध्यम से आवेदन के लिए प्रोग्राम**

बी.बी.ए.- ऑनर्स / ऑनर्स विद रीसर्च
बी.सी.ए- ऑनर्स / ऑनर्स विद रीसर्च
बी.बी.ए. (इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी)- ऑनर्स/ ऑनर्स विद रीसर्च
बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)- ऑनर्स/ ऑनर्स विद रीसर्च
बी.एससी. (इकोनोमिक्स)- ऑनर्स/ ऑनर्स विद रीसर्च
बी.एससी. (अप्लाईड स्टैटिसटिक्स एण्ड डेटा साइंस)- ऑनर्स/ ऑनर्स विद रीसर्च

**सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (एसएलएटी)**

सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट 2024 या एसएलएटी 2024 का संचालन 5 मई 2024, रविवार और 11 मई 2024 शनिवार को सीबीटी मोड में एसएलएटी 2024 टेस्ट सेंटरों में किया जाएगा। पुणे, नोएडा, हैदराबाद और नागपुर में सिम्बायोसिस के सभी लॉ स्कूलों के लिए सिम्बायोसिस टेस्ट सेक्रेटेरियट ने 13 दिसम्बर 2023 को एसएलएटी आवेदन प्रक्रिया 2024 शुरू कर दी है। वे उम्मीदवार जो नीचे दिए गए प्रोग्रामों में शामिल होना चाहते हैं वे ऑफिशियल वेबसाईट https://www.set-test.org/ के माध्यम से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

वे प्रोग्राम जिनके लिए आवेदन किए जा सकते हैं
बी.ए. एलएल.बी ऑनर्स
बी.बी.ए. एलएल.बी. ऑनर्स
बी.ए. एलएल.बी
बी.बी.ए. एलएल.बी

**एसईटी- इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम (एसआईटीईईई)**

एसआईटीईईई 2024 की आवेदन प्रक्रिया कई बीटेक प्रोग्रामों के लिए ऑनलाईन की जाएगी। इसके लिए टेस्ट की दिनांक 5 मई 2024 (टेस्ट 1) और 11 मई 2024 (टेस्ट 2) है। वे उम्मीदवार जो एसआईटीईईई 2024 में हिस्सा लेना चाहते हैं वे अंतिम दिनांक 12 अप्रैल 2024 से पहले ऑफिशियल वेबसाईट https://www.set-test.org/ पर विज़िट करें।

**आवेदन के लिए प्रोग्राम**

बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी(आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स एण्ड मशीन लर्निंग)
बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (सिविल इंजीनियरिंग)
बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग)
बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्युनिकेशन)
बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग)
बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (रोबोटिक्स एण्ड ऑटोमेशन)

सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) की कई राज्यों और शहरों जैसे पुणे, नोएडा हैदराबाद, नागपुर और बैंगलुरू में मौजूदगी है। यह अपने सभी परिसरों में 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से इंटरनेशनल सूझबूझ को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के साथ कार्यरत है।

# सोने में 420 रुपए की गिरावट, चांदी 1900 रुपये कमजोर हुई

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना



420 रुपये टूटकर 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी की कीमत भी 1,900 रुपये की गिरावट के साथ 76,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 78,800 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्यूरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में गिरावट के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 420 रुपये की गिरावट के साथ 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वैश्विक बाजार में सोना और चांदी गिरावट के साथ क्रमशः 2,042 डॉलर प्रति औंस और 23.05 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करते दिखे।

गांधी ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की योजना को लेकर अनिश्चितता के कारण कारोबारियों के बीच जोखिम की धारणा बनी रहने से कॉमेक्स पर सोने की कीमतें दो सप्ताह के निचले स्तर पर आ गईं। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की पिछले महीने हुई बैठक का ब्योरा जारी होने के बाद ब्याज दरों में कटौती की समयसीमा को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

# अपनाशाइन बड़ा बार जो चले ज्यादा, दाम में किफायती और काम में असरदार

**नई दिल्ली।** अपना क्लब एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी है, जो दुकानदारों के बिजनेस ग्रोथ को ध्यान में रखकर अब अपने बिजनेस पोर्टफोलियो में विविधता ला दी है और अद्वितीय कीमत पर क्वालिटी प्रोडक्ट्स के साथ भारत के टियर 2 और टियर 3 को टार्गेट करने के लिए ब्रांडो की अपनी रेंज पेश की है।

कंपनी की सीईओ और संस्थापक श्रुति हैं, जिन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दिल्ली से डायरेक्टर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए किया है। श्रुति का कहना है कि हम प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदीजी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के आह्वान से प्रेरित होकर बेस्ट क्वालिटी के प्रोडक्ट्स और ब्रांड लेकर आए हैं, जो किफायती कीमत पर बेहतर क्वालिटी प्रदान करते हैं। दुकानदारों के लिए एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूशन बिजनेस चलाते समय, हमने बाजार में उन कमियों को समझा जिनका सामना कंज्यूमर्स को करना पड़ता है। क्लीनिंग रेंज के क्षेत्र में बाजार में एक बड़ा अवसर बनता है और इसलिए हम ZYADAAA के वादे के साथ अपना डिशवॉशिंग बार 'अपना शाइन' लॉन्च कर रहे हैं - कम कीमत पर अधिक मात्रा।




नेशनल ब्रांड अच्छी क्वालिटी प्रदान करते हैं लेकिन उनकी कीमत बहुत अधिक होती है जबकि लोकल ब्रांड कम कीमत पर समान क्वालिटी प्रदान नहीं कर पाते हैं। हमने कम कीमत पर नेशनल ब्रांड क्वालिटी दोनों को कंबाइंड किया है। नेशनल ब्रांड 10 रुपये में 135 ग्राम और 30 रुपये में 300 ग्राम की पेशकश करते हैं, अपना शाइन 10 रुपये में 150 ग्राम और 30 रुपये में 400 ग्राम की किफायती कीमत पर उपलब्ध है। यह भारतीय परिवारों के लिए बेहतर क्वालिटी वाला डिशवाशिंग बार है, जो उनके होम बजट में पूरी तरह से फीट भी होता है। मनीष, जो सीओओ और सह-संस्थापक हैं, उनका इस क्षेत्र में गहरी पैठ है। उनके कॉपरेट जीवन के सफर में बिग बाज़ार (फ्यूचर ग्रुप), वॉलमार्ट इंडिया और मेट्रो कैश एंड कैरी सहित कई प्रसिद्ध कॉरपोरेशन्स का नाम जुड़ा हुआ है। उनका कहना है कि, हमने बेहतर परिणाम देने के लिए अपने प्रोडक्ट्स को लैब में टेस्ट करवाया है। हमने एक डिशवॉशिंग जेल भी लॉन्च किया है जो नेशनल ब्रांड के क्वालिटी की तरह बेहतर फोमिंग प्रदान करता है, जिसका एकमात्र रिजल्ट है, साफ चकाचक बर्तन।

दोनों को लगता है कि ज्यादा का वादा कुछ ऐसा है जो परिवारों को उनके ब्रांड को स्वीकार करने और इसे सफल बनाने के लिए आकर्षित करेगा। आपको यह बता दें कि अपनाशाइन डिस्ट्रीब्यूटर का पसंदीदा ब्रांड है। इसको 10 हजार से भी ज्यादा रिटेलर्स और 2.5 लाख से भी ज्यादा परिवार ने खरीदा है। ये 100 से ज्यादा शहरों जैसे कि लखनऊ, कानपूर, वाराणसी , नोएडा में सबका फेवरेट ब्रांड बन गया है। क्योंकि ये कस्टमर्स को ज्यादा बचत और ज्यादा दिनों तक चलने का वादा करता है। अब बर्तन घिसघिसकर थके हुए हाथों को बेस्ट क्वालिटी महाबार अपनाशाइन मिलेगा। आपके जानकारी के लिए बता दें कि अपनाशाइन, ग्लेंजो क्लीनिंग रेंज का ही अंश है। अपनाशाइन को 6 महीने में इतने डिस्ट्रीब्यूटर्स और फैमिली ने खरीदा एवं प्यार और विश्वास लुटाया कि ग्लेंजो रेंज को 2023 में मोस्ट ट्रस्टेड इमर्जिंग अवार्ड के रूप में प्रेस्टिजियस ब्रांड अवार्ड मिला था।

# एकतरफा मुक़ाबले में एआरपी क्लब ने वर्सेटाइल को 7 विकेट से हराया




- वर्सेटाइल और एआरपी टीम के बीच हुआ शानदार मुकाबला
- विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ दिया गया नगद पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** अवधनामा क्रिकेट लीग टूर्नामेंट 2023 का फाइनल मैच बक्शीपुर स्थित राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक सूचना निदेशक प्रशांत श्रीवास्तव जबकि विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अरविंद राय, सतीश पांडेय, गजेंद्र त्रिपाठी, रशाद लारी, रितेश मिश्रा व आदर्श ऑटोमोबाइल के डायरेक्टर हाजी खुर्शीद खान रहे।

सीमित ओवर के अवधनामा क्रिकेट लीग 2023 में वर्सेटाइल क्लब ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 37 रन बनाए। वर्सेटाइल क्लब की ओर से सिर्फ मोहसिन ही अच्छी बल्लेबाजी कर सके। उन्होंने 19 बाल पर 18 रन बनाए। एआरपी क्लब के सुजीत ने 2 विकेट लिए। जवाब में 38 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एआरपी क्लब के बल्लेबाजों ने 6.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 40 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीतकर अवधनामा क्रिकेट लीग 2023 की विजेता बनी। एआरपी की तरफ से सुजीत तिवारी से सर्वाधिक 24 रन और भरत ने 11 रन बनाए। खेल खेल की भावना से खेला जाता है जिसमें एक टीम जीतती है और दूसरी हारती है दोनों टीमों को जीत की बधाई देता हूं।

इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में सैयद शहाब वरिष्ठ पत्रकार नीरज श्रीवास्तव सुशील गुप्ता अजीत सिंह फैयाज अहमद और तमाम लोगों का विशेष योगदान रहा। विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार भी दिया गया है इस टूर्नामेंट में सुरक्षा की जिम्मेदारी बक्शीपुर चौकी इंचार्ज बलराम त्रिपाठी ने बड़ी ही जिम्मेदारी के साथ निभाया। राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य समर बहादुर सिंह का भरपूर सहयोग और आशीर्वाद मिला जिन्होंने इस टूर्नामेंट को कराने के लिए स्कूल का ग्राउंड दिया।

इस आयोजन की खासियत ये रही कि खिलाड़ियों को उनके खेल के लिए जबकि दर्शकों को क्रिकेट से जुड़े सवालों के सही जवाब देने के लिए भी इनाम दिया गया।

## जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में निर्वाचन उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार प्रसार हेतु वाली होने वाली व्यय सामग्रियों का दर निर्धारण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा की पिछले विधानसभा 2022 निर्वाचन में जो व्यय हेतु दर निर्धारित किया गया था उसमें नियमानुसार 10 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए सभी सामग्रियों का प्रचलित दर के दृष्टिगत उचित दर का निर्धारण किया जाए एवं डीजल पेट्रोल के वर्तमान प्रचलित बाजार दर के दृष्टिगत वाहनों के किराए भाड़े आदि का दर निर्धारित किया जाए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार, कोषाधिकारी परशुराम ओझा, उप जिला मजिस्ट्रेट मो0 जफर, सहायक श्रमायुक्त विजय यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मो0 अजीम, उपायुक्त राज्य कर अधिकारी राजेश कुमार, अधि0 अभि0 लोक निर्माण विभाग मृत्युंजय कुमार उपस्थित रहे।

# मोदी-योगी सरकार सभी वर्गो के गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया: डॉ. धर्मेन्द्र सिंह

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सहजनवा क्षेत्र के भरवल गांव में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी ड़ा धर्मेंद्र सिंह ने केन्द्र व प्रदेश के योजनाओं को जनता को बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी योगी ने देश सभी वर्गो के गरीबों को ध्यान में रखकर उनको आत्मनिर्भर बनाया। मोदी ने जब देश के पीएम बने तब उन्होंने किसान, नवजवान, महिलाएं, बेदीयों सभी के बुनियादी सुविधाओं का अध्ययन कर बिना किसी मांग के उनको आत्मनिर्भर बनाया। आज किसानों को पीएम सम्मान निधि, पीएम आवास, विधवा, वृद्धा पेन्शन, आयुष्मान कार्ड से पात्र लोगों को लाभ दे रही है। बेटियों को कन्या सुकन्या योजना से लेकर हाथ पीले करने तक का जिम्मा सरकार ने ले लिया है। योगी राज में पूरे प्रदेश में कानून का राज स्थापित है। हर नीती के तहत केन्द्र व प्रदेश सरकार पात्र लाभार्थी को लाभ देकर आत्मनिर्भर बना रही है। पिछली सरकार केवल टुकडो में विकास करती थी। लेकिन मोदी ने पूरे देश में विकास कर अपना झण्डा विदेश तक गाड दिया है। क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने योगी मोदी के नेतृत्व में जाति देखकर विकास नहीं किया जाता है।वह सबका साथ, सबका विकास व सबका सम्मान के सिद्धांत पर कर रहें है। जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने कहा मोदी के नेतृत्व देश शिखर पर जा रहा है।तो योगी के नेतृत्व प्रदेश सुशासन कायम हुआ एवं भ्रष्टाचार खत्म हुआ तो विकास का नया आयाम लिख रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष सभी स्टालो पर जानकारी लेते हुए गोद भराई कर अन्न प्राशन कराया। सभी ने देश की अखण्डता एवं समरसता की शपथ भी लिया। इस दौरान पूर्व विधायक जीएम सिंह जिला पंचायत सदस्य संजय शुक्ला, छोटेलाल मौर्य,डा आरडी सिंह, जिला मंत्री राम उजिगर शुक्ला, संजय शुक्ला, प्रमुख दिलीप यादव, नरेंद्र शुक्ला, गुड्डू उपाध्याय, विजयभान, सूर्यनाथ विश्वकर्मा, रामायण उपाध्यक्ष अशोक पांडे, हरि गोविंद उपाध्याय भास्कर उपाध्याय समेत अन्य मौजूद रहें।

## 22 को सभी लोगों प्रेम भाव से पूजन करे: बालेंदु दुबे

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** नए साल की शुरुआत होते ही अयोध्या से आए अक्षतों का वितरण शुरू कर दिया गया है। संघ,भाजपा आदि से जुड़े कार्यकर्ताओं ने रामपुर गड़री में घर-घर व प्रतिष्ठानों में जाकर अक्षत बांटे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन को भव्य रुप से मनाने की अपील की गई। बुधवार अभियान प्रमुख एवं भाजपा नेता बलेंदु दुबे व संघ जिला अभियान प्रमुख के नेतृत्व में रामपुर गाडरी सहदेरवा होते हुए आदि जगहों पर प्रतिष्ठानों व घर घर अयोध्या से आए पूजित अक्षत मंदिर चित्र विविध वितरण की गई। अपील की गई कि 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि पर रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस दिन सभी लोग प्रेम भाव से पूजन करें। श्री राम नाम का जाप करते हुए दीपोत्सव कार्यक्रम मनाएं। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे भी लगाये गये। इस मौके पर जिला अभियान उमाशंकर दुबे दुर्गेश दुबे वीरेंद्र नाथ दुबे भरत शर्मा पिंकू छोटू राम दवन आदि ने भी अक्षत बांटे।



## विधायक ने बांटा कम्बल तो सभी के चेहरे खिल उठे



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां ब्लाक के जोगियाकोल में स्थानीय विधायक प्रदीप शुक्ला द्वारा जरूरतमन्दों और असहाय लोगो को 700 कम्बल वितरण किया गया। विधायक ने इस दौरान सरकार की लाभकारी योजनाओ के बारे में भी बताया, इस दौरान पंचायती राज सलाहकार मदनमुरारी गुप्ता मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शुक्ला, श्रवण सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कम्बल वितरण में आधा दर्जन ग्राम पंचायत के लोग शामिल रहे, कम्बल पाकर सभी के चेहरे खिल गए।

# नये कुष्ठ रोगियों के आसपास समय से हो जाए हेल्थी कांटैक्ट सर्वे

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** जिले में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान (एलसीडीसी) का राज्य कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ जया देहलवी ने बुधवार को निरीक्षण कर सघन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी नये कुष्ठ रोगी मिल रहे हैं उनके आसपास हेल्थी कांटैक्ट सर्वे समय से अवश्य हो जाए और सभी को बचाव की दवा भी खिला दी जाए। साथ ही अगर कहीं से बाल कुष्ठ रोगी और ग्रेड टू के रोगी मिल रहे हैं तो वहां सघन अभियान चला कर बचाव के इंतजाम किये जाएं।

जिले में 21 दिसम्बर से तीन जनवरी तक अभियान के दौरान करीब 37.68 लाख लोगों की स्क्रिनिंग की गयी जिनमें से 15 नये कुष्ठ रोगी मिले। स्क्रिनिंग के दौरान मिले 8000 संभावित कुष्ठ रोगियों की भी जांच जारी है। यह अभियान चार जनवरी तक के लिए प्रस्तावित था। राज्य कुष्ठ अधिकारी ने सहजनवां ब्लॉक के भीटी रावत में क्षेत्र का भ्रमण कर करीब दो दर्जन घरों में अभियान का जायजा लिया। उन्होंने टीम से बात करने के बाद सहजनवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ व्यास कुशवाहा के साथ बैठक की। वापस लौट कर डॉ देहलवी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे के साथ बैठक करने के बाद शहरी क्षेत्र के बेतियाहाता में अभियान का निरीक्षण किया और फिर जिला कुष्ठ रोग कार्यालय पर समीक्षा बैठक की। इस मौके पर जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ गणेश यादव और जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ भोला गुप्ता ने उन्हें अभियान की विस्तृत जानकारी दी। राज्य कुष्ठ अधिकारी ने अभियान के बाद भी कुष्ठ रोग के लक्षणों, इलाज और बचाव के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार पर जोर दिया। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ यादव ने बताया कि जो भी नये कुष्ठ रोगी मिलते हैं उनके घर के दायें, बायें और सामने के तीन तीन घरों और उनके परिवार के सभी सदस्यों की सघन स्क्रिनिंग की जाती है और उन्हें बचाव की दवा भी खिलाई जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रेड टू या बाल रोगी मिलने पर पूरे गांव का सर्वे कर बचाव की दवा खिलाई जाती है और शहरी क्षेत्रों में ऐसी स्थिति में आसपास के दस घरों में बचाव की कार्रवाई की जाती है। राज्य कुष्ठ अधिकारी से कई महत्वपूर्ण फीडबैक प्राप्त हुए हैं जिन पर अमल कर जिले को कुष्ठ से मुक्त बनाया जाएगा। इस मौके पर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ आसिफ, एनएमए, एनएमएस और पीएमडब्ल्यू समेत फील्ड के स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे। **दिये जा रहे हैं संदेश:**-जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ भोला गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान लोगों को यह संदेश भी दिया गया कि कुष्ठ की जांच व इलाज की सुविधा सभी ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों पर उपलब्ध है। समय से कुष्ठ की पहचान होने पर उसका सम्पूर्ण इलाज संभव है। एक बार जब कुष्ठ रोगी दवा का सेवन शुरू कर देता है तो उससे दूसरों को यह बीमारी नहीं फैल सकती। समय से कुष्ठ का इलाज न करवाने पर यह विकृति या स्थायी दिव्यांगता का रूप ले सकता है।

### यह लक्षण हों तो कराएं जांच

चमड़ी पर सुन्न दाग या चकत्ते हों शरीर के किसी भी हिस्से का ऐसा दाग या चकत्ता जहां पसीना न आए हाथ या पैर की नसों में मोटापन, सूजन या झनझनाहट हाथ या पैर के तलवे में सुन्नपन चेहरा, शरीर या कान पर गांठ हाथ व पैर की उंगली में टेढ़ापन

# डॉ नीरज तिवारी बने बीबीएयू सैटेलाइट सेंटर के प्रशासनिक प्रभारी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बाबासाहेब डा भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के सैटेलाइट कैंपस के आईटी विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ नीरज तिवारी प्रशासनिक प्रभारी बनाये गये। गुरूवार को डॉ नीरज के सैटेलाइट कैंपस पहुँचने पर उनका भव्य स्वागत हुआ। बीबीएयू के सैटेलाइट सेंटर में सहायक प्राध्यापक के रूप में डॉ नीरज तिवारी बीते 2017 से हैं। उन्हें विवि की ओर से सैटेलाइट कैंपस का प्रशासनिक प्रभारी बना दिया गया है।उनके प्रशासनिक प्रभारी बनने विवि के अन्य प्राध्यापको और नॉन टीचिंग स्टॉफ व सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया और बधाई दिया।डॉ नीरज के पदभार ग्रहण करने से सैटेलाइट कैंपस के सभी कर्मचारियों व छात्रों में खुशी की लहर है।डॉ नीरज तिवारी ने कहा कि सैटेलाइट परिसर में व्यवस्थाओं को सुधारना और यहाँ के प्रशासनिक कार्यों में गतिशीलता लाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। विश्वविद्यालय के कुलपति जी के मार्गदर्शन में यहाँ के छात्र- छात्राओं और कर्मचारियों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करना हमारा प्रयास रहेगा। डॉ नीरज तिवारी को बीते 2013 में मैन ऑफ़ द ईयर आईबीसी केम्ब्रिज 2016 में युवा वैज्ञानिक पुरस्कार व वर्ष 2022 में शान-ए- यूपी पुरस्कार भी मिल चुका है।डॉ नीरज कुमार तिवारी सूचना प्रौद्योगिकी और हरित संचार के क्षेत्र में एक विशेष रुचि रखते हैं।

## मेजर जनरल मनोज ने अपने जन्मभूमि को नमन किया



**भटनी अवधनामा संवाददाता।** भटनी नोनापार निवासी थल सेना में तैनात मेजर जनरल मनोज कुमार तिवारी आज सुबह नोनापार अपने पैतृक गांव पहुंचे जहां उन्होंने सबसे पहले कुल देवता बाबा मणिनाथ बाबा के मन्दिर पहुंच कर बाबा का दर्शन पुजन किया उसके उपरांत शिवालय पहुच कर बाबा भोलेनाथ का दर्शन पुजन किया फिर गांव के भाई बांधव द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होकर गांव के युवाओं को अग्निवीर के रूप में भर्ती होकर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया देवबनधु महाविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में गांव के अपने भाई चाचा दादा तथा भतीजों से मिलकर गले लगाये और भावुक होकर गांव से विदा लिये गांव सभी लोगों ने जोश के साथ अपने धरती के लाल को विदा किया और फिर गांव आने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर प्रबंधक देवबनधु महाविद्यालय पं गंगेश्वर नाथ तिवारी अजय कुमार तिवारी अमीर लाल तिवारी राज तिवारी सिधधु तिवारी राहुल राजा तिवारी विनय तिवारी जितेन्द्र तिवारी ईश्वर दयाल तिवारी ठीकेदार साहब पुगन बन्ना कन्हैया राहुल सभी ने मेजर भैया को सम्मानित किया और गांव में साथ साथ घुमकर पुराने यादों को तरो ताजा किया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज ने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2024 के तहत विभाग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा जिसके अंतर्गत माई भारत- विकसित भारत@2047 विषय पर जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत यातायात पुलिस के समन्वय से स्वयंसेवको के माध्यम से जागरूकता अभियान व राष्ट्रीय युवा दिवस व युवा सप्ताह का उत्साहपूर्ण आयोजन।बताया कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की 161वीं जन्म जयंती के अवसर पर उक्त गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा जिससे अमृत काल मे विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित हो सके। सभी आयोजनों का विभिन्न विभागों व संगठनों के सहयोग और समन्वय से जनभागीदारी से जनांदोलन के रूप में वृहद स्तर पर क्रियान्वयन किया जा सके। भाषण प्रतियोगिता में जनपद के 15-29 वर्ष (12 जनवरी 2024 को) के युवा प्रतिभाग कर सकते हैं और जनपद स्तर के विजेता को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग का अवसर भी प्राप्त हो सकेगा।

# मथौली को 27 रनो से हराकर लोहेपार ने जीता फाइनल मुकाबला

## विजेता टीम को मिला पल्सर बाइक, उप विजेता टीम को 21 हजार नगद पुरस्कार

- मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिंटू सिंह व मैन ऑफ द मैच अंश और जग्गन को मिला

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे में स्थित किसान इंटर कालेज के खेल मैदान में एक सप्ताह से हो रहे मथौली कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच गुरुवार को लोहेपार व मथौली के बीच खेला गया। जिसमें लोहेपार की टीम ने 27 रनो से मथौली को हराकर कप पर कब्जा कर लिया।

बता दें कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लोहेपार की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 144 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी कार्यवाई में उतरी मथौली की टीम ने 10 ओवरों में मात्र 117 रन बनाकर फाइनल मैच हार गई। इस तरह से लोहेपार की टीम ने 27 रनो से फाइनल मैच का खिताब जीत लिया। विजेता टीम को रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड की तरफ से पल्सर बाइक का पुरस्कार दिया गया। कमेटी के तरफ से विजेता टीम को कप व अन्य पुरस्कार देकर हौसला अफजाई किया गया। जबकि उप विजेता टीम को 21 हजार नगद पुरस्कार, कप व साईकिल देकर पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी विजेता टीम के तरफ से अंश को मिला जिन्होंने 18 गेंद पर 68 रन इतना बड़ा लक्ष्य दिया। इसी प्रकार दूसरा मैन ऑफ द पुरस्कार उप विजेता टीम के जग्गन को मिला जिन्होंने 56 रन बनाया। इसी प्रकार सभी मैचों में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी मथौली के मिंटू सिंह को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार नगद 11 हजार रुपए दिया गया।

इसी तरह से बेस्ट बालर, बेस्ट बैटमैन, बेस्ट गेंदबाज, बेस्ट फिल्डर को भी पुरस्कार दिया गया। फाइनल मैच का अंपायर अखिलेश मौर्य और विट्टू मद्धेशिया ने किया जबकि मैच का कमेंट्री सभासद प्रिंस जायसवाल व टेंपू जायसवाल ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सांसद प्रतिनिधि व खड्डा ब्लॉक प्रमुख शशांक दुबे व विशिष्ट अतिथि रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने विजेता व उप विजेता के खिलाड़ियों में पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर बीरेंद्र पांडेय, कृष्ण मणि त्रिपाठी, बृजेश उपाध्याय, राकेश उर्फ भोला यादव, रमेश यादव, अकमल हुसैन, अदालत प्रसाद, रोहित वर्मा, हेमंत सिंह, प्रिंस मद्धेशिया, सुनील मद्धेशिया, फारूक, अमन जायसवाल, महेंद्र यादव, रामा चौरसिया, यशवंत सिंह, आनंद जायसवाल, सतीष वर्मा, विवेक चौबे, आदि मौजूद रहे।



विजेता टीम को ट्राफी देते सांसद प्रतिनिधि शंशाक दुबे व रामकोला विधायक

## जरूरतमंदों को हर संभव मदद करने के लिए सरकार हमेशा तत्पर

**गोरखपुर।** सरकार गरीब तबके के लोगो के मदद के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ भी समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। कड़ाके की ठंड देखते हुए सरकार ने गरीब तबके के लोगो को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण के साथ साथ जगह जगह अलाव की व्यवस्था कराने का निर्देश जिम्मेदारो को दे रखे है। प्रशासन द्वारा सरकार के निर्देश का अमल की कराया जा रहा। जिससे गरीब और असहाय लोगो को ठंड से बचाया जा सके। उक्त बातें प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह ने विधानसभा सहजनवा के पिपरौली ब्लाक एकडंगा में गरीब और असहाय के बीच कंबल वितरण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि लोगो को संबोधित करते कही।

विशिष्ट अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला व जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह कहा की कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा गरीब और असहाय की हर संभव मदद करने के लिए तैयार है।

# खजड़ी वाले बाबा के जन्मजयंती पर किसान मेले का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भाटपार रानी के बंगरा बाजार में प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय भागवत भगत उर्फ खजड़ी वाले बाबा की जन्म जयंती के अवसर पर किसान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवरिया के सांसद रमापति राम त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भाटपार विधायक सभा कुंवर कुशवाहा, व जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी ने खजड़ी वाले बाबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया और उन्हें नमन किया।

सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ी संख्या में देशभक्तों ने बलिदान किया। देश के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया। भागवत भगत खजड़ी वाले बाबा स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी योद्धा थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अपना आदर्श माना और छेड़े गए आंदोलनों में हिस्सा लिया। नमक सत्याग्रह, अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान जेल गए। बंगरा बाजार चौराहे पर स्थापित प्रतिमा के सामने लोग श्रद्धा से सिर झुकाते हैं।

भोजपुरी में उनके गीत काफी प्रसिद्ध थे। गेहुंआ के रोटियां रहरिया के दलिया आदि ।विशिष्ट अतिथि सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि स्वर्गीय भगत जी इस क्षेत्र की शान थे उन्होंने देश की आजादी में जनता के बीच खजड़ी बजा बजा कर स्वतंत्रता की चेतना जगाई इसीलिए लोगों ने उनका नाम खजड़ी वाले बाबा रख दिया । राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि इस क्षेत्र का सौभाग्य है कि हमारे बीच ऐसे संत और महात्मा रहे हैं जिन्होंने देश की आजादी में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और भारत की एकता और अखंडता को अक्षुण रखने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने खजड़ी वाले बाबा को नमन करते हुए कहा कि भटनी विकास खंड के सठियांव गांव के रहने वाले भागवत भगत, खजड़ी वाले बाबा के नाम से मशहूर थे। 1920 के असहयोग आंदोलन में भी काफी सक्रिय रहे। उन्होंने अपने तमाम साथियों के साथ अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद किया। बंगरा बाजार में सभा के दौरान अंग्रेजी पुलिस ने लाठीचार्ज किया। कई लोग घायल हुए थे। महात्मा गांधी ने जब 1930 में अंग्रेजों के विरुद्ध नमक सत्याग्रह शुरू किया तो भागवत भगत उसमें कूद पड़े। गांव-गांव घूमकर खजड़ी बजाकर अंग्रेजी सरकार के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। इसके लिए उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी। फिर भी विचलित नहीं हुए। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में खजड़ी बजाकर नौजवानों में जोश भरने का काम किया। क्रांतिकारी गीत गाकर अंग्रेजी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए लोगों को एकजुट किया। कार्यक्रम को भाटपार रानी के विधायक सभा कुंवर कुशवाहा ने संबोधित करते हुए खजडी वाले बाबा के देश की आजादी के प्रति उनके योगदान को याद किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी ने भी सभा को संबोधित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा किसान मेले में आए सभी लोगों का अभिवादन किया। इस अवसर पर किसान मेले में स्टाल लगाकर किसानों को जागरूक किया गया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह बबलू, अमरेश कुमार सिंह बबलू, ब्लाक प्रमुख बिंदा सिंह कुशवाहा, जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, सुनील सिंह, अखिलेश सिंह गुड्डू, मन्नजय राय, बलबीर सिंह दादा,संतोष पटेल, राहुल सिंह सहित पार्टी सम्मानित पदाधिकारी व कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहें।

## ऑटो की ठोकर से बाइक सवार गंभीर, रेफर

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के पिपराइच कप्तानगंज मार्ग पर बरडीहा नहर पुल के समीप ऑटो से टक्कर लगने पर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त सूचना के मुताबिक गिरजेश मिश्रा पुत्र परशुराम मिश्रा उम्र 40 वर्ष निवासी महुअवा खुर्द थाना अहिरौली बाजार गुरुवार को जगदीशपुर चौराहे से अपने बाइक से सवार होकर अपने घर महुअवा खुर्द जा रहे थे अभी वह बरडीहा नहर की पुल क्रास किए थे की बोदरवार के तरफ से आ रही तेज़ रफ़्तार ऑटो ने उन्हें ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर अहिरौली बाजार थाने से हेड कांस्टेबल सोनदेव यादव सुदामा यादव कांस्टेबल अमित कुमार गुड्डू राजभर मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति के परिजनों को सूचना दी परिजन भी मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति के इलाज के लिए गोरखपुर ले गए।

# निर्माणाधीन नगर पंचायत कार्यालय का चेयरमैन ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** निर्माणाधीन नगर पंचायत मथौली कार्यालय का नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था को गुणवत्ता के साथ निर्माण करने व समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। बता दें कि 1 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से कस्बे के मुख्य चौराहे पर कार्यदाई संस्था सीएनडीएस द्वारा नगर पंचायत मथौली कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा है जो आधे से अधिक हो गया है। निर्माणाधीन कार्यालय का नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जानकारी लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था के जे ई व संबंधित लोगों को गुणवत्ता परख कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही समय से पहले कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि नगर पंचायत स्थाई रूप से यहां से चल सेक। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता की शिकायत नही होनी चाहिए, अगर ऐसी शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाई सुनिश्चित की जायेगी। इस मौके पर जेई कृष्ण कुमार मद्धेशिया, जेई सतेंद्र विश्वकर्मा, सभासद रविन्द्र सैनी, दिनेश राव, लिपिक हरे राम शर्मा, इंजिनियर आफताब अहमद, शिवेंद्र, मोहन आदि मौजूद रहे।

# डिजिटल क्राप सर्वे से कृषि क्षेत्र में आयेगी क्रान्तिः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

- प्रमाणित आकड़ो से योजनाओं की बेहतर होगी प्लानिंग
- किसानों का जीवन होगा खुशहाल

**बहराइच।** खरीफ वर्ष 2023 में सर्वाधिक सर्वे करने वाले कामिकों के सम्मान तथा एग्री स्टैक योजनान्तर्गत (ई-खसरा पड़ताल) रबी फसलों के डिजिटल क्राप सर्वे कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में कृषि निदेशालय लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, जिलाधिकारी मोतीपुर संजय कुमार सहित कृषि, पंचायती राज, ग्राम्य विकास व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि आज एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ है इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन की जनपद में नियमित रूप से समीक्षा की जायेगी। उन्होनें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, डीडी एग्री कल्चर तथा जिला गन्नाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा कलेक्ट्रेट सभागार में मेरे द्वारा की जायेगी। जिसमें कृषि, राजस्व, गन्ना, पंचायत तथा मनरेगा के कार्मिको द्वारा सर्वेयर के रूप में प्रतिदिन कम से कम 50 गाटों का सर्वे करने का टास्क दिया जाता है। सम्बन्धित विभाग के अधिकारी प्रतिदिन अपने विभाग के कर्मचारियों से डिजिटल क्राप सर्वे कराने की रिपोर्ट प्राप्त कर तथा उसका विवरण गूगल सीट के माध्यम से उपलब्ध करायेगें तथा भौतिक रूप से सायं 06:30 बजे उपस्थित होकर उसकी समीक्षा करायेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक तहसील का प्रतिदिन का 5 हजार गाटा का सर्वे का लक्ष्य निर्धारित है जिसकी पूर्ति प्रत्येक दशा में की जानी है। उन्होनें बताया कि अभी दो दिन पूर्व रबी फसलों का डिजिटल क्राप सर्वे का कार्य कराया गया है जिसमें 01 कर्मचारी एक दिन में 138 गाटे के सर्वे का कार्य सम्पादित किया गया है 50 का लक्ष्य कोई अधिक नहीं है इसकी पूर्ति आराम से सुनिश्चित की जा सकती है।



उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मा. कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री उ.प्र. सरकार ने कहा कि डिजिटल क्राप सर्वे कराने से किसानों की जिन्दगी में नये बदलाव आयेगें, उनके उत्पादन का प्रमाणित एवं शुद्ध आकड़ा आसानी से मिल सकेगा। जिससे कृषकों के आर्थिक विकास उन्नयन एवं कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में नई क्रान्ति आयेगी। किसानों के रकबे का सही आकड़ा प्राप्त होने से बैकों द्वारा किसानों को कृषि निवेश क्रय करने हेतु आसानी से केसीसी निर्गत हो सकेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर बैठे-बैठे डिजिटल टेक्नालाजी के माध्यम से यह पता हो सकेगा कि किसान ने अपने खेत में कौन-कौन सी फसलें बोई गयी है। किसान भाईयों से कहना चाहता हूँ कि अगर यह कार्य सम्मादित हो गया तो किसानों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आयेगा। उन्होनें मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव कृषि एवं सचिव राजस्व विभाग उ.प्र. शासन द्वारा इस किये जा रहे कार्य की तारीफ करते हुए कहा कि आज भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा है कि खरीफ में 21 जनपदों में शत प्रतिशत तथा 54 जनपदों में 10-10 ग्रामों में ई-खसरा पड़ताल का कार्य आसानी से किये जाने पर तारीफ की गयी है। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी सहित लेखपाल, कानूनगो, कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी, एटीएम/बीटीएम तथा सहायक विकास अधिकारी (कृषि) व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# आखिरी लीग मैच मे तालाबपुरा ने खितवांस को 59 रनों से हराया

**अवधनामा संवाददाता**

**जाखलौन (ललितपुर)।** कस्बे में पं.विश्वनाथ शर्मा की स्मृति में सरदार पटेल स्टेडियम में चल रहे जाखलौन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के आखिरी लीग मैच तालाबपुरा और खितवांस के बींच खेला गया। जिसमे तालाबपुरा ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। तालाबपुरा ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और निर्धारित 16 ओवरों में 164 रन ठोक दिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खितवांस की पूरी टीम मात्र 106 रन ही बना सकी और खितवान्स की टीम मैच 59 रनों से हार गयी। तालाबपुरा की तरफ से गेंदबाज सेतराम ने इस टूर्नामेंट की पहली हेट्रिक के साथ 6



विकेट अपने नाम किये, जिसके लिए सेतराम को मैन आफ द मैच आज मुख्य अतिथि जितेंद्र खटीक के द्वारा दिया गया। आयोजन समिति के सदस्य अन्नू लिटौरिया, संजय जैन, राहुल यादव, शैलेन्द्र राजा, अभिषेक साहू, कुल्लू राजा आदि मौजूद रहे। वही कपिल तिवारी, बद्री प्रसाद व संजय जैन ने कमेंट्री की तथा दिलीप शर्मा व छोटेलाल झा ने अंपायरिंग की। स्कोरिंग धीरज शर्मा ने की। टूर्नामेंट को देखने के लिए गांव व क्षेत्र से भारी दर्शक आ रहे है और मैच का लुत्त उठा रहे है।

# बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप के आरोपियों के घर पर हो बुलडोजर की कार्रवाईः गीता

**अवधनामा संवाददाता**

- समाजवादी महिला सभा ने घटना पर रोष जताते हुए राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**ललितपुर।** प्रदेश के बनारस जिले में बीएचयू विश्वविद्यालय में एक छात्रा के साथ भाजपा नेताओं द्वारा बन्दूक की नोक पर किये गये गैंगरेप को लेकर समाजावादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा के नेतत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया है। जहां उन्होंने गैंगरेप के आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाए जाने की मांग की है। राज्यपाल को भेजे हुए ज्ञापन में सपा महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने बताया कि देश कि प्रतिष्ठित बीएचयू विश्वविद्यालय एक छात्रा के साथ दो महिने पहले भाजपा के तीन नेताओं द्वारा बन्दूक की नोंक पर गैंगरेप किया गया, जो कि निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात करते हैं, वहीं उनकी पार्टी के नेता बेटियों के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम देते हैं। इससे भाजपा की कथनी और करनी दोनों साफ होती है। पीडिता द्वारा दिये गये शिकायती पत्र के बाद भी पुलिस ने गैंगरेप के आरोपियों पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। दो महिने होने के बाद अब पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इससे लगता है कि भाजपा सरकार गैंगरेप के आरोपियों को बचाने का भरसक प्रयास कर रही है। उन्होंने इस काण्ड में पुलिस ने कुछ छात्राओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी। उनके नाम मामले से वापिस किये जाएं। उन्होंने गैंगरेप के आरोपियों के घर बुल्डोजर चलाए जाने की कार्यवाई की मांग की है। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष विजय सिंह यादव, शत्रुघन यादव, हृदेश यादव, चंद्रपाल सिंह, बिट्टू यादव, रोहित, संध्या, सुमन, ज्योति, बबीता, ललिता, शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय व महिला विंग का किया किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

- तीमारदारों के लिए परिसर में अलाव जलाए जाने के दिये निर्देश

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय की इमरजेन्सी सहित विभिन्न वार्डो, ओपीडी, पैथालॉजी, रक्तकोष, पंजीकरण एवं औषधि वितरण काउण्टर, फिज़ियो थैरिपी कक्ष व एन.सी.डी. क्लीनिक तथा 100 बेडेड महिला विंग में संचालित वार्डो, प्रसव कक्ष इत्यादि का निरीक्षण कर मरीज़ों व उनके तीमारदारों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। विभिन्न वार्डो के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मरीज़ों के साथ-साथ मरीज़ों के तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त करते मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया कि चिकित्सालय में आने वाले सभी मरीज़ों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाएं प्रदान की जायें।

शीत लहर को मद्देनज़र रखते हुए डीएम ने सीएमएस को यह भी निर्देश दिया कि मरीज़ों के साथ आने वाले तीमारदारों के लिए आवश्यकतानुसार जगह-जगह अलाव जलवा दें तथा रैन बसेरे की व्यवस्थाओं में भी माकूल बन्दोबस्त रखे जाएं ताकि किसी ज़रूरतमन्द को ठंड के मौसम में कोई दिक्कत न हो। महिला विंग के निरीक्षण के दौरान डीएम ने तीमारदारों की सुविधा के लिए बेन्च की पर्याप्त व्यवस्था की जाय। वार्डो के निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि



मरीज़ों की बेडशीट साफ-सुथरी रहे इसके लिए समय से बेडशीट को बदला जाय। डीएम ने यह भी निर्देश मरीज़ों को मेन्यू के अनुसार समय से भोजन उपलग्ब्ध कराया जाय तथा चिकित्सालय व शौचालय की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। ओ.पी.डी. के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को बताया कि गया कि वर्तमान में लगभग 1500 से 1800 मरीज़ों को ओपीडी सुविधा प्रदान की जा रही है। जबकि आम दिनों में मरीज़ों की संख्या बढकर 2500 हो जाती है। डीएम को बताया कि गया कि इमरजेन्सी में भी मरीज़ों की आमद लगभग 100 से 150 रहती है। डीएम ने कहा कि आने वाले मरीज़ों को हर संभव बेहतर इलाज उपलब्ध कराये किसी भी मरीज़ को बाहर की दवा न लिखी जाय। डीएम ने चिकित्सकों से अपेक्षा की कि मरीज़ों को देखते समय मानवीय पहलुओं को तरजीह देते हुए सेवाभाव से अपने सम्मानित पेशे के साथ न्याय करें। पैथालॉजी के निरीक्षण के दौरान डीएम ने विभिन्न जांचों तथा उसकी कालिकता के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

चिकित्सालय से निकल कर डीएम मोनिका रानी ने परिसर में खडी एम्बुलेन्स का निरीक्षण कर एम्बुलेन्स में उपलब्ध जीवन रक्षक उपकरणों तथा संचालन के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि मरीज़ों की कॉल प्राप्त होने पर निर्धारित समय में उन्हें सुविधा उपलब्ध कराएं।

# रोजगार मेला संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

- 101 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**ललितपुर।** उ.प्र. कौशल विकास मिशन सेवायोजन कार्यालय एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आयोजित विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन विकास खण्ड बार के विकासखण्ड परिसर में किया गया। शुभारम्भ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वतीजी के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। रोजगार मेले में 14 नियोक्ता, कम्पनी यथा एल.आई.सी., मदरसन, फेम, एलेकॉन बन्सू, मिन्डा इलेक्ट्रीकल्स प्रा.लि., श्रेयांस इन्स्ट्रीट्यूट टेक्निोलॉजी एण्ड साइंस, एम.वी. एजूकेट प्रा.लि., निफ्टी ग्रीन, अरविन्द लिमिटेड, श्रीनिवास एजूकेशन, एक्साईड बैटरी, टाटा ऑटोकोम, लावा इंटरनेशनल लि., सुब्रोश लि. इत्यादि के प्रतिनिधियों द्वारा नियोजक के रूप में प्रतिभाग किया गया। उक्त रोजगार मेला में कुल 133 अभ्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग कर साक्षात्कार में भाग लिया गया। जिनमें से 101 अभ्यार्थियों का प्रतिभागी विभिन्न कम्पनियों के द्वारा चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को जनप्रतिनिधियों, माननीयों के द्वारा मंच से ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

# इसौली विधायक ने किया कम्बल का वितरण

**क्षेत्र के हर गरीब को कम्बल मुहैया कराया जाएगाः विधायक मोहम्मद ताहिर खान**

**अवधनामा संवाददाता**

**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** मंगलवार को इसौली विधान सभा क्षेत्र से समाजवादी विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने विधान सभा क्षेत्र मे जरूरतमंदों एंव बेसहारा ग़रीब गुज़र बसर करने वाले गरीब, असहाय, निर्धन व विकलांग लोगों को ठंड से बचाव हेतु कम्बलं वितरण किया। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के सैनी,असरफपुर, पारा बाजार में विधायक द्वारा 500 लोगों को कम्बल वितरण किया। कम्बल पाकर लोगों के चेहरे खिल गए। विधायक मोहम्मद ताहिर खान ने कम्बल वितरण के बाद उन्होंने कहा कि जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। उन लोगों को चिन्हित कर कम्बल उनके घरों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। विधायक ने बताया कि आने वाले समय मे ठंड



का प्रकोप ओर ज्यादा बढ़ने की संभावना है। जिसके कारण कम्बल वितरण कार्यक्रम के तहत गरीब,निशाहय लोगों को कम्बल वितरण किया गया। एकाएक बढ़ती ठंड से ठिठुर रहे गरीब असहायों के बीच आने वाले दिनों में कंबल का वितरण किया जाएगा। विधायक ने कहा कि ठंड से अपने घरों में दुबके हों ऐसी परिस्थिति में असहायों गरीबों का दर्द समझ गरीबों व असहायों के बीच कंबल वितरण किया जाएगा उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से बचाने का कार्य करेगें। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष बृजेश यादव,डॉक्टर जहीर खान, जिला सचिव रामचंद्र यादव, मोहम्मद ईसा खान, शिव प्रसाद मोर्या, तुफैल अहमद, अरशद पवार, सुहैल आलम खान तफसीर अहमद, मुमताज खान, फरहान मोबाइल, अनवार हुसैन (पप्पू) इमरान, इनाम उल्ला रमेश कुमार यादव सैयद नावेद मुस्तफा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिट एंड रन के काले कानून को वापस ले सरकारः डॉ. अवधेश



**सुल्तानपुर।** वाहन चालकों के लिए सरकार द्वारा लाये गये काले कानून को सरकार वापस ले, अन्यथा सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जाएगा। उक्त बातें पत्रकार ऐशोसिएशन के अध्यक्ष डा0अवधेश शुक्ला ने एक चर्चा के दौरान कही। उन्होंने बताया कि ये कानून मात्र बस, ट्रक, एवम अन्य भारी वाहन चालकों के लिए ही नही है, अपितु हर उस व्यक्ति पर लागू होगा जो अपना चार पहिया, दो पहिया वाहन चलाते हैं।पूर्व में दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के बाद दुर्घटना 304 ड्ड के अंतर्गत मुकदमा दर्ज होता था, को जमानती धारा थी, अब नया कानून लागू होने पर दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो जाने पर वाहन चालक को जेल भेज दिया जाएगा, तथा 10 लाख रुपए का जुर्माना अथवा दस वर्ष की सजा का प्रावधान किया गया है।उन्होंने बताया कि सभी वर्ग के लोगों के खिलाफ लाया गया ये काला कानून सरकार की फांसी वादी नीति का द्योतक है। सरकार को ये काला कानून वापस लेना ही पड़ेगा।

# संपर्क मार्गों पर भरा पानी, निकासी करवाने में जुटे ग्राम प्रधान



- आने-जाने वाले लोगों को होगी समस्या का समाधान

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर, भदैंया।** ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत बालमपुर ग्राम सभा के संपर्क मार्ग पर काफी दिनों से पानी भरा होने के कारण आने जाने वाले राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ता था। प्रतापगंज बाजार से निकलकर हनुमानगंज, कन्धईपुर, श्रीपुर, सेमरी पुरषोत्तमपुर, गोपालपुर, शुकुलपुर, विकवाजितपुर, जाने वाले संपर्क मार्ग पर पानी भरा होने के कारण छोटे छोटे बच्चे भी गिरकर चोटहिल हो जाते थें जहां ग्रामीणों ने इसकी सिकायत पीडब्ल्यूडी के उचधिकारियो को अवगत कराया गया था इसके बावजूद अधिकारियों ने बजट ना होने के कारण मरम्मत करवाने के लिए इंकार कर दिया जहां अब ग्राम सभा के ग्राम प्रधान ने सम्पर्क मार्ग के किनारे नाली निर्माण करवाकर बीचोंबीच रास्ते में पाइप डलवाया जा रहा गिट्टी के बजाए इट की गिट्टी तोड़कर ग्राम सभा के पक्की सम्पर्क मार्ग में प्रयोग किया जा रहा है। जहां आने जाने वाले लोगों को समस्या से निजात मिल सके।

**क्या कहते हैं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि**

वहीं पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राहुल कुमार ने बताया कि पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाया गया सम्पर्क मार्ग आज तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई जो जो आने जाने वाले वाहनों के कारण डामर की पक्की सड़क बैठ गई जहां मरम्मत करवाने के लिए उचधिकारियो से लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से मरम्मत करवाने की मांग किया गया पर अधिकारियों ने बजट ना होने के कारण मरम्मत करवाने से इंकार कर दिया तब अपने पंचायत नीधी से कार्य करवाया जा रहा है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व संरक्षक मास्टर प्रताप सिंह पटेल

**अवधनामा संवाददाता**

- पत्रकार भवन में प्रेस क्लब (रजि.) ने मनायी पुण्यतिथि
- मूर्धन्य पत्रकार कीर्तिशेष ज्ञानचंद अलया की धर्मपत्नी के निधन पर जताया शोक

**ललितपुर।** सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्रेस क्लब (रजि.) अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता व संरक्षक मण्डल सदस्यों की उपस्थिति में प्रेस क्लब के संरक्षक सदस्य रहे स्व. मास्टर प्रताप सिंह पटेल की पुण्यतिथि मनायी गयी। मौके पर पत्रकार साथियों ने पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं प्रेस क्लब के संरक्षक सदस्यों व वरिष्ठ पत्रकारों ने स्व.मास्टर प्रताप सिंह पटेल के जीवन कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुये पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके द्वारा दिये गये योगदान को याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्व.ज्ञानचंद अलया की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल अलया, पत्रकार अक्षय अलया, अजय अलया की पूज्यनीय माताजी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त कर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। पत्रकार साथियों ने दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए दो मिनिट का मौन धारण कर ईश्वर से कामनायें की गयीं। सभा उपरान्त पत्रकार साथियों ने अलया जी के कटरा बाजार स्थित आवास पर पहुंच कर शोक व्यक्त कर शोक पत्र सौंपा। इस मौके पर संरक्षक सदस्य सुरेन्द्र नारायण शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, संतोष शर्मा, सुनील शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अंतिम जैन पारौल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष रमेश रायकवार, पवन संज्ञा, राहुल साहू खिरिया, शुभम पस्तोर, विकास सोनी, सुमित रैकवार, निहाल सेन, अर्जुन झां, पुष्पा झां, मनोज जैन, पुनीत परिहार, अजय तोमर, अनन्त सराफ, कृष्णकांत सोनी, निशु दुबे, श्याम बिहारी दीक्षित, प्रशान्त तिवारी, ऋषि शुक्ला, ऋषि नायक, प्रदीप रिछारिया के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।



# मण्डलीय पेंशन अदालत 12 जनवरी को

**बहराइच।** देवीपाटन मण्डल गोण्डा के अंतर्गत आने वाले राजकीय कर्मचारियों के सेवानिवृत्तिक एवं मृतक, शासकीय सेवकों के पारिवार के सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बंधित समस्याओं के समाधान हेतु 12 जनवरी 2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से आयुक्त सभागार गोण्डा में मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में पेंशन अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि पेंशन अदालत में सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित समस्याओं के वाद पत्र/प्रत्यावेदन कोषागार बहराइच में 06 जनवरी 2024 तक प्राप्त करा कराए जा सकत है। श्री शरण ने बताया कि पेंशन अदालत हेतु वाद पत्र का प्रारूप कोषागार के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

# जुआ खेल रहे नौ जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**अवधनामा संवाददाता**

- चांदमारी क्षेत्र से सिविल लाइन चौकी पुलिस ने दी दबिश

**ललितपुर।** बुधवार की देर रात सिविल लाइन चौकी पुलिस ने दविश देकर चांदमारी स्थित बसुन्धरा कालोनी स्थित एक घर के कमरे में दविश देकर नौ कुख्यात जुआरियों को धर दबोचा है। पकड़े गये जुआरियों में कुछ सभ्य परिवार से बताये गये हैं, जबकि कुछ प्रोफेशनल जुआरी बताये जा रहे हैं। पुलिस ने मौके से आठ मोबाइल फोन, दो मोटर साइकिल व एक स्कूटी के अलावा नकदी और ताश की गड्डी बरामद की है। चौकी पुलिस को मिली इस महत्वपूर्ण सफलता के बाद जुआरियों में हड़कम्प की स्थिति बनी हुयी है। उप निरीक्षक विवेक धामा ने तहरीर देते हुये बताया कि वह हमराह कां.संदीप गुप्ता के साथ चौकी नई बस्ती क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी बीच उन्हें वर्णी कॉलेज के पास आकर मुखबिर ने सूचना दी कि चांदमारी क्षेत्र की वसुन्धरा कालोनी में रहने वाले कृष्ण मुरारी के मकान के पास करीब 10 लोग बैठकर ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर ऐतवार करते हुये पुलिस ने सिविल लाइन चौकी प्रभारी उप निरीक्षक रामकिशोर शर्मा को सूचित किया।

# हेल्पलाइन नम्बरों सहित साइबर अपराधों के बारें में किया गया जागरुक

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के तहत महिला सशक्तिकरण जागरूकता हेतु जनपद सुलतानपुर में उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु विशेष अभियान चलाया गया।जिसके क्रम में महिलाओं /बालिकाओं/ छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र/ग्राम पंचायत/ वार्ड/ मोहल्लों की महिलाओं/ बालिकाओं/ छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया।यथा- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में जागरूक किया गया।वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक करते हुए बताया गया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना खाता संख्या, एटीएम पिन, सीवीवी नम्बर, एटीएम कार्ड नम्बर, पासवर्ड एवं मोबाइल नम्बर पर एसएमएस के जरिए प्राप्त ओटीपी कदापि शेयर न करें । यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करायें। साथ ही साथ विभिन्न सराकारी योजनाओं यथा- निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना इत्यादि योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुए पम्पलेट वितरित किया गया।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 24.01.2024 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 00202024 दिनांक 03-01-2024 |
| 2. | निविदा संख्या | 43Sr.DEN-III-LKO/2023-24 |
| 3. | कार्य का नाम | सहायक मण्डल इंजीनियर / उत्तर रेलवे / वाराणसी के अधिकार क्षेत्र में मुख्य सेक्शन इंजीनियर कार्य / उत्तर रेलवे / वाराणसी अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग और सड़क की सतह की भारी मरम्मत का कार्य |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs. 49,59,239.97 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 99,200.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 10/01/2024 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि व समय | 24/01/2024 at 15:00 hrs. |
| 9. | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोटः— 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 37/2024



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा लखनऊ मण्डल के खलीलाबाद एवं सीतापुर स्टेशन पर WVM (Water Vending Machine) के संचलन की 05 वर्ष की अवधि हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित है। जिसके खुलने की तिथि दिनांक 19.01.24 समय 13:00 बजे एवं बंद होने की तिथि दिनांक 19.01.24 समय सीतापुर (13:30) एवं खलीलाबाद (13:40) स्टेशन सम्बन्धित लॉट के अनुसार है। इस आक्शन के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होगें। ई-आक्शन से सम्बन्धित अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ध्यान दें कि ई-ऑक्शन मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान केवल through IREPS, online payment mode से ही स्वीकार्य किया जाएगा जोकि www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है, डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नही है। अन्य जानकारी www.ireps.gov.in (E-Auction Module) की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ई आक्शन सूचना संख्या, स्टेशन, लोकेशन, आदि का विवरण निम्न है।

ई आक्शन सूचना सं० (कैटलॉग सं०) : LJN-WVM-KLD-STP, स्टेशन : सीतापुर, लोकेशन : प्लेटफॉर्म पर, आक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय : दिनांक 19.01.24 समय 13:30 बजे।

ई आक्शन सूचना सं० (कैटलॉग सं०) : LJN-WVM-KLD-STP, स्टेशन : खलीलाबाद, लोकेशनः प्लेटफॉर्म पर, आक्शन/लॉट बन्द होने की तिथि व समय : दिनांक 19.01.24 समय 13:40 बजे।

मण्डल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य, लखनऊ

मुजाधि/वा० – 224

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# अधेड़ की ट्रक से कुचलकर मौत

## पांच पांच स्कूलों के सामने से गुजरते है ट्रक, नौनिहालों की जान पर लटकती तलवार

- जिम्मेदार कौन ट्रक ड्राइवर, खदान संचालक या खनिज विभाग
- सकरे रास्तों से गुजरते है मौरंग से लदे ट्रक, ग्रामीणों की जान पर संकट



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** सर्दी का कहर और मौरंग वाले ट्रको का सितम बाँदा वासियों पर अपना कहर बरपा रहा है , इन दिनो सर्दी अपने चरम पर पड रही है पारा 10/12 पर आ गया है शीतलहर चल रही है परंतु किसान को अपनी खेती की चिंता और अन्ना जानवरों का डर सोने नही दे रहा है। कल इसी चिंता और फिक्र मे डूबे 52 वर्षीय किसान केदार प्रसाद निवासी ग्राम करहिया अपने खेतों की देखभाल के लिये साइकिल से खेत जा रहा था वहीं उसी रास्ते मे पथरी खदान से बालू लेने ट्रक भी जा रहा था जिसने केदार प्रसाद को रौंद डाला और कुछ दूरी पर ट्रक को खडा करके भाग भी गया , स्थानीय ग्रामीणो और पुलिस ने केदार प्रसाद को अस्पताल भेजा जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

अब सवाल यहां पैदा होता है अन्ना जानवरों का आतंक इतना अधिक है कि किसानो को चौबीसो घंटे अपने खेत की रखवाली करनी पडती है ऐसे मे अन्ना जानवरों पर रोक लगाना क्या जरूरी नही है। पथरी खदान से सैकडों ट्रक प्रतिदिन मौरंग का परिवहन करते है ऐसे मे क्या ट्रको का आवागमन संकरे रास्ते और बच्चों के स्कूल के सामने से होकर गुजरना सही है , क्या खनिज विभाग पट्टा करते समय इन बातों पर विचार नही करता है कि स्थानीय स्कूल से निकलते समय ट्रको द्वारा कभी भी दूर्घटना सम्भव है , क्या संकरे रास्ते से ट्रको का आवागमन उचित है जहां छोटे छोटे बच्चे खेलते हैं अपने घरो के सामने , और ग्रामीणो के जानवर बंधे है वहीं से ट्रको के निकलने से होने वाली दुर्घटनाओं को स्वतः निमंत्रण देना क्या जायज है।

खदान संचालको को भी चाहिये कि विद्यालयों की छुट्टी के समय ट्रकों को खदान से ना निकलने दे और स्पष्ट रूप से चेतावनी जारी करें कि विद्यालयों के सामने से निकलते समय विशेष सावधानी रखें।

खनिज विभाग जब खनन का पट्टा देता है तब उसको विचार करना चाहिये कि स्कूल के सामने से ट्रको के आवागमन की जगह अन्य रास्तो का विकल्प चुनना चाहिये , जब करोडो रूपये का राजस्व लिया जाता है तो उसमे कुछ पैसा वेलफेयर फंड का भी होता है जिसको क्षेत्र के विकास मे लगाया जायेगा परंतु उस पैसे को खनिज विभाग कहां व्यय करता है , क्या उस पैसे से ट्रको के लिये अलग से मार्ग का निर्धारण नही कराया जा सकता जिससे भविष्य मे केदार प्रसाद के साथ घटी दुर्घटनाओं पर अँकुश नही लगाया जा सकता है।

## मौरम खदान संचालक द्वारा बकाए का भुगतान न किए जाने की शिकायत

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव निवासी ग्रामीण ने मौरम खदान संचालक द्वारा बकाए का भुगतान न किए जाने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही करने की मांग पुलिस से की है। क्षेत्र के बेरी गांव निवासी ग्रामीण पवन सिंह गौर पुत्र लक्ष्मी नारायण ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में 10 / 33 संचालित हो रही थी। परवेज खान व भूपेश के द्वारा खदान का संचालन किया जा रहा था। अब यह खदान बंद हो गई है। लेकिन गांव के लोगो का मजदूरी व भाड़े का लाखो रुपए देनदारी शेष रह गई है। जिसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। खदान के बैरियर में रखा सामान लेने यह लोग आए तो इनसे शेष भुगतान करने के बाद सामान ले जाने की बात की तो इन्होंने गाली गलौज करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी है। ग्रामीणों ने शेष भुगतान कराए जाने की मांग थाने में तहरीर देकर की है। थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** थाना जलालपुर अंतर्गत ग्राम पतरिया डेरा मे रामलीला कार्यक्रम मे चार पहिया सवार अज्ञात व्यक्तियो द्वारा फायरिंग कर दहशत फैलाई गई थी तथा फायरिंग से निर्वेद राजपूत निवासी पतरिया डेरा, गोली लग जाने से घायल हो गया था। वादी मुकदमा की तहरीरी सूचना के आधार पर धारा 307 भा0द0स0 पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना का पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा थाना जलालपुर पुलिस को जल्द से जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए गये थे। जिसके क्रम मे उपरोक्त घटना की विवेचना मे घटना मे प्रयुक्त चार पहिया वाहन यूपी 91यू 0831 व अभियुक्तगण की जानकारी होने पर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व वाहन की बरामदगी हेतु मुखबिर की सूचना थाना जलालपुर पुलिसल पुलिस राठ पुरैनी तिराहा पर दौराने चेकिंग वाहन संख्या यूपी 91यू 0831 सफेद रंग की एक्सयूवी गाडी को रोका तो उसमे दो व्यक्ति 1)अजीत पुत्र गयाप्रसाद उर्फ कद्दू राजपूत निवासी खडेही लोधन थाना मुस्कुरा जनपद हमीरपुर 2) धर्मेन्द्र पुत्र गनेशीलाल प्रजापति निवासी महेरा थाना बिवांर जनपद हमीरपुर मौजूद मिले, जिनकी जामा तलाशी ली गयी तो दोनो व्यक्तियो से 02 अदद तमंचा 315 बोर 02 अदद कारतूस 315 बोर व 09 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हम लोग दिनांक 01.01.2024 को ग्राम पतरिया डेरा मे रामलीला देखने गये जहां पर मेरे व मेरे साथियो द्वारा कुल 09 राउण्ड फायर किया गया था जिसके खोखा हम लोग अपने पास रख लिया था। पकडे गये वअभियुक्तों के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व पूर्व मे दर्द मुकदमे मे धारा 147/ 148/ 149/ 504/506 भा0द0स0 व 07 सीएलए एक्ट की बडोत्तरी कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र व्यक्ति को योजनाओं से जोड़ा जायेगा

**सोनभद्र।** शासन के आदेशानुसार ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का कार्यक्रम दिनांक 06.01.2024 समय-प्रातः 10.00 बजे से दोहपर 11.00 बजे तक स्थान-रामलीला ग्राउण्ड रावर्ट्सगंज, सोनभद्र में कराया जाना है। उक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री के बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि जो पात्र व्यक्ति अभी तक किन्ही कारणों से योजनाओं के लाभ लेने से वंचित रह गये हैं उन्हें विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान योजनाओं के लाभ से जोड़ा जायेगा। उक्त कार्यक्रम के दौरान जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित स्टॉल लगाया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, उज्जवला योजना, आपूर्ति कार्यालय राशन कार्ड, आधार कार्ड, स्वास्थ्य कैंम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना बैंको के माध्यम से बीमा योजना आदि का स्टाल लगाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभ दिया जायेगा।

# ई-खसरा पड़ताल एवं परिवर्धित मोबाइल एप्प का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** ई-खसरा पड़ताल एवं परिवर्धित मोबाइल एप्प का कृषि भवन लखनऊ में आज शुभारंभ किया गया, उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित अधिकारीगण एवं राजस्व कर्मियों एवं कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी के उपस्थिति में सजीव प्रसारण दिखाया गया, इस अवसर पर लखनऊ के कृषि भवन से सजीव प्रसारण के माध्यम से ई-खसरा पड़ताल एवं परिवर्धित मोबाइल एप्प के सी.पी.एम.यू./ एस.एम.टी. द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया, इस अवसर पर . कृषि मंत्री, मुख्य सचिव द्वारा दिये गये उद्बोधन का भी सजीव प्रसारण दिखाया गया, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व). सहदेव कुमार मिश्र, उप निदेशक कृषि. जय प्रकाश , जिला कृषि अधिकारी. हरेकृष्ण मिश्र, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी. अनिल कुमार गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी. विनय कुमार सिंह, मास्टर ट्रेनर, सर्वेयर, सुपर वाईजर एवं वेरीफायर सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# डीपीआरओ ने पंचायतों में बन रहे अंत्येष्टि स्थलों एवं आरआरसी सेंटरों का किया निरीक्षण

- जल्द पूर्ण कराने के दिये निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी ने सुमेरपुर विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कुंडौरा एवं विदोखर पुरई में बन रहे अंत्येष्टि स्थल एवं कूड़ा निस्तारण केंद्रों का निरीक्षण करके जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ को विदोखर पुरई में पंचायत सहायक पंचायत भवन से नदारत मिला। वहीं पांच ग्राम पंचायत सचिवों के क्षेत्र में उपलब्ध न होने से उनकी पंचायतों का निरीक्षण नहीं हो सका।गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने ग्राम पंचायत कुंडौरा के अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इसका निर्माण साठ फीसदी पूर्ण हो गया है। कार्य ठप होने पर जल्द शुरू करने के निर्देश ग्राम प्रधान को दिए गए है। इसके बाद उन्होंने विदोखर पुरई की अंत्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यहां महज 30 फीसदी कार्य हुआ है। उन्होंने ग्राम प्रधान सुंदरलाल प्रजापति को दो दिन में कार्य शुरू करने के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कूड़ा निस्तारण केंद्र (आरआरसी सेंटर) का निरीक्षण किया। यहां पर अभी तक पानी बिजली के इंतजाम नहीं हुए हैं। साथ ही एप्रोच मार्ग अधूरा होने पर नाराजगी जताते हुए जल्द व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीपीआरओ को ग्राम पंचायत सचिव मोहिनी तिवारी, बालेश्वर द्विवेदी, अनामिका पांडेय, सोनाली सचान, अमित कुमार की पंचायतों का भी निरीक्षण करना था। लेकिन यह पंचायत में मौजूद नहीं थे। इस वजह से उनकी पंचायतों का निरीक्षण नहीं हो सका। डीपीआरओ ने सचिवों के खिलाफ कार्यवाही के संकेत दिए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी एडीओ पंचायत मनीष कौशिक आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध गांजा के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में जनपद अंतर्गत मादक पदार्थो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, थाना सुमेरपुर पुलिस के द्वारा लक्ष्मी चन्द्र पालीवाल इंटर कॉलेज से आगे हाइवे की तरफ ग्राम इगोहटा थाना सुमेरपुर जनपद हमीरपुर से अभियुक्तगण मोइन खां पुत्र कमरुद्दीन उम्र 40 वर्ष नि0 इलाही तालाब कस्वा व थाना मौदहा व नइमा परवीन पत्नी स्व मुख्तार उम्र 24 वर्ष निवासी साजन तालाब कस्वा व थाना मौदहा जनपद हमीरपुर से 05 किलो 700 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद कर,थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 06/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

### अभियुक्त अवैध तमंचा/कारतूस के साथ गिरफ्तार

**मौदहा - हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, थाना मौदहा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 108/2018 धारा 147/148/149/307/411 आईपीसी थाना राठ जनपद हमीरपुर व मु0अ0सं0 101/2018 धारा 307 आईपीसी थाना राठ से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त महेंद्र यादव पुत्र मुन्ना यादव निवासी ग्राम रमना किशनपुर थाना मौदहा जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार किया गया अभि0 के कब्जे से एक अदद अवैध तमन्चा व कारतूस बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 04/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर मा0 न्याया0 के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसपर पूर्व में भी कई गंभीर धाराओं में मुकदमे पंजीकृत है।

### प्रमुख क्षेत्र पंचायत करमा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव हुआ निरस्त



**सोनभद्र/ करमा।** प्रमुख क्षेत्र पंचायत करमा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के सम्बंध में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या सी035445/2023 मुन्नी देवी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार व दो अन्य में उच्च न्यायालय के आदेश संख्या3157के संदर्भ के अनुक्रम में विकास खण्ड करमा के क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा सीमा देवी प्रमुख क्षेत्र पंचायत करमा के विरुद्ध प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव में नामित अधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय/पीठासीन अधिकारी पंचायत करमा के उपस्थित में गुरुवार को पूर्व सूचना अनुसार समय11बजे पूर्वहन सभागार में की गई जिसमें75 क्षेत्र पंचायत सदस्य के सापेक्ष28 क्षेत्र पंचायत सदस्य 11:40बजे तक उपस्थित रहे।अंतिम घोषित समयावधि तक कुल क्षेत्र पंचायत की संख्या28रही।

### हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनभद्र/अनपरा।** शिकार करने के दौरान युवक की हत्या करने की आरोपी को थाना अध्यक्ष अनपरा राजेश सिंह ने किया गिरफ्तार राजेश सिंह के मार्गदर्शन में अनपरा पुलिस ने शिकार करने के दौरान हुए राजेश गोड़ की हत्या के संबंध में थाना अनपरा में मुकदमा संख्या 220 /2032 आईपीसी की धारा 304 कर पंजीकृत किया गया अभियुक्त दशरथ खरवार पुत्र मोहन खरवार निवासी खजुरा को मुखबिर की सूचना पर महारदा मोड से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से बंदूक बरामद किया गया बरामद की वह गिरफ्तारी के आधार पर थाना अनपरा में मुकदमा संख्या 04/2024धारा3/25 आर्म एक्ट में पंजीकृत किया गया आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया

# विधायक ने प्लाईओवर पर लगाई जा रही स्ट्रीट लाइट का किया निरीक्षण

- उपसा फ्लाईओवर पर लगा रहा 100 स्ट्रीट लाइट



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज नगर स्थित तीन किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर पर स्ट्रीट लाइट लगाने की कवायद शुरू हो गई है। सदर विधायक भूपेश चौबे ने बृहस्पतिवार को स्ट्रीट लाइट लगाए जाने के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उपसा के अधिकारियों से स्ट्रीट लाइट के संबंध में जानकारी ली और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि सपा सरकार में फ्लाईओवर का निर्माण तो करा दिया गया, मगर इस पर जनसुविधाओं का ख्याल नहीं रखा गया। भाजपा शासन में जनहित के मुद्दों को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है। तीन किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर पर प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम नहीं होने का मसला विधानसभा में उठाया गया था। मामले को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान में लेकर उपसा को फ्लाईओवर पर प्रकाश की व्यवस्था किए जाने का निर्देश दिया। उपसा की तरफ से फ्लाईओवर पर जगह-जगह जाली लगाया जा चुका है। बृहस्पतिवार से फ्लाईओवर पर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम भी शुरू हो गया। जिसका सदर विधायक ने स्थलीय निरीक्षण किया। उपसा के अधिकारियों ने विधायक को बताया कि फ्लाईओवर पर कुल 100 स्ट्रीट लाइट लगाए जाएंगें। निरीक्षण के दौरान भाजपा मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, विकास मिश्रा, गौरव शुक्ला, संजू श्रीवास्तव, शिवम राजपुत, जवाहर आदि रहे।

## रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए लेखाकार को मौदहा में बैठाने की तैयारी

**हमीरपुर।** विकासखंड सरीला में तैनाती के दौरान 2022 में रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े गए लेखाकार को राजनीतिक दबाव के चलते जिले के सबसे बड़े ब्लॉक में बैठने की तैयारी हो रही है। वर्ष 2022 में सरीला विकासखंड कार्यालय में तैनात लेखाकार पुत्तनलाल को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार करके जेल भेजा था। यह नौ माह तक जेल में विरुद्ध रहने के बाद जमानत पर रिहा हुआ था। सत्ताधारी एक नेता का संरक्षण प्राप्त होने पर इनको बहाल करके मुस्करा विकासखंड का चार्ज दिया गया था। अब राजनीतिक दबाव के चलते इन्हें जनपद के सबसे बड़े विकासखंड मौदहा में बैठाने की तैयारी है। बताते चलें कि योगी सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार मुक्त शासन का नारा दे रही है, दूसरी तरफ अपने नेताओं की सिफारिश पर भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबे कर्मियों को चार्ज दिलाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है।

# नगर में बनेंगे पांच ओपेन जिम, रोड लाइट भी लगेंगे

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पालिका परिषद सोनभद्र में नए विकास के रास्ते खुले हैं। नगर में ओपेन जिम के साथ ही रोड लाइट लगाने के साथ अन्य कार्य कराए जाएंगें। इसके लिए नगर पालिका प्रशासन को धनराशि अवमुक्त हो गई है। जल्द ही काम शुरू होगा। बृहस्पतिवार को मीडिया से मुखातिब होते हुए उक्त जानकारी नगर पालिका परिषद चेयरमैन रबी प्रसाद ने दी। बताया कि केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात करके नगर के विकास में सहयोग मांगी थी। इस पर केंद्रीय मंत्री ने सीएसआर मद से एक करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे नगर में पांच स्थानों पर ओपेन जिम स्थापित कराया जाएगा। नगर स्थित रामसरोवर तालाब के भींटे पर, डायट परिसर के पास, पुसौली मोहाल स्थित तालाब पर, शिवाजी स्टेडियम सहित पांच स्थान पर ओपेन जिम लगेगा। बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श योजना के तहत नगर में रोड लाइट और इंटरलॉकिंग का काम कराया जाएगा। बढ़ौली चौक से कचहरी तिराहा होते हुए महिला थाना तक तथा बढ़ौली चौक से मेन मार्केट होते हुए चंडी तिराहा तक सड़क के दोनों पटरी पर रोड लाइटें लगाई जाएंगी। साथ ही इंटरलॉकिंग व अन्य कार्य कराया जाएगा। इसके साथ ही नगर से जोड़ने वाली विस्तारित क्षेत्र की सड़कों पर लैंप लाइटें लगवाई जाएगी। लाइट लगवाने पर दो करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# अराजकतत्व गौशाला से काट ले गए तिरपाल

अवधनामा संवाददाता

- गौवंश को देवगांव में किया गया समायोजित

**हमीरपुर।** सुमेरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत सिमनौडी की गौशाला में बेसहारा गोवंश को ठंड से बचने के लिए लगाए गए तिरपाल को अराजकतत्वों द्वारा काटकर ले जाने पर गोवंश को देवगांव की गौशाला में समायोजित किया गया है। प्रधान का आरोप है कि गांव के कुछ लोग राजनीतिक साजिश के तहत उसे परेशान कर रहे हैं। इसी के चलते पंचायत में बनने वाले कूड़ा निस्तारण केंद्र के लिए जमीन मुहैया नहीं होने दे रहे हैं। इसकी शिकायत प्रधान ने तहसीलदार सदर से की है।

ग्राम पंचायत सिमनौडी की दलित प्रधान रजनी वाल्मीकि ने बताया कि ग्राम पंचायत की गौशाला में ठंड से बचाव के लिए तिरपाल लगा हुआ था। जिसे गांव के अराजकतत्वों ने रात के अंधेरे में काट लिया है।जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी। लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है। इसलिए गोवंश को ठंड से बचाने के लिए देवगांव की गौशाला में समायोजित किया गया है। प्रधान का आरोप है कि पंचायत में कूड़ा निस्तारण केंद्र (आरआरसी सेंटर) बनना है। ग्राम सभा की जमीन पर अराजकतत्व काबिज है। इसलिए जमीन नहीं मुहैया हो रही है। जमीन मुहैया कराने के लिए प्रधान ने तहसीलदार को पत्र लिखा है। प्रधान का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिव विकास कार्य कराने के लिए परेशान है। लेकिन पूर्व में तैनात सचिव उन्हें चार्ज नहीं दे रही है। जिससे गांव के विकास कार्य ठप है। जिससे मजदूरों को कार्य नहीं मिल रहा है और वह पलायन को मजबूर है।

# अवधूत स्वामी कैलाशानंद की पुण्य तिथि पर हुआ भंडारा

अवधनामा संवाददाता



**भरुआ सुमेरपुर।** स्वामी रोटीराम महाराज की तपोस्थली मुमुक्ष आश्रम इंगोहटा में अवधूत स्वामी कैलाशानंद जी की तीसरी पुण्यतिथि अगाध आस्था के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कीर्तन भजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे साधु संतो के अलावा अन्य लोगो ने प्रसाद गृहण किया। आश्रम के पुजारी सन्त स्वामी निर्भय चेतन ने बताया कि स्वामी कैलाशानन्द वीतरागी, अवधूत और तपस्वी सन्त थे। वे भक्तों का अभिवादन दूर से ही स्वीकार करते थे और सत्संग के जरिए जीवन की सच्ची राह दिखाते थे। ब्रह्मलीन होने के बाद यहां के भक्त उनकी पुण्य तिथि मनाकर प्रतिवर्ष आस्था जताते हैं।

# एनसीएल में अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में गुरुवार को अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शानदार आगाज हुआ । 04 जनवरी से 11 जनवरी 2024 तक चलने वाले एनसीएल अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2023-24 के उद्घाटन कार्यक्रम में महाप्रबंधक निगाही श्री हरीश दुहन बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान एनसीएल स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य, निगाही क्षेत्र के समस्त विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय जेसीसी के सदस्य, निगाही क्षेत्र के स्पोर्ट्स समिति के सदस्य एवं अन्य अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन निगाही स्टेडियम में किया जा रहा है, जिसमें सभी परियोजना एवं इकाइयों की 12 टीम भाग ले रहीं हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच कृष्णशिला क्षेत्र बनाम खड़िया क्षेत्र के बीच खेला गया जिसमें कृष्णशिला क्षेत्र ने 83 रनों से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट के आधार पर व टी-20 पैटर्न पर खेली जा रही है जिसके सेमीफाइनल 10 जनवरी व फाइनल 11 जनवरी को खेले जाएंगे।

# इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों ने मनाया अधिकारिता दिवस

अवधनामा संवाददाता

- इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा असाध्य रोगों को खत्म करेंगे: डॉ. गणेश सिंह



**हमीरपुर।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों को प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी विधा से चिकित्सा व्यवसाय करने का पूर्ण अधिकार है। यह अधिकार उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा अनुभाग-6 द्वारा दिनांक 04 जनवरी 2012 को बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसन उ0प्र0 के नाम शासनादेश जारी कर प्रदान किया गया था। इसी अवसर को मनाने के लिये प्रति वर्ष इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों द्वारा यह दिन अधिकारिता दिवस के रूप में मनाये जाने की परम्परा आज भी है। भारत सरकार द्वारा इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिये जारी आदेश का क्रियान्वयन व अनुपालन राज्य सरकारों द्वारा प्रभावी ढंग से किया जाये व अन्य मान्यता प्राप्त चिकित्सा पद्धितियों की भांति इस अधिकार प्राप्त चिकित्सा पद्धति को वह सारी सुविधायें उपलब्ध करायी जायें जो अभी तक प्राप्त नहीं है। भारत सरकार ने भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी से चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान हेतु 21 जून 2011 को आदेश जारी किया था। पटकाना स्थित धर्मार्थ चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम का प्रारम्भ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ0 काउण्ट सीजर मैटी को दीप प्रज्ज्वलन कर स्मरण किया गया। तत्पश्चात इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल ऐसोसियेशन आफ इण्डिया के बुन्देलखण्ड प्रभारी डॉ0 नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिये गौरव का दिन है। उ0प्र0 शासन ने शासनादेश जारी कर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्य करने के लिये सारी बाधायें दूर करते हुये अधिकार प्रदान किया था। अब आवश्यकता है कि हम अपने अधिकारों को समझें और पूर्ण रूपेण अधिकार के साथ कार्य करते हुये जनता की सेवा करें व जन स्वास्थ्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। डॉ मानसी ने अधिकारिता दिवस के अवसर में कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक 4 जनवरी से 11 जनवरी तक अधिकारिता सप्ताह मानते हुए जनता के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर अपनी पहचान भी बना सकते हैं।

डॉ0 निगम ने चिकित्सकों का आवाहन किया ऐसे लोग जो अपनी पद्धति के अतिरिक्त अन्य कोई पद्धति अपनाते है तो उन्हें तत्काल अपने में सुधार कर लेना चाहिये जब आपके पास पूरे अधिकार है तो उनका पूर्ण उपयोग करें तथा कभी भी अपने आपको किसी से कमतर न समझें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जिला प्रभारी एवं बुंदेलखंड इलेक्ट्रो होम्योपैथी स्टडी सेंटर के सलाहकार ईएच डॉ0 गणेश सिंह विद्यार्थी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा असाध्य रोगों को खत्म किया जा सकता है द्य अब समय आ गया है कि हम अपनी क्षमता का परिचय दें और विधि सम्मत ढंग से व्यवस्थित होकर कार्य करे व अविलम्ब पंजीकरण करा लें क्योंकि सरकार ने इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों के पंजीयन के क्रियान्वयन के लिये शासनादेश संख्या रिट 93 / पांच-6-2018 रिट 78 /2017 दिनांक 14 सितम्बर 2018 जारी किया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ0 मेहेर मधुर निगम, डॉ नम्रता, डॉ कंचन गुप्ता, डॉ प्रियंका, डॉ0 सुनीता सागर, डॉ शफी आदि लोग उपस्थित रहे।

# समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण: अवस्थी

अवधनामा ब्यूरो

**महाराणा प्रताप महाविद्यालय में सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ**

**गोरखपुर/लखनऊ।** भारत का विकास गांवो के विकास एवं उनके स्वावलम्बन में छिपा है। भारत आज सशक्त राजनैतिक नेतृत्व के हाथों में है। आज भारत विकास की सभी विधाओं में तेजी में विकसित देशों के कन्धे से कन्धा मिलाकर आगे बढ़ रहा है। उद्योगों का क्षेत्र हो या निर्यात, औषधि या रक्षा उपकरणों के निर्माण का। सभी क्षेत्रों में भारत की प्रगति विश्व में कौतूहल पैदा कर रही है। आज पूरा विश्व आशा के साथ भारत की ओर देख रहा है। ऐसे में हमें भारत की आधी आबादी अर्थात् महिलाओं के विकास एवं स्वावलंबन की ओर और अधिक कार्य करने की जरूरत है। ऐसे में जेके अर्बनसेप्स डेवेलपर्स एवं सिंगर ग्रुप द्वारा आयोजित सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला निसन्देह महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन में मील का पत्थर साबित होगा। उक्त बातें महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में 'उन्नत भारत ग्राम अभियान में मिशन शक्ति' प्रकल्प के अन्तर्गत जेके अर्बनसेप्स डेवेलपर्स लिमिटेड कानपुर द्वारा प्रायोजित तथा सिंगर इण्डिया लिमिटेड के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय निशुल्क




सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने कही। उन्होने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की तमाम सारी सरकारी योजनाओं के केन्द्र में महिलाएं हैं। महिलाओं को आगे बढ़ाए बिना भारत को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की सोचना बेमानी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण का स्मरण कराते हुए उन्होंने कहा कि भारत के आजादी के शताब्दी वर्ष यानी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हम सभी का संकल्प होना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पिपराइच के विधायक महेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। गांवो की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यशालाओं की भूमिका अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। इस दिशा में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद निरन्तर सजग रूप से पूर्वांचल के विकास में अपना सक्रिय योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन चुका है और देश के सर्वात्तम प्रदेश बनने की राह पर है। विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने कहा कि यह प्रशिक्षण महिलाओं को उनकी आय बढ़ाने में सहायता करने के साथ ही उन्हे आर्थिक दृष्टि से स्वावलंबी बनाने में मदद करेगा। उपस्थित प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान को सिर्फ अपने पास तक सीमित न रखें। ज्ञान व हुनर बांटने से बढ़ता है। अतः यहाँ कार्यशाला से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली प्रत्येक महिला का यह धर्म है कि वह अपने आस-पड़ोस की कुछ महिलाओं को यह हुनर सिखाए। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं से स्वयं सहायता समूह के निर्माण की भी बात कही कि इससे हर महिला की आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में गोरखपुर में ऐसे ही 16 लगभग हजार से ज्यादा महिलाओं के स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं तथा विविध सरकारी योजनाओं का लाभ भी ले रहे है।

# विधानसभा अध्यक्ष महाना ने विधायकों के साथ किया संवाद



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अगले महीने होने वाले विधानसभा के बजट सत्र से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने एक बार फिर विधायकों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विधानसभा सदस्य सदन में समय का सदुपयोग कैसे करे जिससे जनहित के अधिक से अधिक कार्य हो सकें। आज से प्रारंभ हुए क्षेत्रवार संवाद कार्यक्रम के तहत आज मध्य क्षेत्र के विधायकों के संवाद किया गया। जिसमें संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के साथ मंत्रियों राकेश सचान, नितिन अग्रवाल, श्रीमती रजनी तिवारी सुरेश राही, असीम अरुण अजीत पाल को मिलाकर कुल 40 विधायक उपस्थित थें।

# हयात यूनानी मेडिकल कॉलेज में छात्रों ने जमकर काटा हंगामा

**पैसे लेकर परीक्षा में बैठने की अनुमति का आरोप**

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** राजधानी के सिकरौरी स्थित हयात यूनानी मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को छात्रों ने जमकर हंगामा काट और कॉलेज का गेट बन्द कर दिया। कॉलेज का गेट बन्द होने से कॉलेज के कर्मचारी बाहर नहीं जा सके। शाम को छात्रों ने गेट खोला, जिसके बाद कर्मचारी अपने घरों को गये। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन उपस्थिति कम होने की दशा में छात्रों से उपस्थिति के अनुपात में पैसे लेकर परीक्षा में बैठने की अनुमति दे रहा है। वहीं मामले को लेकर कॉलेज प्रशासन से सम्पर्क किया गया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका। हयात यूनानी मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को छात्रों ने उपस्थिति कम होने पर पैसे लेकर परीक्षा में बैठने की अनुमति देने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा और कॉलेज का गेट बन्द कर दिया। छात्रों ने आरोप लगाया कि जिन छात्रों की उपस्थिति बिल्कुल कम है उनसे उसी अनुपात में पैसे लेकर परीक्षाओं में बैठने की अनुमति प्रदान की जा रही है। साथ ही छात्रों ने कॉलेज में नियमित कक्षाएं संचालित न करने का भी आरोप लगाया। छात्रों का कहना है कि कॉलेज में नियमित तरीके से कक्षाएं संचालित की जाएं, जिससे छात्रों का भविष्य बर्बाद न हो साथ ही सभी छात्रों को बिना वसूली के परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाए। छात्रों ने कहा कि शुक्रवार को मांगों पर उचित कार्रवाई न होने पर आंदोलन जारी रहेगा। वहीं मामले में कॉलेज प्रशासन से सम्पर्क का प्रयास किया गया लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका।

# विधायक डॉ. राजेश्वर ने दादूपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम का कराया कायाकल्प

अवधनामा ब्यूरो

**अन्य सुविधाओं के लिए की 5 लाख और देने की घोषणा**

**लखनऊ।** भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्पों के साथ %विकसित भारत संकल्प यात्रा% निरंतर जारी है। गुरुवार को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम दादूपुर में पहुंची जहां लोगों नें विधायक का जोरदार स्वागत किया, जन जन को समर्पित लोकप्रिय विधायक डॉ राजेश्वर सिंह सिंह को अपने बीच पाकर जनता बहुत ही उत्साहित नजर आई, विधायक ने भी जनता का स्नेह और अभूतपूर्व स्वागत के बाद सभी का अभिवादन किया।

इस दौरान विधायक राजेश्वर सिंह ने सरोजनीनगर की विशिष्ट पहचान बन चुके ताराशक्ति केन्द्रों की स्थापना के क्रम में 10 सिलाई मशीनें उपलब्ध कराकर ग्राम पंचायत दादूपुर के मिनी सचिवालय में विशेष सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस विशेष सिलाई सेंटर से दादूपुर की 12 स्वयं सहायता समूह की कुल 180 महिलाएं लाभान्वित होगीं तथा उन्हें काम करने और आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने का अवसर मिला। बता दें कि सरोजनीनगर में स्थापित 61 तारा शक्ति केंद्रों में अब तक 1000 से अधिक मशीनें प्रदान की गई और 1500 से अधिक महिलाएं सीधे



तौर पर जुडी हैं और लाभान्वित हो रही हैं। विधायक द्वारा ऐसे 100 केंद्रों को खोलने तथा सरोजनीनगर के सभी 404 स्वयं सहायता समूहों को लाभकारी रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है। विधायक डॉ सिंह नें दादूपुर के 5 मेधावियों को टैबलेट और 5 को साइकिल देकर सम्मानित किया। बता दें कि विधायक द्वारा अब तक सरोजनीनगर के 1000 से अधिक मेधावी छात्रों की पहचान कर उन्हें टैबलेट, साइकिल और मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। विधायक ने कहा कि सरोजनीनगर के युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने का उनका अभियान नए साल में और अधिक जोश के साथ जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जो समाज योग्यता को बढ़ावा देता है वह देश को तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य करता है। इस दौरान सरोजनीनगर विधायक ने 4.68 लाख की लागत से बाबा विनायक सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम की अवस्थापना सुविधाओं तथा बाउंड्री वॉल सुदृढ़ीकरण, प्लास्टर व पेंटिंग कार्य का लोकर्पण किया साथ ही सड़कों के निर्माण, पार्कों के सुदृढ़ीकरण कराने के लिए निधि से 5 लाख रुपये और देने की घोषणा की। विकसित भारत यात्रा दौरान सरोजनीनगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में आज भारत एक सैन्य महाशक्ति है, 7 प्रतिशत की विकास दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है, तथा आज पूरे विश्व में भारत की सांस्कृतिक शक्ति को पहचान मिली है।

## जगदीश गांधी अस्पताल में भर्ती



**लखनऊ।** महान शिक्षाविद और सीएमएस के संस्थापक प्रबंधक जगदीश गांधी इन दिनों अस्पताल में भर्ती है उनके बारे में कुछ भ्रामक खबर फैलते ही शिक्षा जगत में बेचैनी फैल गई इस बारे में सीम एस के पी आर ओ ऋषि ने बताया कि जगदीश गांधी को बीते 29 दिसंबर को डिहाइड्रेशन और बीपी लो होने के कारण भर्ती कराना पड़ा था उन्होंने बताया कि उम्र और कमजोरी के कारण वो थोड़ा वीकनेस महसूस कर रहे हैं डॉक्टरों की देख रेंख में हैं हालत स्थिर है।

# मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, कई अहम मुद्दों पर की चर्चा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने 5 कालिदास स्थित मुख्यमंत्री आवास पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। भेंट के बाद अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के अल्पसंख्यक समाज के विकास के लिए पूरी ईमानदारी से कम कर रही है। आज



के भेंट के संबंध में राज्य मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश मदरसा आधुनिकरण शिक्षकों के वेतन संबंधित विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा हुई, साथ ही पसमांदा समाज के उत्थान संबंधित विभिन्न विषयों पर माननीय मुख्यमंत्री ने चर्चा कर मार्गदर्शित किया। इसके अलावा प्रदेश की अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के लक्ष्य के साथ चल रही प्रदेश सरकार के विभिन्न योजनाओं के संबंध में भी व्यापक चर्चा हुई।

## अयोध्या जाने वाली परिवहन निगम की बसों में बजेंगे भजन एवं रामधुन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अध्यक्ष/प्रमुख सचिव एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में परिवहन निगम एवं परिवहन विभाग के सभी क्षेत्रीय/सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं संभागीय/ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिवहन निगम द्वारा संचालित ऐसी बसें जिसमे उद्घोषणा यंत्र अथवा म्यूजिक सिस्टम लगा हो उनमें भजन एवं रामधुन बजाया जाए। उन्होंने बताया कि ऐसी बसें जो श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या को जायेंगी, उन बसों में भजन एवं रामधुन बजाया जाएगा।

# ट्रेनों की लेटलतीफी जारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर भारत में पड़ रहे कोहरे के चलते ट्रेनों की लेटलतीफी जारी है। गुरुवार को भटिण्डा जंक् शन से लखनऊ आने वाली ट्रेन संख्या 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 19313 इंदौर-पटना एक्सप्रेस सवा पांच घण्टे विलम्बित होकर चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंची। वहीं दिल्ली से लखनऊ जंक् शन आने वाली लखनऊ मेल लगभग एक घण्टे और डिब्रूगढ़ से नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन संख्या 20503 राजधानी एक्सप्रेस साढ़े तीन घण्टे की देरी से लखनऊ पहुंची। यही नहीं इन ट्रेनों के अलावा एक दर्जन से अधिक ट्रेनें एक से लेकर पांच घण्टे देरी से अपने गंतव्य पहुंची। ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को परेशानी होने के साथ ही यात्रियों को लेने स्टेशन पहुंचे लोगों को



भी घण्टे इंतजार करना पड़ा। बड़ी संख्या में यात्री और यात्रियों को लेने आए लोग चारबाग और लखनऊ जंक्शन स्थित पूछताछ केन्द्रों के चक्कर काटते दिखे। साल की शुरूआत से ही पड़ रहे घने कोहरे की वजह से ट्रेनों की गति धीमी हो गयी है। इन ट्रेनों के अलावा जो ट्रेनें विलम्ब से लखनऊ पहुंची, उनमें ट्रेन संख्या 14261 एकात्मका एक्सप्रेस सवा दो घण्टे, 13240 कोटा-पटना एक्सप्रेस ढाई घण्टे, 12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस तीन घण्टे, 12328 उपासना एक्सप्रेस ढाई घण्टे, 12232 चंडीगढ़ एक्सप्रेस ढाई घण्टे, 13010 दून एक्सप्रेस डेढ़ घण्टा, 12356 अर्चना एक्सप्रेस सवा दो घण्टे, 18103 टाटानगर-अमृतसर एक्सप्रेस तीन घण्टे, 13005 पंजाब मेल दो घण्टा, 13152 सियाल्दह एक्सप्रेस एक घण्टे सहित कई अन्य ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से लखनऊ पहुंची।

# अधिकारियों ने जानी पीएम गति शक्ति मिशन की बारीकियां

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इन्वेस्ट यूपी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार तथा रिमोट सेंसिंग प्लिकेशन्स सेंटर (आरएसएसी-यूपी) के संयुक्त तत्वाधान में आज आरएसएसी-यूपी परिसर में प्रदेश सरकार के सभी नोडल व तकनीकी अधिकारियों के लिए पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अधिकारियों ने पीएम गति शक्ति एनएमपी की बारीकियां एवं आवश्यकताएं समझीं।

कार्यशाला में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी, अभिषेक प्रकाश, उप महानिदेशक डीपीआईआईटी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, विनोद कुमार वर्मा, उप महानिदेशक पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक




गैस मंत्रालय, डी.के. ओझा और निदेशक आरएसएसी-यूपी डॉ. पी. कुंवर शामिल हुए एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सम्बोधित किया।

आरएसएसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक सुशील चंद्रा ने सत्र की शुरुआत स्वागत भाषण से करते हुए पीएम गतिशक्ति लेयर इंट्रीगेशन पर अपनी प्रेजेंटेशन को प्रतिभागियों के सम्मुख रखा। उनकी प्रेजेंटेशन ने न केवल विषय वस्तु को समग्रता के साथ रखा बल्कि अधिकारियों को कार्यशाला के विषय की बारीकियों से अवगत भी कराया। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास सचिव व इन्वेस्ट-यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश (आईएएस) का प्रेजेंटेशन से कार्यशाला को गति मिली। सत्र में पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के सफल कार्यान्वयन के लिए आवश्यक प्रयासों का सन्दर्भ देते हुए विभाग की प्रगति और प्रमुख अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला की महत्ता समझाते हुए, उन्होने कहा कि पीएम गति शक्ति मिशन अंतर्विभागीय समन्वय और भौतिक सत्यापन में व्यर्थ होने वाले समय को बचाता है जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता आती है। उन्होंने यूपी में पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान के संदर्भ में विस्तार से बताते हुए लेयर इंटीग्रेशन प्रक्रिया की मदद से योजनाओं के बेहतर निष्पादन पर जोर दिया। साथ ही आधुनिक टूल्स के उपयोग के भी निर्देश दिए। उत्तर प्रदेश की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए उन्होने बताया कि अबतक 24 लेयर का एकीकरण एवं सत्यापन हो चुका है तथा अतिरिक्त 55 लेयर पोर्टल पर एकीकृत की गई हैं।

कार्यशाला में अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए , आरएसएसी-यूपी के निदेशक डॉ. पी. कुंवर ने व्यापक सम्बोधन में आरएसएसी-यूपी के महत्व पर प्रकाश डाला और पीएम गति शक्ति मिशन जैसी पहल की सफलता में आरएसएसी के योगदान बताए। इस सत्र ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में रिमोट सेंसिंग की भूमिका को समझने में मदद की। संबोधन में आगे उन्होंने बताया कि आरएसएसी-यूपी, जिसे वर्ष 1982 में शुरू किया गया था, अब सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में मदद कर रहा है।

## कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई मौलाना मोहम्मद अली जौहर की पुण्यतिथि

**लखनऊ।** प्रसिद्ध पत्रकार, शिक्षाविद और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे मौलाना मोहम्मद अली जौहर की पुण्यतिथि गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में मौलाना मोहम्मद अली जौहर के अभूतपूर्व योगदान को याद करते हुए कांग्रेसियों ने मौलाना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि खिलाफत आंदोलन के अग्रणी पंक्ति के नेता मोहम्मद अली जौहर ने आजादी आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। देशवासियों में अपनी कलम से आजादी की अलख जगाने वाले मोहम्मद अली जौहर ने 1911 में प्रसिद्ध समाचार पत्र कामरेड निकाला, जिसके प्रभाव में अंग्रेजी हुकूमत इतना घबराई कि अखबार पर 1914 में प्रतिबंध लगा दिया और मौलाना को 4 साल के लिए जेल भेज दिया।

नये वर्ष एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें, आप सभी क्षेत्र वासियों के अच्छे स्वास्थ की कामना करते हैं




डॉ. एस . कुमार
गैस्ट्रोलीवर एवं डायबिटीज विशेषज्ञ
दिशा क्लीनिक, बी -68 आवास विकास बाँदा

# यूपी जोड़ो यात्रा: नकुल दुबे के नेतृत्व में यात्रा का हुआ स्वागत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में बीती 20 दिसम्बर को सहारनपुर से शुरू हुई यूपी जोड़ो यात्रा शनिवार को लखनऊ के शहीद स्मारक पहुंच कर शहीदों को नमन के बाद राजनीतिक संकल्प के साथ सम्पन्न होगी। गुरुवार को संगठन महासचिव अनिल यादव के नेतृत्व में यात्रा सीतापुर स्थित महाराज छीता पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से शुरू हुई यात्रा विभिन्न स्थानों से होते हुए बख्शी का तालाब पहुंची, जहां पूर्व मंत्री नकुल दुबे के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया। श्री अवस्थी ने बताया कि यात्रा का पड़ाव बख्शी का तालाब में रहेगा और शुक्रवार और शनिवार को लखनऊ में यात्रा तय मार्ग पूरा कर 6 जनवरी को शहीद स्मारक पर शहीदों को नमनकर राजनीतिक संकल्प के साथ सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को यात्रा बख्शी का तालाब से शुरू होकर आईआईएम रोड तिराहा होते हुए मड़ियांव, ताड़ीखाना, हाथी मंदिर, त्रिवेणी नगर, सीतापुर रोड होते हुए खदरा, पक्का पुल, टीले वाली मस्जिद, आसिफी इमामबाड़ा, चौक, अकबरी गेट, नक्खास तिराहा से यहियागंज होते हुए रकाबगंज स्थित आर.के. पैलेस पहुंच कर रात्रि विश्राम करेगी।

# जनरल कासिम सुलेमानी की बरसी पर हुए हमले की मौलाना कल्बे जवाद ने की निंदा

**क्षेत्र में ईरान के बढ़ते प्रभाव और एकध्रुवीय व्यवस्था खत्म होने से दुश्मन खौफजदा**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शहीद जनरल कासिम सुलेमानी की बरसी के मौके पर ईरान के किरमान शहर में हुए आतंकी हमले की मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। मौलाना ने आतंकी हमले में शहीद लोगों के परिजनों, रिश्तेदारों विशेष रूप से आयतुल्लाह सैय्यद अली



खामेनाई और ईरान के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि इंसानियत के दुश्मनों ने उस वक्त आतंकी हमला किया जब किरमान के गुलजारे शोहदा कब्रिस्तान में शहीद कासिम सुलेमानी की बरसी पर हजारों लोग जमा थे। यह आतंकी हमला उन्हीं ताकतों के इशारे पर हुआ जो क्षेत्र में आतंकवाद और युद्ध को बढ़ावा दे रहे हैं। क्षेत्र में ईरान के बढ़ते प्रभाव और एकध्रुवीय व्यवस्था खत्म होने से दुश्मन खौफजदा हैं।

इसीलिए ऐसे कायरतापूर्ण हमलों से खौफ पैदा करना चाहता है। मौलाना ने कहा कि कासिम सुलेमानी को भी बगदाद एयरपोर्ट के बाहर ड्रोन हमले में शहीद किया गया था, क्योंकि दुश्मन मैदान में उनका सामना करने से डरता था। मौलाना ने कहा कि किरमान में हुआ आतंकी हमला निंदनीय और अमानवीय है, जिसकी कड़ी निंदा करते हैं।

आप समस्त एवं जनपद क्षेत्र वासियों को नया वर्ष 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं



बकरीद
प्रधान
ग्राम सभा नवडिह विकासखंड पचपेडवा

नव वर्ष के शुभ अवसर पर जनपद के समस्त सम्मानित नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



राम विष्णु
प्रधान
ग्राम पंचायत नांदे कुआं

नव वर्ष के शुभ अवसर पर जनपद के समस्त सम्मानित नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई



प्रकाश मोहन
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत नांदे कुआं